kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-139 ❒ शनिवार, 21 जून 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



हिंदी से नफरत करना हित में नहीं है। इसलिए पालकों को अपने बच्चों को हिंदी पढ़ाना चाहिए। शरद पवार ने पुणे में आज पत्रकारों से कहा कि हिंदी को जबरदस्ती नहीं पढ़ाया जाना चाहिए।

शरद पवार

दिल्ली स्कूल निर्माण घोटाला: एसीबी के समक्ष पेश हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया 11

देश ने पिछले 11 वर्षों में मजबूत और सशक्त राष्ट्र का स्वरूप लिया : प्रवेश साहिब सिंह 12

### शहाबुद्दीन के गढ़ सीवान में गरजेंगे प्रधानमंत्री मोदी, 5,736 करोड़ की देंगे सौगात

# कांग्रेस-आरजेडी ने की बिहार की दुदर्शा : मोदी

एजेंसी

पटना। बिहार में आगामी अक्टूबर-नवम्बर माह में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने बिहार में 225 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। इस टारगेट को हासिल करने के लिए हर कमजोर कड़ी को ठीक किया जा रहा है। छपरा (सारण) और सीवान का इलाका महागठबंधन का मजबूत क्षेत्र माना जाता है। सीवान में दिवंगत मोहम्मद शहाबुद्दीन का बोलबाला रहा है तो छपरा लालू प्रसाद यादव का संसदीय क्षेत्र रहा है और वह वहां से चुनाव भी जीते हैं। इन दोनों जिलों में कुल 18 विधानसभा सीटें हैं। इसी को देखते हुए आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शहाबुद्दीन के गढ़ सीवान जिले के पचरुखी प्रखंड अन्तर्गत जसौली में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए बिहार की जनता को 5,736 करोड़ की सौगात देंगे। 22 विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। साथ ही 53,666 गरीबों के खाते में पीएम आवास योजना की राशि की पहली किस्त भी देंगे।

इसके साथ ही पाटलिपुत्र-गोरखपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। पटना के मसौढ़ी डीजल लोकोमोटिव फैक्टरी से पहले लोकोमोटिव इंजन को हरी झंडी दिखाकर विदेश भेजेंगे। सीवान में कार्यक्रम स्थल को करीने से सजाया गया है। 60 हजार लोग एक शेड में बैठ सकेंगे। कुल 5 शेड लगाए गए हैं। यानी लगभग 3 लाख लोगों के पहुंचने की संभावना है। सभा स्थल छपरा-सीवान एनएच-531 के किनारे पचरुखी बाइपास जसौली में है।

कार्यक्रम स्थल पर 200 बायो टॉयलेट की व्यवस्था की गई है। मंच सड़क से लगभग 150 मीटर अंदर बनाया गया है।

भाजपा प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री 51 वीं बार बिहार पहुंच रहे



**राहत**

- ❒ बिहार को मिली नयी वंदे भारत एक्सप्रेस नयी रेल लाइन की सौगात
- ❒ सीवान में प्रधानमंत्री मोदी बोले, बिहार की प्रगति में ब्रेक लगाने वालों से सतर्क रहें
- ❒ महाप्रभु के लिए ट्रंप का निमंत्रण ठुकराया: प्रधानमंत्री
- ❒ ओडिशा की भाजपा सरकार के एक साल पूरे, प्रधानमंत्री बोले- ये सुशासन की स्थापना की वर्षगांठ है

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहे बहुत काम, बिहार के विकास में केंद्र सरकार का अहम योगदान : नीतीश कुमार

-राज्य में तय समय पर पूरा हो रहा विकास का काम, प्रधानमंत्री ने दी 5,900 करोड़ रूपये से अधिक की प्रदेश को दी सौगात -आवास, शहरी विकास, जल शक्ति, विद्युत और रेल से जुड़ी 28 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

पटना, 20 जून (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के सीवान जिला के पचरुखी प्रखण्ड अन्तर्गत जसौली खर्ग में 5,900 करोड़ रूपये से अधिक की आवास, शहरी विकास, जल शक्ति, विद्युत और रेल से जुड़ी 28 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार बहुत काम कर रही है। केंद्र की सहायता से बिहार में विकास का काम तय समय में पूरा हो रहा है। राज्य के विकास में केंद्र सरकार का अहम योगदान है।

मुख्यमंत्री नीतीश ने आज जनसभा में कहा कि जुलाई 2024 के बजट में केंद्र सरकार ने बिहार को विशेष आर्थिक सहायता के रूप में सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य,

## विमान दुर्घटना: अब तक 223 मृतकों के डीएनए सैंपल का मिलान, 202 पार्थिव शरीर परिजनों को सौंपे गए

एजेंसी

अहमदाबाद। अहमदाबाद विमान दुर्घटना में 20 जून को सुबह 11:50 बजे तक कुल 223 मृतकों के डीएनए सैंपल मेल खा चुके हैं। इनमें से 220 परिजनों से संपर्क किया गया है, जिनमें से 202 परिवारों को उनके प्रियजनों के पार्थिव शरीर सौंपे जा चुके हैं। सिविल अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने बताया कि सिविल अस्पताल में उपचाराधीन दो (2) घायलों की मृत्यु हो जाने के कारण उनके शव भी परिजनों को सौंपे गए हैं। इस प्रकार कुल 204 शव सिविल अस्पताल से सौंपे गए हैं। डॉ. जोशी ने



बताया कि जिन 223 मृतकों के डीएनए सैंपल मेल खाए हैं, उनमें 168 भारतीय नागरिक, 7 पुर्तगाल, 36 ब्रिटेन, 1 कनाडा और 11 स्थानीय यानी नॉन-पैसेंजर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 15 पार्थिव शरीर को हवाई मार्ग और 189 को सड़क मार्ग से उनके निवास स्थान तक पहुंचाया गया।

डॉ. जोशी ने बताया कि अब तक जो 204 शव सौंपे गए हैं, उनमें से: उदयपुर- 7, वडोदरा- 21, खेड़ा- 11, अहमदाबाद- 58, मेहसाणा- 6, बोटाद- 1, जोधपुर- 1, अरावली- 2, आनंद- 21, भरूच- 7, सूरत- 11, पालनपुर- 1, गांधीनगर- 6, महाराष्ट्र- 2, दीव- 14, जूनागढ़- 1, अमरेली- 2, गिर सोमनाथ- 5, महीसागर- 1, भावनगर- 1, पटना- 1, राजकोट- 3, मुंबई- 9, नडियाद- 1, जामनगर- 2, पाटण- 2, द्वारका- 2, साबरकांठा- 1, नागालैंड- 1, लंदन- 2, मोडासा- 1 को उनके परिजनों तक पहुंचाया गया है।

## अंतरिक्ष मिशन एक्सिओम-4 की लॉन्चिंग टली

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को बताया कि एक्सिओम मिशन-4 (एक्सिओम-4) की प्रस्तावित लॉन्चिंग फिलहाल टाल दी गई है। यह मिशन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना होने वाला था, जिसमें भारत के शुभांशु शुक्ला सहित चार अंतरिक्ष यात्री सवार होने वाले थे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पोस्ट में बताया कि नासा ने फिलहाल 22 जून को निर्धारित संभावित लॉन्च तिथि से ''स्टैंड डाउन'' (वापस हटने) का



❒ भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की उड़ान अब नई तारीख पर

फैसला लिया है। अब मिशन की लॉन्चिंग नई तिथि पर की जाएगी, जिसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी। एक्सिओम-4 मिशन को अंतरिक्ष में भेजने की जिम्मेदारी निजी अमेरिकी कंपनी एक्सिओम- स्पेस की है, जो नासा के सहयोग से वाणिज्यिक अंतरिक्ष

### पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में सड़क हादसा, 9 लोगों की मौत सभी झारखंड के रहने वाले थे

पुरुलिया । पश्चिम बंगाल में पुरुलिया के बलरामपुर थानांतर्गत नामशोल गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए सभी लोग झारखंड के रहने वाले थे। हादसा जमशेदपुर-पुरुलिया नेशनल हाइवे 18 पर हुआ। पुलिस के अनुसार, बलरामपुर की ओर से आ रहे एक ट्रेलर और विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे दोनों वाहन पलट गए। स्थानीय लोगों और बलरामपुर पुलिस ने बोलेरो सवार 9 लोगों को लहूलुहान हालत में निकाला और ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना का शिकार हुए बोलेरो सवार लोग झारखंड के निमड़ी

**संक्षेप**

### छत्तीसगढ़ के कांकेर में मुठभेड़ में महिला नक्सली ढेर

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के थाना छोटेबेठिया कोटरी नदी पार के ग्राम आमाटोला व कलपर के मध्य जंगल पहाड़ी क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया गया। उसका शव बरामद कर लिया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि थाना छोटेबेठिया अंर्तगत ग्राम आमाटोला व कलपर के मध्य जंगल पहाड़ी क्षेत्र में रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। एक महिला नक्सली मारी गई है। विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद जारी की जाएगी। बताया गया है कि क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थित की सूचना पर डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी। उल्लेखनीयहै कि हाल ही में सुकमा जिले के सीमा क्षेत्र में आंध्र प्रदेश के मारडेपल्ली के जंगल में नक्सलियों और ग्रेहाउंड्स फोर्स के बीच मुठभेड़ हुई थी। जवानों ने बड़े नक्सली कैडर सहित 3 नक्सलियो को ढेर कर दिया था। इस मुठभेड़ में नक्सली कमांडर गाजरला उर्फ उदय और गरियाबंद में मारे गए खूंखार नक्सली चलपति की पत्नी वीआरएल चैतन्य उर्फ अरुणा को जवानों ने मार गिराया था।

### डीआरआई ने मुंबई में बरामद की 5 करोड़ की ड्रग, नाइजीरियन महिला समेत दो गिरफ्तार

मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई में एक नाइजीरियन महिला सहित दो तस्करों के पास से ५ करोड़ रुपये कीमत के ड्रग बरामद की है। महिला दिल्ली से मुंबई बस से आ रही थी और डीआरआई ने गुरुवार रात को करीब 50 किलोमीटर तक निगरानी करने के बाद गिरफ्तार किया है। इस मामले में आगे की छानबीन डीआरआई की टीम कर रही है। डीआरआई सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार की गई महिला के बारे में गोपनीय जानकारी मिली थी। यह महिला गुरुवार को दिल्ली से मुंबई के लिए बस से रवाना हुई। मुंबई से करीब 50 किलोमीटर पहले से ही डीआरआई की टीम महिला की निगरानी करने लगी थी। जैसे ही महिला मुंबई पहुंची डीआरआई की टीम ने उसे रोका और उसके सामान की तलाशी ली। अधिकारियों ने खाद्य पैकेट (ओट्स) और जूस टेट्रा पैक बरामद किए, जिनमें क्रिस्टलीय पदार्थ और गोलियां थीं।

## ईरान के समर्थन में उतरा हिजबुज्जा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। इस बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अलग-अलग मौकों पर दावा किया कि उन्हें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई के ठिकाने की बिल्कुल सही जानकारी है। इस बीच इस्राइल ने खुली धमकी दी कि अयातुल्ला खामनेई अब जिंदा नहीं बचेंगे। माना जा रहा है कि इस्राइल ईरान के सुप्रीम लीडर को निशाना बनाकर देश के शासन में बदलाव करना चाहता है। दूसरी तरफ अमेरिका ने भी कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप ईरान को लेकर कोई भी फैसला अगले दो हफ्ते में कर सकते हैं। अगर इस्राइल या अमेरिका आने वाले दिनों में ईरान के सुप्रीम लीडर तक पहुंच जाते हैं या शासन को बदलने की कोशिश में सफल होते हैं तो इसका असर क्या होगा? ईरान में शासन व्यवस्था में क्या बदलाव हो सकता है? इस देश में सर्वोच्च नेता चुने जाने की प्रक्रिया



- ❒ यूएसए-इस्राइल के लिए आसान नहीं ईरान का शासन बदलना
- ❒ खामनेई की गैरमौजूदगी में कौन-कौन होगा सुप्रीम लीडर पद का दावेदार

क्या है और खामनेई की गैरमौजूदगी की स्थिति में उनका उत्तराधिकारी कौन होगा इस्राइल या अमेरिका अगर ईरान के मौजूदा सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामनेई तक पहुंचने या उन्हें निशाना बनाने में सफल हो जाते हैं तो इसकी संभावना काफी कम है कि ईरान में शासन व्यवस्था में कोई बदलाव होगा। इसकी वजह यह है कि 1979 में जब ईरान में क्रांति हुई थी, तब

### हिंदी से नफरत करना ठीक नहीं, जबरदस्ती थोपना भी सही नहीं : शरद पवार

मुंबई। राष्ट्रवादी कंग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को पुणे में कहा कि हिंदी से नफरत करना हित में नहीं है। इसलिए पालकों को अपने बच्चों को हिंदी पढ़ाना चाहिए। शरद पवार ने पुणे में आज पत्रकारों से कहा कि हिंदी को जबरदस्ती नहीं पढ़ाया जाना चाहिए। हिंदी से नफरत करना छात्रों के हित में नहीं है। छात्रों को इस बारे में फैसला लेना चाहिए। वे अपने माता-पिता के मार्गदर्शन के अनुसार फैसला ले सकते हैं। अगर कोई आकर सीखना चाहता है, तो उसे मना करने का कोई कारण नहीं है। इस मामले को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि देश के 55 से 60 फीसदी लोग हिंदी बोलते हैं। सौहार्द बनाए रखने के लिए इस भाषा से नफरत करना सही नहीं है, लेकिन इसे जबरदस्ती थोपना भी सही नहीं है। शरद पवार ने स्थानीय निकाय, जिला परिषद पंचायत समिति चुनावों के बारे में बात करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार अब तीन महीने के अंदर चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। कांग्रेस, शिवसेना, राष्ट्रवादी कंग्रेस पार्टी और किसान मजदूर पार्टी एक

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देहरादून में दृष्टि दिव्यांग बच्चों संग मनाया जन्मदिन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपना जन्मदिन शुक्रवार को राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, देहरादून में बच्चों के साथ मनाकर एक भावुक और प्रेरणादायक मिसाल पेश की। इस मौके पर उन्होंने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए विज्ञान, तकनीक और समावेशिता को ज़रूरी बताया।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि आज का युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। उन्नत प्रौद्योगिकी की मदद से दिव्यांग भी मुख्यधारा में अपना योगदान दे सकते हैं राष्ट्रपति ने कहा कि किसी देश या समाज की प्रगति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उस समाज में लोग दिव्यांग व्यक्तियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। भारत का इतिहास संवेदनशीलता और समावेशिता की प्रेरक घटनाओं से भरा है। हमारी संस्कृति और सभ्यता में मानवीय करुणा और प्रेम के तत्व हमेशा मौजूद रहे



❒ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया राष्ट्रपति निकेतन व तपोवन का उद्घाटन-आज का युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

हैं। उन्होंने कहा कि सुगम्य भारत अभियान एक सुलभ भौतिक वातावरण, परिवहन, सूचना और संचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर जोर देता है, सरकार दिव्यांग सशक्तिकरण और समान भागीदारी के लिए प्रयास कर रही है।

राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन

### उत्तराखंड राजभवन के 125 वर्ष पूर्ण होने पर मुर्मु ने जारी किया विशेष डाक टिकट

देहरादून । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति निकेतनए देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में उत्तराखंड के ऐतिहासिक राजभवन नैनीताल के 125 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष डाक टिकट जारी किया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेनिद्ध गुरमीत सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्रपति का इस ऐतिहासिक धरोहर को राष्ट्रीय स्मृति में स्थान दिलाने के लिए आभार प्रकट किया। उल्लेखनीय है कि राजभवन नैनीताल का यह भवन ब्रिटिश काल की अद्भुत गोथिक स्थापत्य शैली का उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है। राजभवन की भव्य वास्तुकलाए भू.संरचना तथा इसके आसपास का प्राकृतिक सौंदर्य इस धरोहर स्थल को विशिष्ट बनाते हैं। इस अवसर पर

### मुख्यमंत्री योगी ने किया गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

# डी कम्पनी के साथ साठगांठ करने वाले लोग आज ईमानदारी का ढोंग कर रहे: योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

आजमगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 7283 करोड़ की लागत से बने 91 किलोमीटर लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दल समाजवादी पर तंज कसते हुए कहा कि आजमगढ़ सपा को जिताता रहा, इस जिले के लिए किया कुछ नहीं। आज उत्तर प्रदेश राज्य एक्सप्रेस वे प्रदेश बन रहा है।

लोकार्पण के बाद जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस आजमगढ़ ने सांसद से लेकर मुख्यमंत्री तक दिया लेकिन वे न विश्वविद्यालय बना पाए न एक्सप्रेस वे बना पाए। हमने गैर सैफईवासी दिनेश लाल यादव निरहुआ को सांसद बनाया। वर्ष 2016 में उन लोग 110 मीटर चौड़ा एक्सप्रेस वे बनाने के टेंडर जारी कर दिया था। एक्सप्रेसवे निर्माण



में डकैती डालने वाले आज ईमानदारी का ढोंग दिख रहे हैं। वे मुम्बई की डी कम्पनी के साथ पार्टनरशिप करते थे। अंडरवर्ल्ड के साथ साठगांठ करते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 वर्ष पर पहले उत्तर प्रदेश के युवा और नागरिकों के सामने पहचान का संकट था। पूर्व की सरकारों ने आजमगढ़ के लिए पहचान का संकट पैदा कर दिया था। आज आजमगढ़ अदम्य साहस का गढ़ बन गया है। प्रगति होगी तो समृद्धि होगी। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से इस आजमगढ़ मऊ के लोग सुबह लखनऊ जाकर काम निपटा कर वापस आ जाते हैं।

योगी ने कहा कि वर्ष 2017 में जब हम आये तो उत्तर प्रदेश में डेढ़ एक्सप्रेसवे थे। अब पटना से लेकर लखनऊ से दिल्ली की कनेक्टिविटी बन कर तैयार हो रही है। दिल्ली मेरठ के बीच 12 लेन का एक्सप्रेस वे पहले बन चुका है। 45 मिनट में दिल्ली से मेरठ तक आवागमन होता है। मेरठ से

### इंफ्रास्ट्रक्चर की गति बढ़ेगी तो आएगी समृद्धि : योगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (ढांचागत विकास) की गति बढ़ेगी तो प्रगति भी तेजी से होगी। प्रगति तेज होने पर समृद्धि अपने आप आएगी। समग्र विकास के लिए आवश्यक है कि उसके अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर का तेज गति से विकास किया जाए। सीएम योगी शुक्रवार को रोड इंफ्रास्ट्रक्चर का उत्कृष्ट उपहार देने के सिलसिले को जारी रखते हुए 7283.28 करोड़ रुपये की लागत से बने 91.35 किमी लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के अवसर पर भगवानपुर टोल प्लाजा पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के विकसित देशों का विकास उनके बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर की ही देन है। 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दिया गया, उसका ही परिणाम है कि यूपी अब बीमारू राज्य की बदनामी से उबरकर इमर्जिंग स्टेट के रूप में पहचाना जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश की दशा का उल्लेख करते हुए कहा कि तब उत्तर प्रदेश में विकास की बात तो दूर थी, यहां बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव था। गरीब कल्याण की योजनाओं का लाभ पात्रों

## गरीबों को उत्तम स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना केंद्र सरकार की प्राथमिकता: शाह

एजेंसी

बेंगलुरु। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को श्री आदिचुंचनगिरी महासंस्थान मठ में बीजीएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भवन का उद्घाटन किया। यह सुपरस्पेशलिटी अस्पताल 1000 बिस्तरों वाला है और यहां लोगों को गंभीर बीमारियों का भी निःशुल्क इलाज मिल सकेगा। अमित शाह ने अस्पताल प्रबंधन के इस पहल की सराहना की है। बीजीएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भवन का उद्घाटन समारोह में बोलते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह अत्यंत सराहनीय है कि यह अस्पताल गरीबों को मुफ्त और कम लागत पर इलाज उपलब्ध करा रहा है। यही मानवता का सच्चा रूप है।

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भी गरीबों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाएं लागू की हैं। आयुष्मान भारत योजना भी एक महत्वाकांक्षी योजना



है, जो गरीब परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान करती है। इसके तहत अब तक 7 करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि मिशन इन्द्रधनुष नामक योजना, जो 15 वर्ष तक के बच्चों को आवश्यक टीके उपलब्ध कराती है, उसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक टीकाकरण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की प्रमुख 'स्वच्छ भारत' योजना के तहत 12 करोड़ घरों में शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे स्वास्थ्य और स्वच्छता में क्रांतिकारी बदलाव आया है। गृह मंत्री ने कहा कि देश

# अर्जुनगंज सरसंवा सर्वहित व्यापार मंडल के गठन की हुई बैठक

## समस्याओं के समाधान के लिए व्यापारी हुए एकजुट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अर्जुनगंज सरसंवा सर्वहित व्यापार मंडल हुई गठित अर्जुनगंज में व्यापारियों की एक बैठक सर्वहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव की उपस्थिति में कमला टावर नियर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में हुई ,जिसमे व्यापारियों ने अर्जुनगंज में दुकानों के सामने जलभराव, बिजली कटौती और सड़क निर्माण की वजह से आ रही समस्याओं के निस्तारण के लिए अर्जुनगंज सरसंवा सर्वहित व्यापार मंडल का गठन किया गया , जिसमे सर्वसम्मति से प्रीतम मिश्रा को अध्यक्ष , मंसूर अहमद को वरिष्ठ महामंत्री , रणवीर यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष , राजेश गुप्ता , गौरव अग्रवाल को महामंत्री , वीरेन्द्र यादव और राजकुमार यादव को उपाध्यक्ष , सुनील अग्रवाल , अंशुल निगम , योगेश यादव और प्रशांत गुप्ता को सचिव, रतन लाल खंडेलवाल को कोषाध्यक्ष , आदर्श यादव और शैलेन्द्र सिंह चौहान को मीडिया प्रभारी, हिमांशु गुप्ता , पीयूष पांडे और गौरव अग्रवाल को सलाहकार और सिकंदर पाल जी को संरक्षक मनोनीत किया गया मनोनीत पधाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनसे वादा लिया कि वे सभी व्यापारियों की हर समस्या के निस्तारण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। नगर अध्यक्ष अजय सोनी ने बताया कि जल्दी शपथ ग्रहण समारोह कराया जाएगा, तथा कल से ही वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर अर्जुनगंज सरसावा व्यापारिक क्षेत्र में हो रही दिक्कतों को उनके प्रस्तुत रखकर उसका समाधान करवाया जाएगा ।बैठक में अजय वर्मा, रिंकू यादव, आशीष जयसवाल, पुनीत मिश्रा , अनिल दिक्षित, पवन वर्मा, अखिलेश यादव, वैभव मिश्रा , मंसूर अहमद , चन्दन कुकरेजा, राजेश कुमार कौसल, योगेश यादव, सुबोध पाण्डेय , इमरान खान, मोहम्मद उस्मान, विष्णु यादव, पुनीत बब्लू पाण्डेय, गौरव यादव, मुजीब , रणविजय सिंह , अनिल सिंह, मणींद्र नाथ दूबे, मो0 दिलशाद, श्यामू सक्सेना, सौरभ गुप्ता, अश्विनी मिश्रा, विराट सिंह, राहुल यादव, राजेश पाल, सनी सिंह , विनोद सिंह,, लाला, सहित भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# शमील एखलाक महामंत्री, सुखदेव यादव उपाध्यक्ष चुने गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम कर्मचारी संघ, लखनऊ की कार्यकारिणी समिति की आवश्यक बैठक शुक्रवार को 60, संघ कार्यालय, द्वितीय तल, लालबाग, नगर निगम, लखनऊ में आयोजित की गई। यह बैठक स्वर्गीय राम अचल, पूर्व महामंत्री की 31 मई 2025 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु के उपरांत रिक्त महामंत्री पद के लिए चुनाव हेतु संघ अध्यक्ष आनंद वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों और पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से शमील एखलाक, उपाध्यक्ष को नए महामंत्री के रूप में चुना। शमील एखलाक के नाम पर सभी ने एक स्वर में सहमति जताई, और अध्यक्ष आनंद वर्मा ने उनके नाम की घोषणा की। संरक्षक रामचंदर यादव, अध्यक्ष आनंद वर्मा और अन्य सदस्यों ने शमील एखलाक को माला पहनाकर बधाई दी। शमील एखलाक के महामंत्री बनने से रिक्त हुए उपाध्यक्ष पद के लिए संगठन मंत्री अर्जुन यादव ने सुखदेव यादव के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया।

अध्यक्ष आनंद वर्मा ने सुखदेव यादव को उपाध्यक्ष घोषित किया और उन्हें भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित महामंत्री शमील एखलाक और उपाध्यक्ष सुखदेव यादव ने उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कर्मचारी और संस्था के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा, ''आपके विश्वास को हम हमेशा बनाए रखेंगे और कर्मचारी हित में कार्य करते रहेंगे।''बॉक्स- (कर्मचारियों की समस्याओं पर होगी चर्चा)नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने घोषणा की कि कल 21 जून 2025 को दोपहर 1 बजे, 60, संघ कार्यालय, द्वितीय तल, लालबाग, नगर निगम, लखनऊ में कर्मचारियों की लंबित मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए एक बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में कर्मचारियों को अपनी समस्याएं और मांगें प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। संघ ने कर्मचारियों की लंबित मांगों के निराकरण के लिए प्रतिबद्धता जताई है।बैठक में कर्मचारियों से अपील की गई कि वे अपनी समस्याओं को लेकर निर्धारित समय और स्थान पर उपस्थित हों ताकि उनका समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## बारिश में तालाब बन गया कोरांव के रत्योरा मोड़ की सड़क



कोरांव, प्रयागराज। रत्योरा मोड़ से कोरांव संपर्क मार्ग पर बारिश के बाद जल जमाव की समस्या हो रही है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। सड़क की खराब स्थिति और पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण यह समस्या और भी बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग से पानी निकासी और अतिक्रमण हटाने की मांग की है, साथ ही सड़क की मरम्मत और साफ-सफाई की भी मांग की है।

## घर निर्माण को लेकर कहासुनी, महिला से मारपीट पाँच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

निगोहां, लखनऊ। थाना क्षेत्र के शेरपुर लवल गांव में छत पर निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गया। आरोप है कि एक महिला को घर की छत पर निर्माण कार्य कराना भारी पड़ गया। विरोध करने आए विपक्षी पक्ष के लोगों ने महिला को गाली-गलौज करते हुए थप्पड़, लात-घूंसे से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर निगोहां पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता रेनू सिंह पत्नी स्व. रामकृष्ण सिंह, निवासी शेरपुर लवल, निगोहां, अपने मकान की छत पर निर्माण कार्य करवा रही थीं। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोगों हरिओम सिंह, कल्लू सिंह अनुज सिंह, शैल सिंह व रोशनी ने निर्माण कार्य को रुकवा दिया। जब वादिनी ने विरोध किया और इसका कारण पूछा, तो विपक्षी पक्ष ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार, उसे थप्पड़ और लात-घूंसे से मारा गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। यह घटना बीते बुधवार को घटित हुई थी पीड़िता ने दूसरे दिन सुबह निगोहां। थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।थाना प्रभारी ने बताया कि दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी और पीड़िता को आवश्यक सुरक्षा व सहायता प्रदान की जा रही है।

## थाना ठाकुरगंज के सिपाही ने महिला को खून देकर बचाई जान



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । ठाकुरगंज क्षेत्र के अंतर्गत एक अनजान महिला की जान बचाने के खातिर एक सिपाही आगे आया। आपको बता दें कि न जान न पहचान फिर भी सिपाही ने अपना रक्तदान कर महिला की जान बचाई । थाना ठाकुरगंज के अन्तर्गत सेक्टर आई बसन्तकुंज की रहने वाली रहनुमा की पिछले कुछ दिन से तबियत ख़राब थी डॉक्टर ने जब टेस्ट करवाया तो उसका प्लेटलेट मात्र 2000 बचा था । जिसको तत्काल खून की ज़रुरत थी डॉक्टरो ने कहा जल्दी से खून की व्यवस्था करो नहीं तो बचना मुश्किल हो जाएगा। वहीं इस मामले की जानकारी डॉक्टर शादाब ने सोशल मीडिया पर डालकर मदद की गुहार लगाई। जैसे ही इस बात की जानकारी थाना ठाकुरगंज के अन्तर्गत पुलिस चौकी प्रेरणा स्थल में तैनात आरक्षी अमन कुमार को हुई तत्काल अस्पताल पहुंचे और खून देकर महिला की जान बचाई। अब चारों तरफ़ सिपाही अमन कुमार की उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा हो रही है।

## मस्ती पुर स्थित आइस्क्रीम फैक्ट्री में करंट की चपेट आने से किशोर की मौत

निगोहां , लखनऊ । निगोहां के मस्तीपुर गांव में आइसक्रीम फैक्ट्री में काम कर रहे पिता को बुलाने गए एक किशोर की आइसक्रीम ट्राली में करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। शुक्रवार सुबह परिजनों की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भावाखेड़ा निवासी शिवपाल के अनुसार वह पिछले 6 वर्षों से मस्तीपुर स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री में काम करता है।जहां उसका बेटा शिवांश (15) भी कभी कभार फैक्ट्री में आ जाता था इसी तरह गुरुवार रात बारिश होने के दौरान वह बरसात में भीगते हुए उसे बुलाने आया था और फिर आइसक्रीम फैक्ट्री में चार्जिग पर लगी आइसक्रीम ट्राली की चपेट में आ गया, उसे तड़पते देख अन्य कर्मचारियों ने दौड़ कर करंट से छुड़ाया और फैक्ट्री मालिक के साथ निजी अस्पताल लेकर गए। जहां पर इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गई और शव लेकर घर चले आए। शुक्रवार सुबह मोहनलालगंज पुलिस को सूचना दी वहीं मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपनी दो बहनों में

# प्रधान ने अपने नजदीकियों को बांटे लाखों, जिम्मेदार बेखबर

## कार्यवाही करेगा कौन वित्तीय धनराशि में भ्रष्टाचार , जमकर हुआ बंदरबांट, विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत मधवापुर का मामला




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । ग्राम पंचायतो में चल रहे विकास कार्यों की आड़ में एक बड़ा वित्तीय धनराशि को चूना लगाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम प्रधान द्वारा नियमों को ताक पर रखकर अपने नजदीकी रिश्तेदारों और परिचितों के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान किया गया। यह राशि मनरेगा, पंचायत निधि और अन्य विकास योजनाओं के नाम पर निकाली गई।स्थानीय लोगों का आरोप है कि जो कभी काम पर आए ही नही उनके नाम पर भुगतान कर दिया गया। हैरानी की बात यह है कि न तो ब्लॉक स्तर के अधिकारी और न ही लेखाकार इस पर कोई ध्यान दे रहे हैं। सभी जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं। मामला विकास खण्ड की ग्राम पंचायत मधवापुर का है जहाँ ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय में रंगाई , पुताई , खिड़की , पल्ला मरम्मत के नाम पर 01 मई 2024 को लगभग 560750 रुपयों का भुगतान कराया गया यही नही पुनः इसी मद में दिनांक 22 मई 2024 करीब 19800 रुपयों का भुगतान कराया गया। ग्रामीणों का कहना है की जिसमे काफी भारी अनिमिताये बर्ती गयी है, और जो पेमेंट निकाला गया है उसमें जमकर बंदरबांट किया गया है। जिसकी ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों द्वारा जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

# पीएम मोदी के गोद लिए गांव जयापुर में प्राइमरी स्कूल में चल रहा डाकखाना : संजय सिंह

## आप सांसद ने कहा, यूपी में आगामी जिला पंचायत चुनाव मजबूती से लड़ेगी आप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। उत्तर प्रदेश में बदतर होती शिक्षा और जर्जर होती स्वास्थ्य व्यवस्था पर आप यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह ने योगी आदित्यनाथ सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य योगी सरकार की प्राथमिकताओं में नहीं है। वहीं, पीएम मोदी के 2014 में गोद लिए प्राइमरी स्कूल में डाकखाना चलाया जा रहा है। सर्किट हाउस में आयोजित एक प्रेस वार्ता में आप सांसद संजय सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि शुक्रवार को काशी प्रांत का कार्यकर्ता सम्मेलन और कल शनिवार को काशी प्रांत के ही कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी का एक संकल्प शिविर ( प्रशिक्षण शिविर) आयोजित किया जा रहा है। इन दोनों ही कार्यक्रमों के पीछे आम आदमी पार्टी के संगठन विस्तार का उद्देश्य है, आम आदमी पार्टी घर-घर संपर्क अभियान चलाएगी। गांव में, बूथ में, ब्लॉक में, विधानसभाओं में कमेटियां बनाकर संगठन का विस्तार करेगी। सांसद संजय सिंह ने कहा कि हमारा पहला उद्देश्य आगामी जिला पंचायत के चुनाव में हिस्सा लेना है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत और ब्लॉक प्रमुख के चुनाव सीधे जनता से करने के प्रदेश सरकार के निर्णय पर सीएम योगी अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति दिखाएं क्योंकि इन दोनों ही चुनाव में बहुत बड़े स्तर पर खरीद फरोख्त और भ्रष्टाचार होता है। उन्होंने कहा कि आगामी जिला पंचायत चुनाव में आम आदमी पार्टी अकेले अपने समर्थित उम्मीदवारों को उतारेगी। प्रदेश की बदतर होती स्वास्थ्य व्यवस्था पर योगी सरकार को घेरते हुए सांसद संजय सिंह ने कहा कि ललितपुर की सीएचसी में वंश गोपाल गुप्ता नाम का एक डॉक्टर दारू पीकर और चड्डी बनियान पहनकर बैठा हुआ है और वहां इलाज के लिए आए होमगार्ड की इलाज के अभाव में मौत हो जाती है, लेकिन डॉक्टर इलाज के लिए नहीं उठाता है। बदायूं में वेंटिलेटर न चलने की वजह से 35 से 40 बच्चे हर महीने मार रहे हैं कारण है कि पिछले 3 साल से वेंटीलेटर चलाने के लिए कर्मचारी की नियुक्ति हॉस्पिटल नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 4 साल से मेरे जिले सुल्तानपुर में कागज पर एक्सरे प्रिंट करके दिया जा रहा है, यह हालत उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की है, और आज प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में मैं आया हूं। जहां राजा तालाब के इलाके में जिस जयापुर गांव को प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में गोद लिया था, वहां प्राइमरी स्कूल में डाकघर चलाया जा रहा है।

# बाल श्रम से संबंधित लंबित मामलों को अति शीघ्र कराएं निस्तारण: डॉ.संजय कुमार लाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । बाल श्रम उन्मूलन समिति की शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2025–26 में जो भी चिन्हित 36 मामले को उपजिलाधिकारी हंडिया से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करके अति शीघ्र निस्तारण करें और बिचौलियों और दलालों को दूर किया जाय। यह बात सहायक श्रमायुक्त प्रयागराज डॉ.संजय कुमार लाल ने जनपद स्तरीय टास्क फोर्स तथा श्रम बंधुओं से कहा।श्रम जिला स्तरीय सतर्कता समिति एवं जनपद स्तरीय श्रम बंधु की बैठक मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा की मौजूदगी विकास भवन के कॉन्फ्रेंस हाल में आयोजित की गयी। अध्यक्ष की अनुमति से सहायक श्रमायुक्त प्रयागराज डॉ. संजय कुमार लाल ने सभी अधिकारियों एवं उक्त तीनों समितियों के सदस्यों तथा सेवायोजक प्रतिनिधियों व श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ एजेण्डा वार बैठक की गयी। सहायक श्रमायुक्त प्रयागराज ने विस्तार से बाल श्रम, बन्धुआ श्रम एवं श्रम बन्धु से सम्बन्धित कार्य प्रणालियों के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गयी।सहायक श्रमायुक्त प्रयागराज ने निर्देशित किया कि बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 यथा संसोधित 2016 के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जो भी निरीक्षण एवं चिन्हांकन की कार्यवाही की गयी है। उसमें और तेजी लायी जाय, व्यक्तिगत रूचि लेते हुए अभियान चलाकर गैर खतरनाक एवं विशेष रूप से खतरनाक प्रक्रिया में ही निरीक्षण एवं चिन्हांकन की कार्यवाही करते हुए उससे संबंधित अनुवर्ती कार्यवाही भी अपनाई जाय।इसी प्रकार अध्यक्ष ने जनपद स्तरीय श्रम बन्धु के बैठक में सभी कार्यदायी संस्थाओं एवं विभागों को निर्देशित किया कि वह प्राप्त सेस की ऑनलाइन फीडिंग करने के लिए अपने-अपने विभागों में कार्यरत लेखाकारों को करें। अध्यक्ष ने कहा कि सेस अवश्य जमा करायें, जिससे कल्याणकारी योजनाओं से श्रमिकों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाए तथा योजनाओं के लाभ वितरण में पारदर्शिता बरती जाए एवं बिचौलियों को दूर रखा जाय।बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, परियोजना अधिकारी, डूडा, मुख्य कोषाधिकारी, अधिषासी अभियन्ता, सिचांई विभाग, लोक निर्माण विभाग के समस्त खण्डों से अधिशाषी अभियन्ता, अधिशासी अभियंता जल निगम, मुख्य अभियन्ता प्रयागराज विकास प्राधिकरण, महाप्रबन्धक जल संस्थान, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उपायुक्त उद्योग, प्रबन्धक अग्रणी बैंक, बैंक आफ बड़ौदा, जिला प्रोबेशन अधिकारी, एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकींग यूनिट (इक्क्ष्ठ) के प्रभारी एवं समाजसेवी संगठनों से डा. विनय प्रकाश यादव, सुजीत कुमार, डा. ज्योत्सना त्रिपाठी, शिवम मिश्रा, मयंक सैनी, श्रम विभाग के कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

## करंट से महिला की हुई मौत

सरोजनीनगर,लखनऊ। थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार को दोपहर चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट द्वारा बनाई गई तारों की बैरिकेडिंग के छूने से एक महिला नसीरान पुत्री मुन्ना निवासी चिल्लांवा की दर्दनाक मौत हो गई। आसपास के लोगों ने बताया कि एयरपोर्ट ऑथोरिटी द्वारा बनाई गई तारों की बाउंड्री से छूते ही महिला की करेंट लगकर मौत हो गई, उस समय महिला बकरी चरा रही थी, तभी जब उसने तारों से बनी बेरीकेटिंग को छुआ तभी करंट लगकर मौत हो गई, आनन फानन स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सरोजनीनगर पुलिस ने बताया कि मृतक महिला का नाम नसीरन पुत्री मुन्ना निवासी चिल्लांवा सरोजनीनगर उम्र 35 वर्ष की है। सूचना मिलते स्थानीय पुलिस पहुंची और मौके की जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

# भारतीय आदर्श व्यापार मंडल ने उ. प्र. सरकार को सौंपा मांग पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय आदर्श व्यापार मंडल, गाजीपुर सहित पूर्वांचल क्षेत्र का एक सक्रिय व्यापारी संगठन, ने उत्तर प्रदेश सरकार को व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए एक मांग पत्र सौंपा है। व्यापारी कल्याण बोर्ड के माध्यम से यह पत्र विभिन्न विभागों को भेजा गया है, जिसमें वाणिज्य कर, नगर विकास, राजस्व, और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभागों के लिए सुझाव शामिल हैं। संगठन ने व्यापारियों के हित में सरल नीतियों और बेहतर सुविधाओं की मांग की है। मंडल ने सुझाव दिया कि 1.5 करोड़ रुपये तक के वार्षिक टर्नओवर वाले व्यापारियों के लिए सरल जीएसटी फॉर्म लागू किया जाए और प्रत्येक जिले में जीएसटी सहायता केंद्र स्थापित हों। साथ ही, छोटे दुकानदारों व ठेले-पटरी व्यापारियों के लिए लाइसेंस और नियमितीकरण नीति लाने की मांग की गई है। बाजारों में व्यवस्थित पार्किंग और शौचालय सुविधाएं सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।राजस्व विभाग से मांग की गई है कि बाजार स्थलों की सरकारी भूमि न्यूनतम दर पर लीज पर दी जाए और व्यापारी संकुलों के लिए जमीन आवंटन की प्रक्रिया सरल हो। एमएसएमई विभाग के तहत थोक और फुटकर व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन का अधिकार मिले, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें। मंडल स्तर पर उद्योग-व्यापार सहायता शिविर, स्वैच्छिक श्रमिक रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन सुविधा, और कर्मचारियों के लिए राज्य बीमा योजना में व्यापारी अंशदान की व्यवस्था की मांग भी शामिल है। सुरक्षा के लिए बाजार क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त और व्यापारी-पुलिस संवाद समिति के गठन का प्रस्ताव रखा गया है। व्यापारियों व उनके बच्चों के लिए ई-कॉमर्स, डिजिटल पेमेंट, और अकाउंटिंग प्रशिक्षण की व्यवस्था, साथ ही व्यवसायिक शिक्षा संस्थानों में व्यापारिक पाठ्यक्रम जोड़ने की मांग की गई है।आगजनी, बाढ़ जैसी आपदाओं में व्यापारी परिसंपत्तियों के नुकसान के लिए बीमा और आपदा राहत नीति बनाने, जिला प्रशासन की आपदा प्रबंधन योजनाओं में व्यापार मंडल को भागीदार बनाने, सरल ऋण सुविधा, गुणवत्तापूर्ण व्यवसायिक मार्गदर्शन, और व्यापार विस्तार के लिए राज्य स्तरीय उद्यमिता पोर्टल को मजबूत करने की अपील भी पत्र में शामिल है।संगठन ने कहा, ''ये सुझाव व्यापारी समाज के हित में हैं। हम उम्मीद करते हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार शीघ्र कार्रवाई करेगी।'' सरकार के व्यापारी हित के प्रयासों की सराहना करते हुए, मंडल ने व्यापारी समाज की भावनाओं को सरकार तक पहुंचाने के लिए संपर्क की अपील की है। यह मांग पत्र व्यापारियों की जटिल जीएसटी प्रक्रियाओं, बुनियादी सुविधाओं की कमी, और आपदा प्रबंधन जैसे मुद्दों को संबोधित करता है। व्यापारी समुदाय को उम्मीद है कि सरकार इन सुझावों पर गंभीरता से विचार करेगी, जिससे गाजीपुर, पूर्वांचल, और पूरे प्रदेश में व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

# 240 करोड़ का अनुसंधान केंद्र और वैश्विक कंपनियां सरोजनीनगर को बना रहीं टेक हब : डॉ. राजेश्वर सिंह

## लखनऊ में डिजिटल युग की शुरआत एआई सिटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ङ्ग (पूर्व में ट्विटर) पर एक विस्तृत और दूरदर्शी वक्तव्य साझा किया, जिसमें उन्होंने लखनऊ को एक प्रमुख डिजिटल और टेक्नोलॉजी हब के रूप में विकसित करने की अपनी स्पष्ट और साहसी दृष्टि प्रस्तुत की। डॉ. सिंह के अनुसार, जो लखनऊ कभी सांस्कृतिक राजधानी था, वह अब भारत की सबसे बहुप्रतीक्षित तकनीकी पहचान में बदल रहा है। शहर की पहचान अब परंपरा से परिवर्तन की ओर, विरासत से हाई-टेक की ओर अग्रसर हो रही है।डॉ. सिंह ने बताया कि भारत का पहला ''आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी'' लखनऊ में 70 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है, यह एक अत्याधुनिक परिसर होगा, जिसमें एआई (इक्र), मशीन लर्निंग, और डाटा एनालिटिक्स में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनियां, स्टार्टअप्स और अनुसंधान संस्थान स्थापित होंगे। उन्होंने इसे एक ''कल्पना से निकल कर डिजिटल वास्तविकता में बदलता सपना'' बताया। डॉ. सिंह ने इस परियोजना को ''उत्तर प्रदेश की डिजिटल महत्वाकांक्षा का एक केंद्रीय स्तंभ'' बताते हुए इसकी प्रगति को शीघ्रता से सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।अपने विधानसभा क्षेत्र पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. राजेश्वर सिंह ने गर्व से बताया कि सरोजिनी नगर अब एक राष्ट्रीय स्तर का टेक्नोलॉजी और रक्षा हब बन रहा है। उन्होंने उन महत्वपूर्ण परियोजनाओं की सूची साझा की, जो इस क्षेत्र को बदल रही हैं: भारत का सबसे बड़ा एरोसिटी (1,500 एकड़), एआई सिटी (भारत की पहली), इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेजेज यूनिवर्सिटी, स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ विश्वविद्यालय का तीसरा परिसर ऽ कृषि संकाय, आईटीआई नीवा, एनसीडीसी प्रशिक्षण केंद्र, नेवल शौर्य म्यूजियम, ब्रह्मोस उत्पादन इकाई और डीआरडीओ प्रयोगशालाएं, यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से एकीकरण। डॉ. सिंह ने कहा, ञ्जयह केवल विकास नहीं है, यह सरोजिनी नगर को भारत के वैज्ञानिक, तकनीकी और सुरक्षा नक्शे पर रणनीतिक रूप से स्थापित करने की प्रक्रिया है।

# 69 हजार शिक्षक भर्ती : आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने अखिलेश यादव से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। 69 हजार शिक्षक भर्ती के अंतर्गत नियुक्ति की मांग कर रहे आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से उनके कार्यालय में मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा।

अभ्यर्थियों ने बताया की 69 हजार शिक्षक भर्ती में व्यापक स्तर पर आरक्षण नियमों की अनदेखी की गई। जिसकी वजह से दलित पिछड़े समाज के हजारों अभ्यर्थी नौकरी पाने से वंचित हो गये। अभ्यर्थियों ने कहा की भर्ती का यह विवादित मामला हाईकोर्ट में गया था। वहां से आरक्षित (पिछड़ा दलित) वर्ग के अभ्यर्थियों को जीत मिली है, लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट चला गया। जिसकी सुनवाई 21 जुलाई को होनी है। अभ्यर्थियों ने उनसे निवेदन किया की आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हितों को देखते हुए इस प्रकरण पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर निस्तारण कराए जाने का आग्रह करें। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अभ्यर्थियों की बात सुनने के बाद उन्होंने उक्त प्रकरण पर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर निस्तारण कराए जाने का आग्रह करने का आश्वासन अभ्यर्थियों को दिया है।



यह जानकारी अभ्यर्थियों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद दी। अमरेंद्र पटेल ने बताया कि 69 हजार शिक्षक भर्ती का आयोजन 2018 में किया गया था। उनका आरोप है कि ओबीसी को मिलने वाला 27 प्रतिशत और एससी वर्ग को मिलने वाला 21 प्रतिशत आरक्षण इस भर्ती में नहीं दिया गया। जब इसकी जांच हुई तो राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गठित कमेटी की जांच रिपोर्ट और हाईकोर्ट का ऑर्डर सभी उनके पक्ष में है। लेकिन फिर भी आरक्षित वर्ग के साथ अन्याय किया जा रहा और हमें हमारे पदों पर नियुक्ति नहीं दी गई। अब मामला सुप्रीम कोर्ट में है। अभ्यर्थियों की मांग है कि होने वाली अगली सुनवाई पर सरकार अपना पक्ष रखे। जिससे यह मामला जल्द निस्तारित हो सके।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सभी सर्वोदय विद्यालयों में मनाया जाएगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष की थीम ह्ययोगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थह्न है, जो खुद के साथ पूरे समाज को स्वस्थ रखने की वैश्विक भावना को दर्शाती है। विभाग की ओर जोरी विज्ञप्ति में बताया गया कि इस अवसर पर सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सहभागिता से सामूहिक योगाभ्यास सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें योग शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्राणायाम एवं विभिन्न योगासन करवाए जाएंगे। इसके साथ ही योग के लाभ और जीवन में इसकी महत्ता पर भी जागरूक किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को तनाव कम करने और एकाग्रता बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। समाज कल्याण विभाग का यह प्रयास है कि समाज के वंचित वर्गों के बच्चों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, बल्कि वे स्वस्थ और अनुशासित भी बनें। योग दिवस इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। गौरतलब है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश भर में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र-छात्राओं के लिए कक्षा 6 से 12 तक आवासीय सुविधा से युक्त 100 सर्वोदय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ-साथ जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।



# जुमे की नमाज के बाद ईरान के समर्थन में नारेबाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ में बड़ा इमामबाड़ा के आसिफी मस्जिद के मुख्य द्वार पर जुमे की नमाज के बाद लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर ईरान के समर्थन में नारेबाजी की। लोगों ने ईरान पर हमला करने वाले देश इजराइल और उसके समर्थक अमेरिका के विरोध में भी नारेबाजी की।

इस प्रदर्शन का नेतृत्व शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद कर रहे थे। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद अपने हाथों में भी तख्ती लेकर ईरान के समर्थन में खड़े दिखाई दिए। इस दौरान मौलाना जव्वाद ने कहा कि अगर हमारे सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली ख़ामेनेई का एक बाल भी बांका हुआ तो हम खामोश नहीं बैठेंगे।

ईरान के समर्थन में मौलाना ने कहा कि ईरान दुश्मन देश नहीं है, भारत के लिए ईरान शांति चाहने वाला मुल्क है। भारत को असल खतरा पाकिस्तान से है, जिसके पास एटॉमिक पावर भी है। भारत के विरुद्ध पाकिस्तान ने सदैव चालें चली है। उन्होंने आगे कहा कि ईरान पर इजराइल के हमले में अमेरिका भी भागीदार है। हम अमेरिका को भारत की सरजमीं पर घुसने नहीं देंगे, उसके विरुद्ध देश भर में विरोध करेंगे। अमेरिका और इजराइल दोनों देश मिलकर ईरान के खिलाफ झूठा प्रोपेगेंडा रच रहे हैं। दोनों एक साथ हमले के लिए माहौल बना रहे हैं।




# घरेलू सेवाओं में युवाओं को दक्ष बनाएगा 'हुनर हाथ' प्रोजेक्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एक और नवाचारी पहल करते हुए युवाओं को घरेलू सेवाओं के क्षेत्र में प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा जल्द ही 'हुनर हाथ' पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत पांच जिलों में की जाएगी, जिसका उद्देश्य कौशल के साथ रोजगार और समाज को विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराना है। 'हुनर हाथ' योजना के अंतर्गत चयनित युवाओं को खाना बनाना, घर की सफाई, देखभाल, घरेलू उपकरणों का रखरखाव जैसी सेवाओं में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण आवासीय एवं अनावासीय दोनों रूपों में होगा। इसके अंतर्गत सरकारी एवं निजी प्रशिक्षण संस्थानों की साझेदारी से योजना को क्रियान्वित किया जाएगा। युवाओं को एक डिजिटल पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जहां से आम नागरिक उनकी सेवाएं ले सकेंगे। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम के समक्ष अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह द्वारा इस महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से प्रस्तुति दी गई। प्रिया सिंह ने बताया कि 'हुनर हाथ' के माध्यम से घरेलू जरूरतों की पूर्ति के लिए प्रशिक्षित युवाओं का एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा, जिससे जनसामान्य को योग्य और कुशल सेवा प्रदाता सरलता से उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में इस योजना को पांच जिलों में लागू किया जाएगा, जहां चयनित युवाओं को घरेलू सहायकों के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन युवाओं को भोजन पकाने, घर की साफ-सफाई, देखभाल सेवाएं, घरेलू उपकरणों का सामान्य रख-रखाव आदि घरेलू आवश्यकताओं से संबंधित विशिष्ट कौशल सिखाए जाएंगे। इस प्रशिक्षण में पब्लिक और प्राइवेट ट्रेनिंग पार्टनर के सहयोग से आवासीय एवं अनावासीय दोनों प्रकार की प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।



मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि 'हुनर हाथ' योजना न केवल युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करेगी, बल्कि समाज की घरेलू स्तर की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी एक भरोसेमंद सेवा नेटवर्क तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं की जानकारी एक केंद्रीकृत 'हुनर हाथ' पोर्टल पर अपलोड की जाएगी, जिससे कोई भी नागरिक अपनी आवश्यकतानुसार स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित युवाओं की सेवाएं प्राप्त कर सकेगा। बैठक में मिशन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने परियोजना के सुचारु क्रियान्वयन के लिए अपने सुझाव दिए।

# यूपी में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए 100 से अधिक योग पार्क विकसित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप नगर विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 100 से अधिक योग पार्क विकसित किए हैं। इन पार्कों में योग और संबंधित गतिविधियों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जहां 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2025 को हजारों की संख्या में लोग एक साथ योग करेंगे। योग पार्कों को इस रूप में विकसित किया गया है,जहां स्थानीय लोग योग दिवस के बाद भी योग एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियां संचालित कर सकें।

यूपी नगर विकास विभाग ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए प्रदेश स्तर पर योग पार्कों का विकास किया है। इन योग पार्कों का विकास आयुष मंत्रालय के तय मानकों के अनुरूप किया गया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' निर्धारित की गई है। इस थीम के अंतर्गत नगर विकास विभाग ने पूरे प्रदेश में स्थानीय नगर निकायों के माध्यम से 100 से अधिक योग पार्क स्थापित किए हैं जहां योग दिवस के बाद भी पूरे वर्ष योग एवं



## योग के लिए सभी जरूरी सुविधाओं से युक्त हैं योग पार्क

अन्य स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि प्रदेश के नगरीय निकायों में योग पार्क विकसित किये गये हैं।

इनमें नगर निगम वाराणसी में शहीद उद्यान, बेनिया बाग पार्क, हरिश्चंद्र पार्क के साथ ही नमो घाट, अस्सी घाट और रविदास घाट पर भी योग किया जाएगा। इसी तरह नगर निगम आगरा में बल्केश्वर पार्क, सेंट्रल पार्क आवास विकास,कालिंदी पार्क और नगर निगम कार्यालय पार्क को योग पार्क के तौर पर विकसित किया गया है। नगर विकास विभाग ने राजधानी लखनऊ में गुलाब पार्क,स्वर्ण जयंती पार्क, झंडे वाला पार्क, ईडी पार्क जैसे 9 योग पार्कों को विकसित किया गया है। इसी क्रम में कानपुर नगर निगम ने भी नानाराव पार्क,बुद्ध पार्क,संजय वन और परशुराम वाटिका को योग पार्क बनाया है। सबसे ज्यादा योग पार्क झांसी नगर निगम ने लगभग 12 योग पार्क व मथुरा-वृंदावन में लगभग 8 योग पार्क विकसित किये गये हैं। जबकि अयोध्या और फिरोजाबाद में 3-3, गाजियाबाद में 10 योग पार्क विकसित किये गये हैं।

नगर विकास विभाग ने जिलों के सभी जिलाधिकारियों, स्थानीय निकाय निदेशालय और नगर निगमों के आयुक्तों को निर्देश दिये हैं कि अंतर्राष्ट्रीय योग पार्कों में मूलभूत सुविधाएं जैसे स्वच्छ पेयजल, बैठने की व्यवस्था और योग प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त स्थान को सुनिश्चित किया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ की यह पहल न केवल 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को यादगार बनाएगी, बल्कि योग को जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# ईडी ने सतिंदर भसीन की 27 करोड़ की आवासीय संपत्ति कुर्क की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ की टीम ने शुक्रवार को भसीन इंफोटेक एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के मामले में पीएमएलए, 2002 के तहत सतिंदर सिंह भसीन की 27.01 करोड़ रुपये की आवासीय संपत्ति को अनंतिम रूप से कुर्क किया है।

ईडी कार्यालय के अनुसार सतिंदर सिंह भसीन की संपत्ति का वर्तमान बाजार मूल्य 44 करोड़ रुपये के करीब आंका गया है। इस संपत्ति को रियल एस्टेट परियोजनाओं में निवेश के नाम पर जनता को धोखा देने से संबंधित एक मामले में अपराध की आय के बराबर मूल्य के रूप में कुर्क किया गया है।

वहीं एक दूसरे मामले में ईडी लखनऊ ने शाइन सिटी समूह व अन्य के पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत इलाहाबाद निवासी मोहम्मद जावेद की 55.07 लाख रुपये मूल्य के बैंक बैलेंस के रूप में संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। यह संपत्ति रियल एस्टेट क्षेत्र और अन्य आकर्षक योजनाओं में निवेश की आड़ में पोंजी-पिरामिड योजना के माध्यम से जनता से धोखाधड़ी से धन एकत्र करने से संबंधित है।



# प्रदेश के 16 जिलों में 144 औद्योगिक प्लॉट्स की होगी मेगा ई-नीलामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश के तौर पर परिवर्तित कर रही योगी सरकार प्रदेश के 16 जिलों में 144 औद्योगिक प्लॉट्स के आवंटन के लिए मेगा ई-नीलामी करने जा रही है। सीएम योगी का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश में नए उद्यम लगाने के लिए इच्छुक उद्यमियों को औद्योगिक प्राधिकरणों द्वारा न केवल भूमि उपलब्ध करायी जाए, बल्कि यह सुनिश्चित किया जाए कि पारदर्शी तरीके से प्रक्रिया को पूरा किया जाए।

ऐसे में, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा मेगा ई-नीलामी की जो स्कीम पेश की गई है उसके जरिए 300 स्क्वेयर मीटर से लेकर 13,197 स्क्वेयर मीटर तक के प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इस प्रक्रिया के जरिए मथुरा, मैनपुरी, शाहजहांपुर, हमीरपुर, जालौन, झांसी, फतेहपुर, कानपुर, बांदा, बागपत, उन्नाव, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, वाराणसी व अमेठी में औद्योगिक भूखंड आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा।




उल्लेखनीय है कि, इसमें से बागपत में चिह्नित 5097.10 वर्ग मीटर का प्लॉट उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति (यूपीआईआईपी-2022) के अंतर्गत इन्वेस्ट यूपी अनुमोदित मेगा प्रोजेक्ट के लिए आरक्षित है। इन सभी प्लॉट्स के रिजर्व प्राइस तय हैं तथा इनके लिए 5 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। सभी आवेदनों में से पात्र आवेदनों को चिह्नित कर 11 जुलाई को होने वाली मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा जिसके जरिए वह संबंधित प्लॉट्स की बोली लगा सकेंगे।

यूपीसीडा द्वारा तैयार की गई मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया में प्रदेश के 16 जिलों में कुल 144 औद्योगिक भूखंडों की नीलामी का मार्ग प्रशस्त होगा। इसमें सर्वाधिक 33 प्लॉट्स अमेठी में नीलामी के लिए उपलब्ध होंगे। इसमें आईआईडीसी बंथरा में 300 स्वेयर मीटर के प्लॉट्स सबसे छोटे हैं, जिसमें प्रत्येक की रिजर्व प्राइस 16.47 लाख रुपए है। यहां पर लेदर गुड्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना हो सकेगी। जबकि सबसे बड़ा प्लॉट 13,197 स्क्वेयर मीटर का है जो कि कानपुर के मलवां स्थित है, जिसकी रिजर्व प्राइस 3.74 करोड़ रुपए है और इसका उपयोग सामान्य केटेगरी के औद्योगिक इकाई लगाने में हो सकेगा। प्रक्रिया के जरिए मथुरा में 14, मैनपुरी में 11, शाहजहांपुर में 9, हमीरपुर में 9, जालौन में 8, झांसी में 4, फतेहपुर में 15, कानपुर में 9, बांदा में 3, उन्नाव में 7, सहारनपुर में 8, मुजफ्फरनगर में 4, हापुड़ में 7 तथा वाराणसी में 2 औद्योगिक प्लॉट्स की ई-नीलामी प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा जिससे नए औद्योगिक इकाइयों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा।

1 जुलाई को होगी ई-नीलामी, 5 जुलाई तक हो सकेगा आवेदन

यूपीसीडा द्वारा तैयार की गई योजना के अनुसार, मेगा ई-ऑक्शन में भाग लेने के लिए सभी इच्छुक आवेदनकर्ता कैटलॉग फीस, प्रोसेसिंग फीस व ईएमडी भुगतान 4 जुलाई तक कर सकते हैं। जबकि, सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 5 जुलाई निर्धारित है। इन सभी आवेदन की स्क्रीनिंग करने के बाद पात्र आवेदनकर्ताओं को 11 जुलाई को होने वाली मेगा ई-नीलामी में हिस्सा लेकर बोली लगाने का मौका मिलेगा। प्रपत्र डाउनलोड व पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और सारी प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए यूपीसीडा की आधिकारिक वेबसाइट और निवेश मित्र पोर्टल पर लॉगिन किया जा सकता है।

# आईआईटी बॉम्बे में शिक्षा प्रौद्योगिकी और राष्ट्र निर्माण पर संगोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस), लखनऊ के महानिदेशक (तकनीकी) प्रो.भरत राज सिंह ने आईआईटी बॉम्बे में शिक्षा प्रौद्योगिकी और राष्ट्र निर्माण पर आयोजित एक संगोष्ठी में भाग लिया। संगोष्ठी का उद्देश्य शिक्षा प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर राष्ट्र निर्माण और एक अधिक कुशल कार्यबल तैयार करना था।

इस संगोष्ठी का एक मुख्य आकर्षण स्पोकन ट्यूटोरियल प्रमाणित उम्मीदवारों के लिए रोजगार क्षमता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए आयोजित पूर्ण सत्र था। एसएमएस लखनऊ जो 2011 से स्पोकन ट्यूटोरियल परियोजना का सबसे पुराना भागीदार है। एआई, डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग और मशीन लर्निंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों को शामिल करने के लिए पाठ्यक्रमों को अद्यतन करने का प्रस्ताव रखा, जिसे व्यापक स्वीकृति मिली। एसएमएस के योगदान की सराहना की गई।



प्रो. सिंह की वापसी पर एसएमएस लखनऊ के सीईओ शरद सिंह ने कहा कि वे हमेशा अपने छात्रों को अपने करियर के निर्माण के लिए नई प्रौद्योगिकी मंच अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह एसएमएस के शिक्षा में नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों के अनुरूप है। संगोष्ठी में नैक के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे, एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीथाराम और स्पोकन ट्यूटोरियल के आविष्कारक प्रो. कन्नन सहित प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भाग लिया।

# आखिर नहीं थम रहा ग्राम पंचायतों में मनरेगा अटेंडेंस अपलोड का फर्जीवाड़ा

**4 जून को ब्लॉक की पंचायत खैरी पटटी में हफ्तों से हो रहे काम पर एक ही फ़ेश से दर्जनों मस्टर रोल अपलोड करना पाया गया जिसकी जानकारी ए,पी, ओ मनरेगा बेहटा को दी गई जिस पर कार्यवाही के नाम पर सिर्फ कोरा आश्वासन ही मिलता रहा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहटा,सीतापुर। जनपद के बेहटा ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में इन दिनों मनरेगा से चल रहे कार्यों में फर्जीवाड़ा रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है कही एक फ़ेश पर दर्जनों मस्टर रोल जारी करना तो कही 6 पी,एम या उसके बाद अटेंडेंस अपलोड करना विगत 4 जून को कैनविज टाइम्स दैनिक पेपर से प्रकाशित खबर मनरेगा जादुई खेल में नजर बंद हुई जिम्मेदारों की नज़रे ,व 16 जून को प्रधान,सचिव,मेट,रोजगार सेवक सहित जिम्मेदारों की कामधेनु बना मनरेगा शीर्षक से प्रकाशित खबर पर अभी तक संज्ञान न लेना जिम्मेदारों पर प्रश्न चिन्ह बना हुआ है 4 जून को ब्लॉक की पंचायत खैरी पट्टी में हफ्तों से हो रहे काम पर एक ही फ़ेश से दर्जनों मस्टर रोल अपलोड करना पाया गया जिसकी जानकारी ए,पी, ओ मनरेगा बेहटा को दी गई जिस पर कार्यवाही के नाम पर सिर्फ कोरा आश्वासन ही मिलता रहा अभी तक महोदय द्वारा कोई भी पड़ताल व कार्यवाही संभव नहीं हो पाई है नतीजन आए दिन भ्रष्टाचार में नया नाम जुड़ता ही जा रहा है 17 जून को 4,18 ६,ख्र की अपलोडिंग के अनुसार ब्लॉक की 19 गांवों में 1272 श्रमिकों का काम करना पाया गया के सापेक्ष 6 ६,द्व की अपलोडिंग में 40 गांवों में 3599 श्रमिकों की उपस्थिति दर्शाई गई सूत्रों की माने तो देर से 4 ६,द्व द्यद्द बाद अपलोडिंग करना सिर्फ फर्जी वाड़ा और भौतिक सत्यापन न हो पाने की पुष्टि करता हैं आखिर नहीं तो क्या शासन का कोई नया फरमान आ गया या फिर मनरेगा में काम करने का समय सुबह 8 ६ख्र से 6 ध्द्व तक कर दिया गया 4,18 ध्द्व की अपलोडिंग के बाद की ग्राम पंचायतों में आंबा, अड़मल पुर,औरीशाहपुर, बरेती,भवानीपुर,भट्ठियां जाल्हेपुर, क्षतागुर , करेहकाऊंचगांव, कतरा रायपुर, कुरताहिया,मानपुर,मल्लापुर, मीदनियां , मुसीयाना , नरना,पर्वतपुर, रामरूढा,समौदी डीह , सीहपुर सोनसरी आदि शामिल हैं यही नहीं 18/6/2025 को हज़तपुर में 4,18 ६,द्व की अपलोडिंग 66 श्रमिक के सापेक्ष 6६,द्व की अपलोडिंग में 195 श्रमिक दिखाए गए वही लखनापुर में 29 के सापेक्ष 57 व सेतुही में 38 के सापेक्ष 77 के साथ मरसंडा में 149 के सापेक्ष 185 श्रमिक क्षतांगुर में 4,18 ६, द्व पर जीरो वही 6 ६, द्व पर 83 श्रमिक दिखाए गए व इसी गांव में 19/6/2025 को 4,40 ६ , द्व पर 6 श्रमिक के सापेक्ष 6 बजकर 28 मिनट पर श्रमिकों की संख्या 83 हो गईं,हजतपुर में4,40 ६,ख्र पर 126 वही 6,28 ६,द्व पर संख्या 195 हो गई बरेती में रामपाल के घर से राजेश के खेत तक,भगौती के खेत से बंधा तक व शहाबुद्दीन के खेत से श्रीकृष्ण के खेत तक 3 कामों पर एक ही फ़ेश पर 19 मस्टर रोल के साथ 177 श्रमिकों की उपस्थिति लगाई गई बेलवा गौहनिया में पुत्तीलाल के खेत से अनिल के खेत तक व राम दुलारे के खेत से जिंद बाबा स्थान तक 2 कामों पर 13 मस्टर रोल के साथ 129 श्रमिक,गौर चौखड़िया में गोवर्धन के खेत से छेदीलाल के खेत तक व छैल बिहारी के खेत से गोविन्द के खेत तक 2 कामों पर 16 मस्टर रोलो के साथ 152 श्रमिक कड़बड़ा में मनोहर के घर के पास तालाब सफाई कार्य व विजय के खेत से छैल बिहारी के खेत तक नाला सफाई कार्य 2 कार्यों पर 18 एम,आर के साथ 163 श्रमिक के साथ भट्ठियां जाल्हेपुर में शैलेन्द्र के खेत से बसंती के खेत तक ,राजू के खेत से खेलावन के खेत तक नदी में सेल्ट सफाई एवं रवि के खेत से हिमांशु के खेत तक नदी में सेल्ट सफाई के नाम पर 3 कार्यों पर 20 मस्टर रोलो के साथ 193 श्रमिकों की एक फ़ेश पर कई मस्टर रोल अपलोड कर फर्जीवाड़ा किया गया साथ ही 19 जून को 4,40 ६,द्व पर अपलोड 24 गांवों में 1734 श्रमिकों का कार्य पाया गया के सापेक्ष 6,28 ध्द्व की अपलोडिंग के अनुसार मनरेगा में काम चलने वाले 46 गांवों में कुल श्रमिकों की संख्या 3661 हो गईं जो कोई आश्चर्य की बात नहीं यहां पर आए दिन ऐसा ही होता रहता है फिर भी जिम्मेदारों का मौन होना एक प्रश्न चिन्ह बना हुआ है

## सवर्ण आर्मी के पदाधिकारी ने किया जनसंपर्क , लोगों को किया जागरूक

**आगामी 29 जून 2025 को मिश्रिख में भव्य रैली का किया जाएगा आयोजन**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सामाजिक न्याय और समान अधिकार की आवाज बुलंद करते हुए सवर्ण आर्मी ने एकजुटता का परिचय देते हुए हुंकार भरी है। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब वे किसी भी प्रकार के अन्याय और अत्याचार को सहन नहीं करेंगे।गौरतलब है कि बीते कुछ समय से समाज के सवर्ण वर्ग में हो रहे कथित भेदभाव और उपेक्षा के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा था। इसी को लेकर सवर्ण आर्मी ने आगामी 29 जून 2025 को भव्य रैली का आयोजन किया जाएगा।जनपद सीतापुर के जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा के निर्देशानुसार जिला संयोजक शिवम तिवारी, जिला आईटी सेल प्रभारी रोहित दीक्षित जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष दीपान्शू दीक्षित तथा सभी पदाधिकारियो के साथ ब्लाक मछरेहटा के अंतर्गत गांव-गांव जाकर लोगो को जागरूक किया।

## डीएम ने सबसे बड़े मूल्य के 4 विक्रय विलेखों का किया स्थलीय सत्यापन

कैनविज टाइम्स संवाददात



सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जनपद के विभिन्न उपनिबन्धक कार्यालयों में पंजीकृत होने वाले विक्रय विलेखों (बैनामों) में सबसे बड़े मूल्य के 04 विक्रय विलेखों का स्थलीय सत्यापन किया। जिलाधिकारी ने सरैयां मलूही के गाटा संख्या-1383, भगौतीपुर गाटा संख्या-631, जमैय्यतपुर गाटा संख्या-815क, धनईखेड़ा गाटा संख्या-21 से संबंधित विक्रय विलेखों का गहनतापूर्वक स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि पंजीकरण के समय स्टाम्प चोरी न हो, इसके लिये सभी प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन कराया जाये। जी0पी0एस0 युक्त फोटोग्राफ्स के साथ अन्य जांचे भी की जाये।

इससे पूर्व जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बहुगुणा चौराहे पहुंचकर सड़क के किनारे लगायी जा रही इंण्टरलाकिंग को देखा। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि ठेलों को पीछे किये जायें एवं विद्युत पोलों को सड़क से पीछे किया जाये ताकि कोई समस्या न हो। निरीक्षण के समय उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, ए0आई0जी0 स्टाम्प सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रसूता की मौत का मामलाः डॉक्टरों की लापरवाही से गई जान, अस्पताल प्रबंधन पर केस दर्ज

सीतापुर (अटरिया/सिधौली)। सिधौली कस्बे के एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के बाद प्रसूता की मौत के मामले में बड़ा मोड़ आ गया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही के आरोप में केस दर्ज कर लिया हैजानकारी के अनुसार, अटरिया क्षेत्र के गांव मदारीपुर निवासी वीरेंद्र रावत की पत्नी फूल कुमारी को 2 जून को कस्बे के माया मेडिकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में ऑपरेशन के बाद फूल कुमारी ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद महिला और नवजात को घर भेज दिया गया था।परिजनों के अनुसार, घर पहुंचने के कुछ समय बाद ही फूल कुमारी की तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई, और सोमवार को उसकी मौत हो गई।मृतक के पति वीरेंद्र रावत ने अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने माया मेडिकेयर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, परिवार न्याय की मांग को लेकर काफी आक्रोशित है।

## अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी लहरपुर श्री नागेंद्र चौबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना तालगांव पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त अंकुल पुत्र छोटकन्न नि.सरैया ऊंचाखेर थाना तालगांव सीतापुर को नहर पटरी मेंहदीपुरवा रोड के पास से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में थाना तालगांव पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया।

अभियुक्तगण का नाम/पताः- अंकुल पुत्र छोटकन्न नि.सरैया ऊंचाखेर थाना तालगांव सीतापुरबरामदगी :- 01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर ।पंजीकृत अभियोगः ऽ मु0अ0सं0 189/25 धारा 25(1-उ) इ इएद्व थाना तालगांव सीतापुरपुलिस टीमः- 1- उ0नि0 श्री उवैश अली, 2.का.अनुज त्रिपाठी 3.का.अनिल कुमार

## कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददात



सीतापुर । जून माह के किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 20.06.2025 को मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में कृषि उत्पादन से सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगणों के साथ ही किसान एवं किसान यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। किसान दिवस में जिला कृषि अधिकारी, सीतापुर के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुये गत माह के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की निस्तारण स्थिति से अवगत कराया गया। बैठक में किसानों एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि बाजार में यूरिया एवं डी0ए0पी0 के साथ अन्य सामग्री को टैग करके बेचा जा रहा है, जिससे किसानों को काफी परेशानी हो रही है। इसके क्रम में जिला कृषि अधिकारी, सीतापुर के द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार तीन बोरी यूरिया पर एक शीशी नैनों यूरिया किसानों को नैनों यूरिया के प्रति जागरूक करने हेतु दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त यदि कोई भी विक्रेता खाद का विवरण अधिक मूल्य पर या किसी अन्य सामग्री को टैग करके बेचता है, तो उसकी शिकायत विभाग से करें। जिला कृषि अधिकारी, सीतापुर ने किसान भाइयों से वर्तमान में धान की फसल की रोपाई मौसम के अनुकूल के होने के कारण करने की सलाह दी गयी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सीतापुर ने किसान भाईयों को अवगत कराया कि जनपद की समस्त राजकीय कृषि रक्षा इकाईयों पर धान की फसल हेतु कृषि रक्षा रसायन उपलब्ध है। किसान भाई 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि रक्षा रसायन प्राप्त कर लाभ उठा सकते है। किसान दिवस में अधिकतर शिकायतें विद्युत विभाग से प्राप्त। अध्यक्ष महोदया द्वारा शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में किसानों के स्तर से कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुई, अध्यक्ष महोदया द्वारा किसान भाईयों के स्तर से प्राप्त शिकायतों को सुना गया तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को उक्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समापन की घोषणा की गयी।

## राजा ने फिर उठाई घाघी नाले रानीगंज बंधे के मरम्मत की आवाज़

**राजा राजेश्वर सिंह ने चेताया यदि समय से न बना बंधा तो निघासन क्षेत्र के कई दर्जन गावों में हो सकती है बाढ़ से तबाही**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन खीरी। तहसील निघासन क्षेत्र में शारदा नदी के घाघी नाले के जल स्तर में संभावित वृद्धि से होने वाली तबाही को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश संयोजक राजा राज राजेश्वर सिंह ने एक बार फिर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है।बुधवार को उन्होंने प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, अनिल गर्ग को पत्र सौंपते हुए निघासन क्षेत्र में क्षतिग्रस्त अस्थायी घाघी बांध की तत्काल मरम्मत और जल रिसाव रोकने की मांग की है।राजा राज राजेश्वर ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि यह मामला पहले ही 25 मार्च को विभाग के संज्ञान में लाया जा चुका था, परन्तु अब तक बंधे के मरम्मत को लेकर कोई ठोस कार्यवाही शुरू नहीं हो सकी। उन्होंने प्रमुख सचिव को विस्तार से बताया कि शारदा नदी में बारिश के मौसम में जल स्तर तेजी से बढ़ता है, जिससे घाघी नाले से होते हुए पानी बंधे के जगह जगह क्षतिग्रस्त होने के कारण सीधे क्षेत्र में प्रवेश कर जाता है जिससे कई दर्जन गाँव बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं व ग्रामवासियों व किसानों को भारी तबाही का सामना करना पड़ता है। हाल में ही जिलाधिकारी दुर्गा नागपाल ने भी रानीगंज का दौरा कर अधिकारियों को शीघ्र मरम्मत कराने हेतु कहा था मगर सिंचाई विभाग द्वारा बार-बार बजट की कमी का हवाला देकर कार्य शुरू नहीं करना स्थानीय जनता में नाराजगी का कारण बन रहा है व बरसात के निकट आने पर लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है। श्री सिंह ने पूर्व में भी जिलाधिकारी , प्रमुख सचिव व मुख्यमंत्री को भी पत्र देकर घाघी के कार्यों के विषय में माँग उठाई थी जिसके बाद विभाग द्वारा कार्य शुरू किया गया था व घाघी में बैलहा के पास एक दशक से पटे नाले को खुदाई कर जलनिकास हेतु खोला गया गयी साथ ही बहतिया नाले के ऊपर तमोलिनपुरवा के पास कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त बंधे के मरम्मत का कार्य भी आरम्भ हुआ जिसकी क्षेत्र की जनता ने सराहा मगर रानीगंज के बंधे का न बन पाना लोगों की चिता का कारण बना हुआ है।राजेश्वर सिंह ने बताया कि प्रमुख सचिव से उन्होंने रानीगंज बंधा मरम्मत के साथ साथ मदनापुर लालबोझी में शारदा से हो रहे जल रिसाव को बंद कराने की बात भी रखी जिसपर उन्होने राजा साहब को शीघ्र दोनो कार्य करवाने का आश्वासन दिया व मुख्य अभियंता सिचाई प्रभाकर प्रसाद को तत्काल कार्य करवाने हेतु निर्देशित भी किया।

## धौरहरा में मोहर्रम को लेकर शांति स्थापना की मिसाल



**पीस कमेटी बैठक में प्रशासन और ग्रामीणों ने मिलाया हाथ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा, खीरी। आगामी मोहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से धौरहरा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दोनों धर्मों के ताजियादारों व ग्रामीणों ने भाग लेकर आपसी एकता और भाईचारे का संदेश दिया।बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राजेश कुमार ने की। उन्होंने त्योहार के दौरान प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए ताजियों की ऊंचाई सीमित रखने और जुलूस मार्गों की साफ-सफाई व मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संभावित विवादित स्थलों की पहचान कर समय रहते समाधान करने का भरोसा दिया।पुलिस क्षेत्राधिकारी शमशेर बहादुर सिंह ने स्पष्ट किया कि त्योहार पुराने रीति-रिवाजों के अनुसार ही मनाया जाएगा और किसी नई परंपरा की शुरुआत नहीं की जाएगी जिससे सौहार्द बना रहे।कोतवाल सुरेश मिश्रा ने किसी भी प्रकार के विवाद या शिकायत के लिए सीयूजी और निजी नंबरों पर तुरंत सूचना देने की अपील की, जिससे त्वरित कार्यवाही हो सके।इस बैठक में दोनों समुदायों के प्रधान, गणमान्य व्यक्ति और प्रशासनिक अधिकारी मौजदू थे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे लाइन पर मिला युवक कटा हुआ शव

जंगबहादुरगंज,खीरी। संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे लाइन के पास युवक का कटा हुआ शव मिला। लखीमपुर खीरी के उचौलियां थाना क्षेत्र के सुनौआ के पास रेलवे ट्रैक पर सुबह करीब 7 बजे एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई रेल कर्मचारियों ने शव को देखकर तुरंत पुलिस व डॉक्टर संजीत सिंह सनी सूचना को दी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ व डॉक्टर संजीत सिंह सनी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है युवक की पहचान उसके लोवर से मिले आधार कार्ड में राम संजीवन पुत्र महावीर निवासी गांधीगनर कोतवाली घाटमपुर,जिला कानपुर के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार राम संजीवन ग्राम मोहद्दीनपुर के पास नेशनल हाईवे 24 पर स्थित हिमालया ढाबा पर काम करता था और बह दो दिन से ढाबे से गायब था घटना की सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते पहुंचे बही राम संजीवन की मौत से उसके परिवार में शोक की लहर है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी उचौलियाँ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी है मृतक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है पी एम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### लाखुनगांव की पीड़िता के खेत पर चचिया ससुर ने किया जबरन अवैध कब्जा

लखीमपुर खीरी। जिले के धौरहरा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत खमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम लाखुन गांव निवासी पीड़िता शालिनी देवी ने आज शुक्रवार को दोपहर करीब 3:00 बजे पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मीडिया को जानकारी देते हुए बताया है कि उनके खेत पर उनके चचिया ससुर बालक राम व उनके पुत्र प्रदीप प्रेमचंद ने उनके खेत पर जबरन अवैध कब्जा कर लिया है जिसकी शिकायत पीड़िता ने स्थानीय पुलिस से की थी लेकिन कार्यवाही न होने पर पीड़िता ने आज पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मामले में जांच कार्यवाही करने की मांग की है

### अवैध तमंचा-कारतूस एक गिरफ्तार




लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष पलिया के नेतृत्व में थाना पलिया पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त हकीमुद्दीन पुत्र जाहिर निवासी ग्राम अतरिया थाना पलिया जनपद खीरी को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना पलिया पर 241/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### ऑटो चालक बना रहे जाम का झाम



मैगलगंज खीरी। मैगलगंज मे ऑटो चालकों कि वजह से *मढ़ियारोड* पर लग रहा भारी जाम, ऑटो चालक मनमानी दिखाते हुए कही भी ऑटो खड़ा कर देते है,जिसकी वजह से आने जाने बाले लोगो को होती है तकलीफ, मैगलगंज पुलिस यातायात नियमों का पालन कराने में नाकाम- सड़क किनारे लगता है ऑटो व ई रिक्सा का जमघट। बीच रोड पर सवारियां भरने से राहगीर होते है परेशान। कस्बे की ट्रैफिक व्यवस्था को बिगाड़ने में सबसे अहम भूमिका इ-रिक्शा चालक निभा रहे है। खास बात यह भी है कि मैगलगंज चौराहे पर पुलिस कि तैनाती के बाबजूद इ-रिक्शा चालक सबारी देखते ही कही भी गाड़ी रोक देते है। जिसकी वजह से कभी कभी भारी जाम कि स्थिति बन जाती है। इन ऑटो चालकों पर कार्यवाही व नियमों का पालन करा पाने स्थानीय प्रशाशन नाकाम साबित हो रहा। मैगलगंज -औरंगाबाद रोड हो सीतापुर रोड मढ़िया रोड हर जगह ऑटो चालकों कि वजह से ही बनती है जाम कि स्थिति।

## मोहर्रम के मद्देनज़र एडीएम ने ली ताजियादारों की बैठक

**परम्परागत व सौहार्दपूर्ण आयोजन की अपील**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। मोहर्रम माह को शान्तिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से अटल सभागार में गुरुवार शाम एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने ताजियादारों संग बैठक की, जिसमें बड़ी संख्या में आयोजक, गणमान्य नागरिक एवं पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने सहभागिता की।बैठक को संबोधित करते हुए एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने सभी आयोजकों से अपील की कि मोहर्रम माह को परम्परागत एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह या समस्या की स्थिति में तत्काल स्थानीय प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।उन्होंने ताजियों की ऊंचाई, जुलूस मार्ग, विद्युत लाइन सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन जैसे विषयों पर विशेष सतर्कता बरतने का अनुरोध किया। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्रीय भ्रमण करें तथा सभी थाना क्षेत्रों में आयोजकों संग बैठकें आयोजित कर मोहर्रम पंजिका के अनुसार सभी तैयारियों को समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करें।अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार ने बताया कि मोहर्रम के अवसर पर संवेदनशील व अतिसंवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। ह्लगुड पुलिसिंगङ्क के माध्यम से शांति और सुरक्षा का सकारात्मक वातावरण बनाए रखा जाएगा।

## पुलिस लाइन में हुई मानव तस्करी और यौन शोषण पर जागरूकता कार्यशाला

**संवेदनशील बनें, हर पीड़ित तक समय पर पहुँचे सहायता : डीएम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। पुलिस लाइंस सभागार में शुक्रवार को ''मानव तस्करी और बाल यौन शोषण से सुरक्षा एवं किशोर न्याय अधिनियम'' से संबंधित एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला शक्ति वाहिनी संस्था के सहयोग से आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं एसपी संकल्प शर्मा ने संयुक्त रूप से की।कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि बचपन की सुरक्षा और गरिमा की रक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मानव तस्करी और बाल यौन शोषण जैसे अपराध हमारे समाज पर गहरा आघात करते हैं। इनसे निपटने के लिए सिर्फ कानून ही नहीं, संवेदनशीलता और सक्रियता भी ज़रूरी है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर संभावित पीड़ितों की समय रहते पहचान करें और हर स्तर पर सहयोग करें। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि बाल यौन शोषण और मानव तस्करी के मामलों में पुलिस को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही इन अपराधों के विरुद्ध सबसे बड़ा हथियार है।कार्यशाला में मानव तस्करी और बाल यौन शोषण की परिभाषा, प्रकार, किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधान, बाल कल्याण समितियों और बाल संरक्षण इकाइयों की भूमिका, पीड़ितों की पहचान व पुनर्वास तथा संबंधित कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। शक्ति वाहिनी संस्था से एजुकेटिव डायरेक्टर निशिकांत और अधिवक्ता सुरभि शिवपुरी ने केस स्टडी, प्रेजेंटेशन और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को विषय की गंभीरता से अवगत कराया गया। इस अवसर पर एएसपी पवन गौतम, डीपीओ लवकुश भार्गव, बाल कल्याण समिति के सदस्य, चाइल्डलाइन, शिक्षा विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, समाजसेवी संस्थाएं मौजूद रहे। कार्यशाला के अंत में सभी विभागों और संस्थाओं ने मिलकर जनपद को बाल तस्करी और शोषण से मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

# अभाविप काशी प्रांत के चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग का हुआ शुभारम्भ

**अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि, ''अभाविप के अभ्यास वर्ग में कार्यकर्ताओं को राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव रखने वाला बनाया जाता है।**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रतापगढ़। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत के चार दिवसीय अभ्यास वर्ग का विधिवत शुभारम्भ जिला मुख्यालय पर अष्टभुजा नगर स्थित शिवम् पैलेस में मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। अभाविप काशी प्रांत द्वारा आयोजित अभ्यास वर्ग में काशी प्रांत के 18 जिलों एवं 2 केंद्रीय विश्वविद्यालयों से कुल 266 विद्यार्थी एवं शिक्षक कार्यकर्ता मौजूद रहे।अभाविप काशी प्रांत द्वारा आयोजित इस वर्ग के प्रथम दिवस पर सैद्धांतिक भूमिका, कार्यपद्धति, सदस्यता एवं परिसर कार्य, सक्षम इकाई एवं आयाम, कार्य तथा गतिविधि जैसे विषयों पर कुल चार सत्र आयोजित किए गए। जिसके माध्यम से प्रांत के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक एवं वैचारिक विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अभ्यास वर्ग में 199 छात्र, 47 छात्राएं एवं 20 शिक्षक कार्यकर्ता उपस्थित हैं, जो इन चार दिनों में विद्यार्थी परिषद से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझने का प्रयास करेंगे।अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि, ''अभाविप के अभ्यास वर्ग में कार्यकर्ताओं को राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव रखने वाला बनाया जाता है। कहा गया है कि अभ्यास एक मनुष्य को बेहतर बनाता है, वहीं गुणवत्तापूर्ण अभ्यास उसे श्रेष्ठम बनाता है। काशी प्रांत के प्रत्येक जिलों से आए विद्यार्थी इस अभ्यास वर्ग के माध्यम से बौद्धिक एवं संगठनात्मक विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।अभाविप काशी प्रांत के प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कहा कि बदलते परिवेश में छात्र शक्ति को ''आपकी आवाज, आपका प्रयास, आपका संगठन'' की भावना के साथ अपने कार्यों को प्रस्तुत करना होगा। अभाविप का यह अभ्यास वर्ग निश्चित रूप से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होगा तथा उन्हें राष्ट्र पुनर्निर्माण के पावन ध्येय में योगदान करने वाला एक सशक्त कार्यकर्ता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।प्राज्ञिक विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह-संगठन सचिव छितराज न्योपाने, अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल, काशी प्रांत की प्रांत अध्यक्ष प्रो. सुचिता त्रिपाठी, प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह एवं प्रांत संगठन मंत्री अभिलाष की उपस्थिति रही। अभाविप, काशी प्रांत की प्रांत अध्यक्ष प्रो सुचिता त्रिपाठी द्वारा अभ्यास वर्ग हेतु प्रस्ताविकी रखी गई।

## बासठ वर्षीय बुजुर्ग ने घर में फंसी लगाकर की आत्महत्या

जौनपुर । चंदवक क्षेत्र के हीरापुर मचहटी गांव में शुक्रवार की दोपहर सुदामा राम (62) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुदामा राम पुत्र बजई राम ने अपने घर में ही फंदे से लटके पाए गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।परिजनों के अनुसार, सुदामा राम की मानसिक स्थिति कुछ दिनों से ठीक नहीं चल रही थी। वह अक्सर चुपचाप रहते थे और किसी से ज्यादा बातचीत नहीं करते थे। मृतक की बेटी पूनम राम और दामाद संजय राम ने बताया कि उन्हें इस तरह के कदम की कोई आशंका नहीं थी।घटना की सूचना मिलते ही चंदवक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।गांव के लोगों ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है और प्रशासन से परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।इस मामले में थानाध्यक्ष ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सकेगी। फिलहाल परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

## करंट लगने से युवक की मौत

जालौन । एट कस्बा वार्ड नंबर 7 भगत सिंह नगर में रहने वाले सत्यम शिवहरे (25) पुत्र अखिलेश शिवहरे प्रतिदिन की भांति शुक्रवार सुबह दुकान खोलने के लिए गया था। जैसे ही शटर उठाने लगा जोर का करंट लगा। मौके पर बेहोश होकर वहीं पर गिर पड़ा। युवक को गिरता हुआ देख आसपास के लोगों ने उसके घर वालों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे घर वालों ने युवक को उठाकर वाहन से कस्बा में बने प्राइवेट अस्पताल में दिखाया। जहां डॉक्टरों ने उरई जाने के लिए रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज उरई ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एट थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने पांच सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी को भेजा



बिजनौर । महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश व आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका कर्मचारी संगठन ने विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी जसजीत कौर को सौंपा है।आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका कर्मचारी एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष राजेश्वरी राठी ने बताया कि पांच सूत्रीय मांग पत्र जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया है। मांग पत्र में कहा गया है कि पोषण ट्रैकर और नया फ़ेस रेकग्रिशन का काम उनसे एक बंधुआ मजदूर की तरह लिया जा रहा है, लेकिन विभाग द्वारा रिचार्ज नहीं कराया जाता। अपने अल्पतम मानदेय में से इन्हें सरकारी मोबाइल रिचार्ज कराना पड़ता है। फ़ेस रेकग्रिशन फौरी प्रक्रिया नहीं है। परिवार को निर्णय लेना पड़ता है परिवार में से किसका फ़ेस लिया जाए, क्योंकि राशन उस व्यक्ति को मिलेगा, इसके अलावा इसे आधार से लिंक किया जा रहा है। जबकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा कहा जा चुका है, मात्र आधार न होने से किसी को सरकारी योजना के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता है।इसके अतिरिक्त 2018 में कार्बन के दिए सभी मोबाइल एक्सपायर हो चुके हैं। आंगनबाड़ी को अपने जेब से स्मार्टफोन खरीद कर सरकारी ऐप डाउनलोड करके सारा काम करना पड़ रहा है। यह आंगनवाड़ी के साथ अन्याय है। हॉट कुक्ड बनाने के लिए गैस सिलेंडर भरने का कोई पैसा न देते हुए नौनिहालों के हित में मांगने पर निकालने और डराने का प्रयास किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह द्वारा समय से राशन नहीं देने और कम करके देने पर उनका उत्तरदायित्व निर्धारित नहीं किया जाता है और न ही विभाग के अधिकारियों को कोई अधिकार मिला है कि कोई कार्रवाई करें।सुप्रीम कोर्ट द्वारा आंगनबाड़ी को सरकार का अभिन्न अंग बताने के बाद भी इन्हें मिनिमम वेतन के दायरे में नहीं लाया गया है। विभाग द्वारा समस्याओं के निदान के लिए संघ से वार्ता करना पांच साल से बंद है। इस कारण भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में आक्रोश बढ़ रहा है। विभिन्न जिलों में 10 वर्ष से अधिक समय से तैनात मुख्य सेविकाओं, प्रधान लिपिक एवं लिपिक के स्थानांतरण अन्य जिलों के लिए किए जाने चाहि। जो विभागीय नियमों एवं जनहित में हैं।उक्त मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से आशा व्यक्त की गई है कि महिला विभाग की सभी आंगनबाड़ियों एवं सहायिकाओं की मांगों का अति शीघ्र निराकरण कराया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में मृदुला, सलोनी, सोनम,रिंकी रानी, सरोज शर्मा, सुनीता देवी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# योग दिवस की पूर्व संध्या पर भारत विकास परिषद ने लगाया योग शिविर

**मातृभूमि सेवा मिशन के सहयोग से योग शिविर का आयोजन किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। शहर के सई नदी के तट पर स्थित भारत माता मंदिर प्रांगण में आयोजित योग शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह ने सभी से योग को जीवन का हिस्सा बनाए जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक अमरेश बहादुर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी नवीन चंद्रा द्वारा की गई। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष राकेश कक्कड़ द्वारा किया गया। मातृभूमि सेवा मिशन की ओर से योगाचार्य ब्रजमोहन, योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता, प्रदीप पांडेय, बी. पी. सिंह ने योग की विविध विधाओं का प्रदर्शन किया। इस मौक़े पर वरिष्ठ चिकित्सक बृजेश सिंह, मनीष सिंह चौहान, समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संरक्षक डॉ. आर. बी. श्रीवास्तव, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अम्बरीश अग्रवाल, वी. के. अग्निहोत्री, सीमा श्रीवास्तव, डॉ. चम्पा श्रीवास्तव, सचिव अजय त्रिवेदी, विवेक सिंह, पवन श्रीवास्तव, राजा राम मौर्य, अजय मिश्रा, शिव कुमार गुप्ता, सुरेश चंद्र शुक्ला, डॉ. एल. पी. पांडेय का सहयोग सराहनीय रहा। योग शिविर के संयोजक देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने आये हुए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा रवींद्र सिंह द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

# कूड़ा बीनने वाले दबंगों ने फार्म की रखवाली कर रहे युवक पर किया जानलेवा हमला, मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। एक युवक की पीठ पीठ कर बेखौफ दबंगों ने अधमरा कर दिया इलाज के दौरान युवक की लखनऊ के ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुड़ गई है आपको बता दे 20 जून 2025 दिन शुक्रवार को समय करीब 10 मिल एरिया थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 जून 2025 को मिल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पुरे पडरक मजरे कोडरस बुजुर्ग में, यहां के रहने वाले रजत कुमार उर्फ पुराने यादव उम्र 32 वर्ष पुत्र स्वर्गीय सुखनंदन यादव निवासी ग्राम उपरोक्त अपने खेत में बने मुर्गी फार्म की देखरेख कर रहे थे तभी तीन चार अज्ञात लोग पूरा बिन के बहाने आए और मुर्गी चोरी करने का प्रयास करने लगे रजत कुमार के द्वारा विरोध करने पर उन लोगों ने रजत के साथ जमकर मारपीट की। जिससे रजत गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल ले जाया गया था यहां हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया था। जिनकी इलाज के दौरान आज 19 जून 2025 की रात में समय करीब 11:30 बजे मौत हो गई मृतक रजत के परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर मिल एरिया थाने में, मारपीट करने वाले तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही मारपीट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नर्सिंग किसी भी चिकित्सा व्यवस्था की आत्मा होती है : मंगलेश श्रीवास्तव

**महापौर डॉ. मंगलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि नर्सिंग किसी भी चिकित्सा व्यवस्था की आत्मा होती है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**गोरखपुर** । गंगोत्री देवी स्कूल ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट, गोरखपुर में 23वें बैच की नर्सिंग छात्राओं का लैंप लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत भव्यता, गरिमा और उल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुआ। छात्राओं ने दीप प्रज्वलित कर मानव सेवा, करुणा, निष्ठा एवं समर्पण के पथ पर चलने की शपथ ली।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि आईसीएमआर के निदेशक प्रोफ़ेसर हरिशंकर जोशी, आईएमए की अध्यक्ष डॉ प्रतिभा गुप्ता, आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शिव शंकर शाही, डॉ. ए पी गुप्ता, डॉ. सीमा शाही, मोटिवेशनल स्पीकर राजल गुप्ता व अध्यक्षता श्रीमती रीना त्रिपाठी ने किया। महापौर डॉ. मंगलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि नर्सिंग किसी भी चिकित्सा व्यवस्था की आत्मा होती है। नर्सिंग छात्राओं से अपेक्षा है कि वे न केवल सेवा-भावना से ओत-प्रोत हों, बल्कि अपने व्यवहार व संवेदना से हर रोगी के मन में आशा का संचार करें। उन्होंने कहा कि आज का दिन इन छात्राओं के जीवन में नया अध्याय जोड़ने जा रहा है, जो समाज के लिए सुखद परिणाम देगा।

# किसानों की मांगों को लेकर रायबरेली विकास भवन में अनिश्चितकालीन धरना जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। किसान कल्याण एसोसिएशन द्वारा किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर विकास भवन परिसर में अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने की अगुवाई राष्ट्रीय अध्यक्ष लालता प्रसाद शुक्ल, प्रदेश संयोजक अजय बाजपेयी और राम प्यारे पासी ने की। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए धरने की आवश्यकता और प्रशासन की उदासीनता को लेकर तीखे शब्दों में विरोध जताया।धरने की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सदाशिव पांडेय तथा संचालन अरविंद जायसवाल ने किया। संगठन ने पूर्व में 9 जून को भी धरना प्रारंभ किया था, जो अधिकारियों द्वारा एक सप्ताह का समय मांगे जाने पर स्थगित कर दिया गया था। किंतु किसानों की समस्याओं का समाधान न होने के कारण यह धरना दोबारा अनिश्चितकालीन रूप में शुरू किया गया।मुख्य मांगों में शामिल – ऊंचाहार तहसील के ग्राम जिल्ला मजरे गंगोली निवासी राजाराम पासी के गिर चुके मकान का पुनर्निर्माण रोकने वालों पर कार्रवाई, ग्राम पुर एकैशन मजरे कुंवर मऊ निवासी आलमीन के घर तक 20 मीटर मिट्टी डालकर रास्ता बनाए जाने की माँग, गाटा संख्या 1267 (गंज गंगोली, ऊंचाहार) की चारागाह भूमि पर अवैध कब्जा हटवाना, तथा डीह थाना क्षेत्र के जय नारायण श्रीवास्तव के घर तक जलभराव हटाकर रास्ता खुलवाना शामिल हैं।इसके अलावा संगठन ने मांग की है कि सभी नहरों में पानी तत्काल छोड़ा जाए, डीह और छतोह ब्लॉकों में निशुल्क बोरिंग योजना और अमृत सरोवर निर्माण में हो रही धांधली की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए। ग्राम सभा सराय और बेवल के अमृत सरोवरों में निर्माण अनियमितताओं को लेकर भी आवाज बुलंद की गई है। श्मशान और कब्रिस्तान के निर्माण कार्यों में भी गड़बड़ियों का आरोप लगाया गया है।धरने में प्रमुख रूप से भोला राम, फ़ेर सरदार, शिव प्रताप, केश कली, रामदुलारी, मनीषा, बद्री पासी, जय सिंह, भीम सिंह, दयालु, विमला सरोज, मुलायम सिंह यादव, दुर्गेश कुमार समेत दर्जनों किसान उपस्थित रहे।जानकारी के अनुसार, धरने के तीसरे दिन नगर मजिस्ट्रेट और सीओ डलमऊ धरनास्थल पर पहुंचे और वार्ता की कोशिश की, लेकिन कोई ठोस समाधान न निकल पाने के कारण धरना जारी है। किसानों ने साफ कहा है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन चलता रहेगा।

# कपूरपुर भट्ठा के पास दो बाइकों के आमने-सामने टक्कर एक किशोरी समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**घटना में एक 23 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के कपूरपुर भट्ठा के पास दो बाइकों के आमने-सामने की टक्कर में एक किशोरी समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जबकि घटना में एक 23 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजन और 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को उच्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने 23 वर्षीय युवक को मृत घोषित करते हुए घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। आपको बता दे कि, घटना आज अपराह्न लगभग 3:00 बजे की है। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कपूरपुर भट्ठा के पास दो बाइक सवार आमने-सामने से टकरा गए। एक बाइक पर सवार रवि शंकर (23) पुत्र दिलीप कुमार निवासी माझगांव की दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार उनकी 16 वर्षीय बहन रुपा पुत्री दिलीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गई। चिकित्सकों ने रूपा का प्राथमिक उपचार कर उसकी स्थिति में सुधार होता ना देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, किंतु जिला अस्पताल पहुंचने पर वहां भी हालत में सुधार नहीं हुआ तो ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। उधर दूसरी बाइक पर सवार बलजीत (22) पुत्र राजेंद्र कुमार और उनके साथ पीछे बैठा अजय कुमार (13) पुत्र राम विशुन निवासी पुरे भीख मजरे माझगांव भी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दी गई, मौके पर पहुंचे परिजन 108 एंबुलेंस की मदद से आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले गए, जहां डॉक्टरों ने रवि शंकर को मृत घोषित करते हुए किशोरी का प्राथमिक उपचार कर उसकी हालत में सुधार होता न देख, जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जबकि दूसरी बाइक पर सवार बलजीत और अजय कुमार के परिजन उसे इलाज के लिए सीधे जिला अस्पताल लेकर चले गए हैं। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बलजीत की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है, जहां उसकी स्थिति भी नाजुक बनी हुई है।इंसेट - मामले में कोतवाल जगदीश यादव का कहना है कि, घटना की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही करी जा रही है।

# बाइक पर ट्रैक्टर चढ़ाने के विरोध में पूरे परिवार की पिटाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जालौन। कैलिया थाना क्षेत्र के पीपरीकलां गांव में दबंगों ने एक परिवार के साथ मारपीट कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। घटना तब हुई जब पीड़ितों ने अपनी सड़क पर खड़ी बाइक पर ट्रैक्टर चढ़ाए जाने का विरोध किया। इसके बाद आरोपियों ने महिलाओं और युवकों को लाठी-डंडों से पीटा। पीड़ितों ने थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने अब एसपी कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत की है। सोशल मीडिया पर इस पूरी घटना का वीडियो भी वायरल है।पीपरीकलां गांव के निवासी हिम्मत सिंह और उनके परिवार की बाइक गांव की सड़क पर खड़ी थी। तभी कुछ दबंगों ने जानबूझकर अपना ट्रैक्टर बाइक पर चढ़ा दिया, जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। जब हिम्मत सिह और उनके परिवार ने इसकी शिकायत की, तो आरोपियों ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने हिम्मत सिह, उनके परिवार के युवकों और महिलाओं को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। पीड़ितों के शरीर पर गंभीर चोटें आईं और वे खून से लथपथ हो गए। पीड़ित परिवार ने कैलिया थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उनकी बात नहीं सुनी। थाने में मामला दर्ज नहीं किया गया। शुक्रवार को न्याय की मांग करते हुए हिम्मत सिंह अपने पूरे परिवार के साथ जिला एसपी के समक्ष पहुंचे और आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस बीच, मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें दबंगों ने परिवार को पीटे जाने के दृश्य साफ दिख रहे हैं।एसपी दुर्गेश कुमार ने क्षेत्राधिकारी शैलेन्द्र बाजपेई को जांच सौंपी है। वहीं, क्षेत्राधिकारी के अनुसार, मामले की संज्ञान लेते हुए आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और घटना से जुड़े सबूत जुटाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को भी जांच में शामिल किया गया है।

# बीडीओ साहब मनरेगा में भ्रष्टाचार पर अंकुश कब लगेगा

### कटरा बजार ब्लॉक के गांवों परसियारानी,उर्दी गोण्डा,उड़िला,कोटिया मदार,कटुवा नाला और भनसहा में हो रहा धन का बंदरबाट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मनरेगा में फर्जी मस्टररोल और फर्जी भुग तान के मामले में कटरा बजार ब्लॉक का नाम सब से पहले सामने आता था।लेकिन एक कहावत गाँ व में कही जाती है कि तरबूज को देख कर खरबूज भी रंग बदलता है।ठीक उसी तरह कटरा बाजारब्लॉक की कई ग्राम पंचायत मनरेगा के कार्यों में फर्जी मस्टर रोल और उन के भुगतान में जिले के सभी ब्लाकों को पीछे छोड़ अव्वल नंबर पर अप नी जड़े जमाने में जुटा हुआ है।हम बात कर रहे हैं महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की है।जिसके तहत सरकार तमाम निचले स्तर के गरीबों और असहाय मजदूरों को वर्ष में मनरेगा योजना के तहत सौ दिन का कार्य देने के लिए कटिबद्ध है।परंतु देखा जा रहा है कि जनपद मु ख्यालय से बीस किलोमीटर की दूरी पर स्थितकटरा बाजार ग्राम प्रधानों और सचिवों के भ्रष्टाचा र का अड्डा बनता जा रहा है।केंद्र सरकार की मह त्वकांक्षी योजना मनरेगा के नियमों को ताक कर रख कर खुद की खाऊ कमाऊ नीति से उस की गाइड लाइन के विपरीत फर्जी मस्टरोल का सहारा लेकर फर्जी भुक्तान कराने में लगे हैं जानकारों की माने तो इस कड़ाके की धूप और तापमान तकरी बन 43 डिग्री सेल्सियस जो सुबह से ही शरीर को आग देने वाली रही और सभी लोग अपने घरों में दुबक कर बैठे रहने को मजबूर थे तो ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिव भी बाहर निकलने के लिए सोचते होंगे।लेकिन इस भीषण गर्मी में भी ग्राम प्र धान,एपीओ और सचिव एसी कमरे में बैठ कर गां वों में मनरेगा के मस्टरोल से खेल करने में जुटे थे।ब्लॉक कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर लाखों का वायरा न्यारा करने में लगे रहे।

#### इन गांवों में चल रहा थी फर्जी मस्टर रोल का खेल

कड़ाके की धूप तापमान 43 डिग्री सेल्सियस उम स भरी गर्मी में इन गांव में फर्जी तरीके से चल रहे हैं मस्टरोल।उर्दी गोण्डा गांव में तीन प्रोजेक्ट पर 130,मजदूर मस्टर रोल में कार्य कर रहे हैं,उड़िला में तीन प्रोजेक्ट में 100 मजदूर,भनसहा में तीन प्रोजेक्ट पर 59 मजदूर,चपरतल्ला में तीन प्रोजे क्ट पर 69 मजदूर,देवापसिया में दो प्रोजेक्ट पर74 मजदूर,जगतपुर में तीन प्रोजेक्ट पर 81 मज दूर,कटुवानाला में दो प्रोजेक्ट पर 115 मजदूर,रामापुर में चार प्रोजेक्ट पर 108 मजदूर अदृश्य तरीके से काम कर रहे थे।यह तो महज एक बानगी है।तमाम अन्य ग्राम पंचायतों में भी मनरेगा योजना में यही खेल जारी है।गांवों में फर्जी तरीके से मस्टर रोल चालू कर ब्लॉक अधिकारियों के साथ मिली भगत कर मनरेगा मजदूर अदृश्य होकर जॉब का डों में अपनी हाजिरी लगा कर प्रतिदिन तकरीबन छः लाख अस्सी हजार 904 रूपये केंद्र सरकार को चपत लगा कर सरकारी धन का बंदर बाट कर रहें है।

#### ईमानदारी से जांच हो तो नपेंगे कई जिम्मेदार

अगर जिले के जिम्मेदार अधिकारी इन मामलों को संज्ञान में लेकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें तो सरकार के करोड़ों रुपए गबन होने से बच जाएंगे और शायद ही कटरा ब्लॉक सीबीआई जांच की जद में आने से बच जाएगा।ईमानदारी पूर्वक जांच हुई तो तमाम जिम्मेदारों की गर्दनें फंस सक ती हैं।

# श्रद्धालुओं की आस्था में न आए खलल कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन सतर्क




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बरेली । श्रावण मास के पावन अवसर पर कांवड़ यात्रा के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। इसी सिलसिले में कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में नगर क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों की व्यवस्थाओं और सुरक्षा इंतजामों को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ।बैठक में एडीएम सिटी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि श्रावण मास के दौरान मंदिरों में लगातार और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। नगर निगम को भी विशेष निर्देश दिए गए कि मंदिरों और उनके आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में पेयजल की व्यवस्था हो। बैठक में एसपी सिटी मानुष पारीक को निर्देश दिए गए कि सभी प्रमुख मंदिरों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी प्रकार की चूक न हो। साथ ही सिविल डिफेंस के वॉलंटियर्स को भी मंदिरों के प्रवेश और निकासी द्वारों पर तैनात करने के आदेश दिए गए। एडीएम सौरभ दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप मंदिर परिसरों में प्लास्टिक का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

# पांच साल से एक गाँव में तैनात सफाई कर्मचारियों का तबादला,11 अधिकारियों को नोटिस

### डीपीआरओ लालजी दुबे ने 16 ब्लॉकों के तैनात इन कर्मचारियों का पारस्परिक स्थानांतरण किया गया है

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले में डीपीआरओ ने एक महत्वपूर्ण कार्र वाई करते हुए एक ही गांव में पांच साल से अधिक समय से तैनात दो सौ सफाई कर्मचारियों का स्था नांतरण कर दिया है।यह कर्मचारी नियमित रूप से गांवों में सफाई कार्य नहीं कर रहे थे।इस कारण क ई गांवों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

डीपीआरओ लालजी दुबे ने बताया कि 16 ब्लॉकों के इन कर्मचारियों का पारस्परिक स्थानांतरण किया गया है।साथ ही स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत 11 विकासखंडों की प्रगति सीएम डैशबोर्ड पर खराब पाई गई है।

इन विकासखंडों में परसपुर, झंझरी, कर्नलगंज,पंडरीकृपाल,रूपईडीह,तरबगंजवजीरगंज,छपिया,नवाबगंज,मनकापुर और हलधर मऊ शामिल हैं।इन सभी ब्लॉक के सहायक विका स अधिकारी पंचायत को नोटिस जारी किया गया है।सहायक विकास आयुक्त देवीपाटन मंडल राके श पांडे ने ग्राम पंचायत,क्षेत्र पंचायत और जिला पं चायत के लेखा परीक्षा में दर्ज आपत्तियों के निस्ता रण के निर्देश दिए हैं। गोंडा,बलरामपुर,बहराइच औ र श्रावस्ती जिला पंचायत की ऑडिट की गई है। इ समें 44 क्षेत्र पंचायत और 3300 से अधिक ग्राम पंचायतें शामिल हैं।अधिकारियों को नियमित समी क्षा कर आपत्तियों का निस्तारण करने को कहा ग या है।

# डीएम ने अवैध टैक्सी स्टैण्ड व बिना परमिट वाहनों पर कार्रवाई के दिये निर्देश

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हुआ अहम निर्णय, 15 दिन में रजिस्ट्रेशन वरना कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मीरजापुर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अवैध टैक्सी स्टैंड व बिना पंजीकरण व परमिट के चल रहे ऑटो/ई-रिक्शा पर कार्रवाई न होने को लेकर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने यातायात पुलिस और नगर पालिका को निर्देश दिए कि प्रमुख मार्गो पर टैक्सी स्टैण्ड चिन्हित कर पेयजल व शौचालय की व्यवस्था के साथ अवैध स्टैण्ड हटाएं।डीएम ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि बिना रजिस्ट्रेशन वाले ई-रिक्शा व टैम्पो मालिकों को 15 दिन के भीतर रजिस्ट्रेशन का मौका दिया जाए। उसके बाद सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही ऑटो-ई रिक्शा के लिए रूट चिन्हांकन की भी प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने को कहा।बैठक में दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) लगाने, सड़क किनारे पेट्रोल पम्पों द्वारा की गई क्षति पर कार्यवाही व ग्रामीण स्तर पर प्रधानों के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने जैसे बिंदुओं पर भी चर्चा हुई।मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने 'गुड सेमेरिटन योजना' के प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए बताया कि हादसे में घायलों की मदद करने वाले नागरिकों से कोई पूछताछ नहीं की जाएगी और उन्हें पहचान गोपनीय रखते हुए पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी, एआरटीओ विजय कुमार, एसडीएम चुनार, व्यापार मंडल पदाधिकारी, पीडब्ल्यूडी अभियंता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं एसोसिएशन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### जरवल सीएचसी पर मरीजों का जल्द मिलेगी एक्स-रे सुविधा: डॉ. कुंवर रितेश

जरवल, बहराइच। सीएचसी जरवल में जुलाई से मरीजों को एक्स-रे की सुविधा मिलने लगेगी,जिससे टीबी के रोगियों,हड्डी व दुर्घटना के शिकार मरीजों को एक्स-रे के लिए मेडिकल कालेज नही भटकना नही पडेगा।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद में टीबी के रोगियों,हड्डी के मरीजों तथा सडक दुर्घटना के घायल लोगों को एक्स-रे के लिए मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया जाता था।कुछ लोग प्राइवेट संस्थान से एक्स-रे कराकर अपना इलाज कराते थे।ऐसे में इलाज के लिए पैसे खर्च करने पडते थे। सीएचसी मुस्तफाबाद में एक्स-रे मशीन लगाने की कवायद शुरू कर दी गई है। मशीन को लगाने और सेट्अप का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है,जिससे सैकड़ों मरीजों को अस्पताल में ही एक्स-रे की सुबिधा मिलने लगेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद के अधीक्षक डा.कुंवर रीतेश ने बताया कि एक्स-रे मशीन को लगाने का कार्य शुरू हो गया है।कम्पनी के इंजीनियर मशीन का सेट्अप कर रहे है।इससे टीबी,हड्डी और दुर्घटना में घायल मरीजों का एक्स-रे कर अस्पताल में ही बेहतर इलाज किया जा सकेगा।एक्स-रे टेक्नीशियन की तैनाती के लिए पत्र लिखा गया है।जुलाई से मरीजों को एक्स-रे की सुविधा मिलने लगेगी।

# एसपी ने दी सोशल मीडिया पर रील न बनाने की हिदायत

### पुलिस अधीक्षक ने कहा- सभी प्रशिक्षु प्रशिक्षण नियमों का करें पालन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले की रिजर्व पुलिस लाइन स्थित अमर श हीद राजीव नाथ लाहिड़ी बहुउद्देशीय हाल में आर क्षी भर्ती-2023 के तहत जॉइनिंग ट्रेनिंग कोर्स शु रू हो गया है।इस प्रशिक्षण में 771 रिक्रू ट आरक्षी शामिल हैं।प्रशिक्षण के पहले दिन पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल और अपर पुलिस अधीक्षक प श्चिमी राधेश्याम राय ने प्रशिक्षुओं से संवाद किया। एसपी ने उत्तर प्रदेश पुलिस की गरिमा और कर्त व्यों के बारे में जानकारी दी।एसपी ने प्रशिक्षुओं को सोशल मीडिया के उचित उपयोग की सलाह दी।उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग जानकारी के लिए करें रील बनाने के लिए नहीं। प्रशिक्षण के नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है प्रशिक्षण के चार मुख्य स्तंभों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है शारीरि क दक्षता,कानूनी ज्ञान,व्यावहारिक प्रशिक्षण और सामुदायिक पुलिसिंग।एसपी ने कहा कि यह प्रशि क्षण उनके भविष्य की नींव है।पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया गाइडलाइन के बारे में भी बताया। ड्यूटी के दौरान या वर्दी में वीडियो बनाकर पोस्ट करना मना है।विभागीय गोपनीय सूचनाओं को सा झा करना और राजनीतिक या विवादास्पद पोस्ट करना भी वर्जित है।उन्होंने कहा कि सोशल मीडि या का दुरुपयोग व्यक्तिगत और विभागीय प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है।

# आयोजित होगा भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज स्थानीय इंदिरा गॉधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में वृहत योग संगम का कार्यक्रम प्रातः 06:00 बजे जन प्रतिनिधियों व शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा महेन्द प्रसाद अग्रवाल के सान्निध्य में सम्पन्न होगा। यह जानकारी देते हुए क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राजन वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देशानुसार समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी स्वयं अपने स्टाफ के साथ योग संगम में प्रतिभाग करेंगे जिसमें विभिन्न विद्यालयों, स्पोर्ट्स स्टेडियम के बच्चे भी सम्मिलित होंगे। डॉ. वर्मा ने बताया कि प्रातः 06.30 बजे पर मोदी जी का लाइव उद्बोधन के पश्चात योग प्रोटोकॉल का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही पुलिस लाइन, मरीमाता मंदिर, वृद्धाश्रम, ज़िला कारागार, शिक्षण संस्थानों, समस्त ब्लॉकों, समस्त तहसीलों व समस्त ग्राम पंचायत स्तर पर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि पर योगा अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# 15 साल बाद चढ़ा आशिकी का भूत,दो बच्चों की मां को हुआ प्यार,पति ने प्रेमी से कराई शादी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में शादी के पंद्रह साल बाद आशिकी का शुमार चढ़ने पर नाराज पति ने अपनी पत्नी की शादी उसके प्रेमी के साथ एक मंदिर में स्थानीय लोगों की मौजूदगी में शादी करवा दी गईं दरअसल हरिश्चंद्र की पत्नी का प्रेम प्रसंग दौलतपुर ग्रांट के महाराजगंज के रहने वाले शिवराज चौहान से का फी दिनों से चल रहा था।पति ने दोनों को रंगे हाथ पकड़ने के बाद पुलिस में शिकायत की थी। जब पत्नी थाने से लौटकर घर जा रही थी तो पति ने एक नल से उनके माथे का सिंदूर को धूल कर उस के प्रेमी से एक मंदिर में हिन्दू रितिरीवाज पूरे विधि विधान से शादी करवा दी है।इस पूरी शादी से जहां पति पूरी तरीके से खुश है और उसका प्रेमी भी स हमत है तो वही प्रेमी की प्रेमिका इस शादी से नाखु श है प्रेमिका करिश्मा ने बताया कि हम इस शादी से खुश नहीं है दूसरी तरफ करिश्मा का पति और उसका प्रेमी इस शादी से सहमत है।बॉक्स बच्चों को अपने साथ ले गई महिलापूरा मामला दौलतपुरग्रांट से है जहां दान बहादुर डीह निवासी हरिश्चन्द्र की पत्नी करिश्मा का प्रेम प्रसंग दौलतपुरग्रांट के महराजगंज का रहने वाले व्यक्ति शिवराज चौहान से काफी दिनों से चल रहा था।हरिश्चन्द्र ने कुछ लोगों की मदद से दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया और फैसला हुआ कि दोनों की शादी करवा दी जाये तो कई गांव के लोग इकट्ठा होकर करिश्मा और शिवराज चौहान को ले जाकर बुढ़ऊ बाबा मंदिर अल्लीपुर मे दोनों की शादी कर वा दी है हरिश्चन्द्र और करिश्मा के एक बेटा 11 सा ल और एक बेटी सात साल की है जिसे वह अपने साथ ले गई है।आपको बता दें कि, इससे पहले भी उत्तर प्रदेश के जनपद संत कबीर नगर से इस तरह का मामला सामने आ चुका है यहां एक पति ने खु द ही अपनी पत्नी का विवाह उसके प्रेमी के साथ करा दिया था क्योंकि, पत्नी अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती थी,हालांकि, शादी के चार दिन बाद ही प्रेमी विकास के साथ गई महिला राधिका अब अपने पुराने पति बबलू के साथ लौट आई थी।

# छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए 10 जुलाई से आवेदन कर सकते हैं छात्र-छात्राएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत उ.प्र. के मूल निवासी समान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) भुगतान हेतु समय-सारणी का निर्धारण कर दिया गया है। छात्र-छात्राओं के लिए प्रक्रियात्मक कार्यवाही के लिए निर्धारित समयसारिणी के अनुसार छात्र द्वारा रजिस्ट्रेशन/ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि 10 जुलाई से 20 दिसम्बर 2025, छात्र द्वारा फाईनल प्रिन्ट आउट निकालने की कार्यवाही 12 जुलाई से 23 दिसम्बर 2025 तक पूर्ण कर वांछित संलग्नकों सहित हार्ड कॉपी शिक्षण संस्था में जमा करने हेतु अन्तिम तिथि 24 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है।

## कटका गांव में अनियमितताओं पर जिलाधिकारी ने की कड़ी कार्रवाई

मीरजापुर । कटका ग्राम पंचायत की प्रधान आरती देवी पर कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने शुक्रवार को उनकी सभी वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियों को समाप्त कर दिया। साथ ही ग्राम पंचायत के सभी खातों पर रोक लगा दी गई है। यह निर्णय जांच में पाई गई गम्भीर अनियमितताओं के आधार पर लिया गया।कटका गांव के निवासी सभाजीत शर्मा ने ग्राम प्रधान के कार्यों में अनियमितता को लेकर जिलाधिकारी को चार बिंदुओं पर शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा था। जिलाधिकारी ने 3 जुलाई 2024 को पहली जांच टीम गठित की थी, जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास एवं पुष्टाहार अधिकारी, तथा सहायक अभियंता तृतीय बाणसागर को शामिल किया गया। जांच में अपेक्षित प्रगति न होने पर 30 अगस्त 2024 को दूसरी जांच टीम गठित की गई। जिसमें जिला विकास अधिकारी व सहायक अभियंता प्रथम (सिरसी बांध प्रखंड) को नामित किया गया।जांच के दौरान सभी चार बिंदुओं पर गम्भीर अनियमितताएं उजागर हुईं। इसके आधार पर जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को सभी कर्तव्यों से वंचित करते हुए आदेश जारी किया कि ग्राम सभा के विकास कार्य अब त्रिस्तरीय समिति की देखरेख में कराए जाएं। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है और इसे प्रशासन की पारदर्शिता की दिशा में एक अहम कदम माना जा

# घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम की गवाह बनी गेरूवा नदी की स्वच्छ जल धारा

### एक पेड़ मॉ के नाम लगाने की आमजन से की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। मंत्री, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (वन्यजीव प्रभाग) भारत सरकार भूपेन्द्र यादव ने प्रदेश के मा. राज्यमंत्री, वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग श्री के.पी. मलिक, सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, महानिदेशक वन एवं विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार सुशील कुमार अवस्थी व अपर महानिदेशक (वन्यजीव) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, रमेश कुमार पाण्डेय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष वन विभाग उ.प्र. सुनील चौधरी सहित अन्य अधिकारियों के साथ कर्तनियाघाट की लाईफ लाइन गेरूआ नदी में नौका विहार किया तथा घड़ियाल के एक वर्षीय बच्चों को नदी की जल धारा में छोड़कर घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम का श्रीगणेश किया।

वन मंत्री श्री यादव ने कहा कि वन और वन्यजीव इस धरती की प्राकृतिक धरोहर है। वनों और वन्यजीवों से पारिस्थितिकीय संतुलन बना रहता है, जो मानव जीवन को समृद्ध और सुखमय बनाते हैं। भारत में विभिन्न प्रजातियों के कई वन्यजीवों का वास है। वन्यजीव भी प्राणी हैं। उन्होंने कहा कि दुधवा टाईगर रिज़र्व के भ्रमण के दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, कन्जर्वेशन के लिए कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों तथा वन क्षेत्रों के आस-पास स्थित ग्रामवासियों के साथ बैठके की है जिसमें 25 से 30 सुझाव प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि प्राप्त हुए सुझावों को शामिल करते हुए वन एवं वन्यजीवों के विकास एवं संरक्षण की कार्ययोजना तैयार की जायेगी ताकि मानव व वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में कमी लायी जा सके।वन मंत्री श्री यादव ने कहा कि देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का विजन है की समुदाय आधारित विकास हो और लोग हेल्दी इन्वायरमेंट में स्वस्थ जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि नाना प्रकार पर्यावर्णीय समस्याओं के सरल समाधान के रूप में हमें अधिक से अधिक पौध रोपित करने होंगे। श्री यादव ने लोगों का आहवान किया कि एक पेड़ के नाम अवश्य लगायें। घने वनों, कल-कल, छल-छल करती अथाह जलराशि से पूरित नदियों, सुन्दर मनोहारी वन्य जीवों, पशु पक्षियों के कलरव से गुंजित भू-भाग पर फैले कर्तनियाघाट को अत्यन्त सुन्दर व अद्वितीय स्थान बताते हुए कहा कि यहां का अनुभव उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव है। उन्होंने कहा कि वह प्रदेश के ऐसे स्थानों के विकास के लिए प्रदेश सरकार व मा. मुख्यमंत्री से विचार-विमर्श करेंगे। कर्तनियाघाट अच्छी कनेक्टिविटी व अनोखे हैबीटेट के कारण प्राकृति प्रेमियों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय स्थान है।वन मंत्री ने कहा कि बाघ, हाथी व गैंगटिक डॉल्फिन इत्यादि वन्यजीवों के संरक्षण के पूर्व से परियोजनाएं संचालित है। गेरूआ नदी में घड़ियाल के बच्चों को छोड़कर घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। श्री यादव ने आमजन से अपील की कि वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। श्री यादव ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि मुआवज़े से सम्बन्धित प्रकरणों समयबद्ध कार्यवाही करें ताकि पीड़ित पक्ष को सहायता मिलने में विलम्ब न होने पाये। कर्तनियाघाट के भ्रमण के दौरान वन मंत्री श्री यादव ने इन्टरप्रिटेशन सेन्टर में स्पेशल टाईगर प्रोटक्शन फोर्स के जवानों के संवाद कर संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की तथा जंगल गश्त हेतु किट का वितरण किया।इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रोजेक्ट टाइगर) ललित वर्मा, सहायक महानिदेशक, पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार राकेश कुमार जोगनिया, संयुक्त निदेशक, वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो नई दिल्ली डॉ कृपाशंकर, फील्ड डायरेक्टर दुधवा एच. राजामोहन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूरनपुर के व्यापारियों ने व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल का किया जोरदार स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने होटल राम एण्ड रेस्टोरेंट मे पदाधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें नगर के सभी पदाधिकारी नगर अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल को व्यापारियों ने नगर की समस्या से रूबरू कराया कंछल ने कहा भाजपा सरकार में व्यापारी पूरी तरह से सुरक्षित है हाउस टैक्स को लेकर कहा कि 10 प्रतिशत से ज्यादा न बढ़ाए सरकार व्यापारियों के दुकानों पर सभी विभागों के सर्वे छापे सचल दल बंद किए जाए एक-एक व्यापारियों से समस्याओं से रूबरू हुए बैठक का संचालन जिला प्रभारी अशोक खण्डेलवाल ने किया इस दौरान श्री कंछल ने कहा कि पूरे प्रदेश में अधिकांश जनपदों में हाउस टैक्स 500 प्रतिशत से ज्यादा हाउस टैक्स बढ़ोतरी किया गया है जिससे व्यापारी वर्ग त्रस्त है जो सरासर अन्याय है जबकि एक सप्ताह पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर गुजारिश किया गया था व्यापारियों पर लगने वाला कोई भी टैक्स 10 फीसदी ही बढ़ोतरी होनी चाहिए.उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इसका कड़ा विरोध करता है हंसराज गुलाटी ने सभी व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी व्यापारी को कोई भी कभी किसी भी प्रकार की समस्या हो तो हम पूरी टीम के साथ पूरे मनोयोग से उस व्यापारी के साथ खड़े रहते है का कार्य करते रहते है और आगे भी करेंगे प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी ने प्रदेश अध्यक्ष को जनपद के व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के लिए अनवरत संघर्ष करता रहता हूं अभी जीएसटी को लेकर ज्ञापन दिया गया था जिसमें लगभग सभी लोगों की समस्याएं खत्म करा दिया गया था इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी, जिला प्रभारी अशोक खंडेलवाल,प्रदेश मंत्री नवीन अग्रवाल, विजय पाल सिंह विक्की, नगर अध्यक्ष जाहिद खान, महामंत्री अजय खंडेलवाल, युवा नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, युवा महामंत्री दीपक बंसल, जिला उपाध्यक्ष राहुल जायसवाल, संजय गुप्ता सर्राफ, अशीष रस्तोगी, सुशील वर्मा, तुषार गुप्ता, परख रस्तोगी, युवराज वर्मा, सतीश वर्मा, शिवम गुप्ता, सलमान खान, शाहजी खान, विपिन वर्मा, राजू खंडेलवाल, राजेन्द्र खण्डेलवाल, मुजफ्फर हुसैन, वीरेंद्र जायसवाल, सुमित सचदेवा, हर्ष गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, बलजीत सिंह खैरा, डिंपल शर्मा, अमरजीत सिंह, अमित खंडेलवाल टीटू, संजीव गुप्ता, सुरेन्द्र अग्रवाल,आतिफ खान, सोनू छीना, सुनील आर्य, गुड्डू,समेत अन्य लोग उपस्थित रहें है।

# अमेठी में तैनात दरोगा की आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे में हुई मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। कोतवाली अमेठी में तैनात एक उप निरीक्षक की आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर स्थित बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में अर्टिगा कार और बस में हुई टक्कर से मौत हो गई है जबकि आधा दर्जन लोग घायल बताये जा रहे हैं।वह हमराही पुलिस कर्मियों के साथ राजस्थान से एक बालिका को बरामद कर वापस लौट रहे थे। इस भीषण सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे के साथ ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और पुलिस महकमे के आला अधिकारियों के साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी शोक संवेदना व्यक्त की है। कोतवाली अमेठी में तैनात उप निरीक्षक मंजीत सिंह अपने हमराही पुलिस कर्मियों के साथ राजस्थान से एक बालिका को बरामद कर अर्टिगा कार संख्या यूपी 36 एस 9986 से वापस अमेठी लौट रहे थे।वह आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे से उन्नाव जनपद की कोतवाली बांगर मऊ क्षेत्र में पहुंचे ही थे कि अर्टिगा कार ने चलती बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसके परिणामस्वरूप कार में सवार उप निरीक्षक मंजीत सिंह की मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।अर्टिगा कार और बस में टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे के साथ ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही नागरिकों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## छोटी शारदा नदी का पेंटून पुल भी हटाया गया, बारिश के मौसम में नदी की तरफ न आने की अपील

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के थाना हजारा क्षेत्र में जाने के लिए धनाराघाट के पुल से होकर गुजरना पड़ता था। शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से 15 जून को बड़ी नदी का पुल हटा दिया गया था। शुक्रवार की सुबह लगभग दस बजे छोटी नदी पर बना पेंटून पुल भी हटा दिया गया और बारिश के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने से खतरा बना रहता है। इसी को लेकर पुल मुंशी बबलू मांझी ने जानकारी देते हुए लोगों से अपील की है कि बारिश के मौसम में नदी की तरफ न आए। वहीं पेंटून पुल का सभी सामान पूरनपुर गोदाम में सुरक्षित रखवाया जा रहा है। हालांकि पेंटून हटने से हजारा थाना क्षेत्र में बसी लाखों की आबादी वाले क्षेत्र का पूरनपुर से सम्पर्क टूट गया है और अव खुटार मैलानी पलिया होकर आना जाना पड़ेगा। अब लोगों को 30 की जगह 130 किलोमीटर का सफर तय करना होगा।

# स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र माधोटांडा में लगा गंदगी का अंबार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधोटांडा को खुद इलाज की दरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर।कलीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम माधोटांडा के स्वास्थ्य समुदायिक केंद्र इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है स्वास्थ्य समुदायिक केन्द्र लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। जहां मरीजों की देखभाल के लिए सरकार लाखों खर्च कर रही है वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र माधोटांडा और जिले में बैठे जिम्मेदार सरकार की योजनाओं को पलीता लगा रहे हैं। स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र माधोटांडा की स्थिति कूड़ा घर की भांति बनी हुई है जहां पर हल्की सी बारिश ने स्वस्थ सामुदायिक केंद्र माधोटांडा को तलब की भांति बना दिया है अब इस स्थिति में यदि मरीज अस्पताल में जाएंगे तो उनके इलाज के लिए और उनकी सुविधा के लिए कितनी साफ सफाई है यह इन तस्वीरों से साफ देखा जा सकता है क्योंकि इस तरीके से लगी गंदगी की भरमार मरीज को ही नहीं बल्कि आसपास के लोगों को भी एक गहरी बीमारी का शिकार होने में अहम भूमिका निभा रही है। स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र माधोटांडा मरीजों के ही साथ नहीं खिलवाड़ कर रहा है बल्कि वहां पर जिन लोगों को सरकारी कमरा दिये गए हैं उनके भी स्वास्थ्य पर एक गहरा प्रभाव डाल रहा है क्योंकि स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र माधोटांडा में पीछे की ओर लंबे समय से साफ सफाई न होने के कारण और विभागीय लापरवाही के कारण गंदगी का भंडार लगा हुआ है जो शायद जिम्मेदारी का चश्मा लगाकर यदि देखा जाए तब दिखाई देगा। अब देखना यह है कि आखिर कब तक जिम्मेदार अधिकारी स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र में साफ सफाई कराकर समस्या का समाधान करेंगे जिससे वहां पर रहने वाले और मरीजों के जीवन से खिलवाड़ ना हो। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मरीजो का कहना है कि नार्मल डिलीवरी के उपरांत जो भी मल वहां पर निकलता है वह भी अस्पताल के पीछे की ओर जहां पर कमरे बनाए गए हैं फेंक दिया जाता है जिससे बुरी तरीके से बदबू आती है जहां पर बैठना दुश्वार हो जाता है लेकिन वहां पर बैठे अधिकारियों को शायद स्वस्थ्य समुदायिक केंद्र में यह सब नहीं दिखाई देता है।

## आशा बहू एवं संगिनी सम्मेलन में पहुंचे केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सासंद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद शुक्रवार समय लगभग दोपहर 1:00 बजे एक दिवसीय दौरे पर पूरनपुर पहुंचे इस दौरान कसगंजा निवासी सरोज वाजपेई की माता के निधन पर शोक संवेदना में पहुंचे और उसके बाद पूरनपुर खमरिया पट्टी तिराहे के पास में स्थित फोर सीजन रिसोर्ट में चल रहे आशा बहू एवं संगिनी सम्मेलन में शामिल हुए। जहां आशा बहू एवं संगिनी को प्रेशर कुकर वितरण किए गए। इस मौके पर भाजपा विधायक बाबूराम पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे हैं।

## अम्बेडकर नगर का युवक स्मैक के साथ गिरफ्तार

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शुकुल बाजार पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना शुकुल बाजार पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान सुल्तान पुत्र नियाज अहमद निवासी जमौली भड़भड़पुर थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर उम्र करीब पैंतीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## डीएम ने योग दिवस की तैयारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल का किया स्थलीय निरीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में आगामी इक्कीस जून को प्रातः छह बजे से ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल का मौके पर जाकर निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को समस्त तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र छात्राओं व जन सामान्य के उचित बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, साफ सफाई, पार्किंग आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी को योग स्थल पर स्वास्थ्य शिविर लगाने को कहा साथ ही बारिश के दृष्टिगत नवोदय विद्यालय के हाल में भी तैयारी पूर्ण रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अनिल चतुर्वेदी, उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 3 वर्षों से अधिक एक ही पटल पर जमे बाबुओं का हुआ तबादला

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक बार फिर से जिलाधिकारी व एडीएम ई ने तबादला एक्सप्रेस चलाई। जिसमें कलेक्ट्रेट और विभिन्न तहसीलों में तीन साल से अधिक एक ही पटल पर तैनात राजस्व कर्मचारियों का तबादला एक तहसील से दूसरी तहसील व कलेक्ट्रेट परिसर में अलग-अलग पटलों पर किया गया। जिसमें सबसे चर्चित मुजाहिद ईसार को कलेक्ट्रेट से नायब नाजिर बल्दीराय बनाया गया. कामता प्रसाद उपाध्याय को तहसील बल्दीराय से राजस्व सहायक के रूप में कलेक्ट्रेट में तैनात किया गया। वहीं शरद कुमार जो की पेशकार तहसीलदार लम्भुआ थे अब उनको एसडीएम लम्भुआ का अहलमद नियुक्त किया गया है। वहीं महिमा सक्सेना जो कि राजस्व अभिलेखागार में तैनात थी उनको वीडर इंग्लिश ऑफिस के रूप में तैनात किया गया। रविशंकर दुबे को वीडर इंग्लिश ऑफिस से राजस्व अभिलेखागार भेजा गया। वहीं प्रतिलिपि बाबू जयसिंहपुर के रूप में तैनात सुनील श्रीवास्तव को अहलमद एसडीम जयसिंहपुर के पद पर नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही कई वर्षों से अभिलेखागार में जमें कलीम अहमद को इक्टख कलेक्ट्रेट बनाया गया। वहीं माल बाबू कादीपुर तहसील पद पर तैनात मुमताज को ए.डब्ल्यू.बी.एन. कादीपुर बनाया गया. ट्रांसफार्मर किए गए बाबुओं को तत्काल प्रभाव से अपना कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दे दिए गए हैं।

## प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर योग दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुलतानपुर के प्रभारी मंत्री व उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज तथा अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर शुक्रवार को रात 8.45 बजे सुलतानपुर के सर्किट हाउस पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे । वह 21 जून को प्रातः 6.30 बजे सीताकुंड स्थित पर्यावरण पार्क में आयोजित 11 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होंगे।भाजपा के मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी 21 जून को अपने सभी 26 मण्डलों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाएंगी।भाजपा नगर मण्डल, आर्ट आफ लिविंग, गायत्री परिवार एवं गोमती मित्र मंडल का संयुक्त योगाभ्यास कार्यक्रम तिकोनिया पार्क में प्रातः 6.00 बजे आयोजित होगा।भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी समेत, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा समेत भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा अन्य संगठनों के लोग तिकोनिया पार्क में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## हिस्ट्रीसीटर से रक्षा के लिए लगाई गुहार

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज थाना क्षेत्र में साझे बाग में आम बीनने को लेकर विवाद हुआ। ग्राम सिरवारा निवासी साजिद का मेराज और अशरफ के साथ एक बाग है। इस बाग में आम, महुआ और जामुन के पेड़ लगे हैं।
18 जून को सुबह 8 बजे तेज हवा के बाद साजिद के बच्चे बाग में गिरे आम बीनने गए। बाग के रास्ते में स्थित मकान के मालिक मेराज और अशरफ ने बच्चों को रोका। दोनों ने बच्चों को गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने अवैध हथियार से हवाई फायरिंग भी की। बच्चे भागकर घर पहुंचे। इसके बाद आरोपी साजिद के घर आए और उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी। साजिद की कनपटी पर अवैध हथियार लगा दिया। ग्रामीणों को आता देख दोनों भाग गए। पीड़ित ने थाना गोसाईगंज में शिकायत की। आरोपियों का दावा है कि उन्होंने पुलिस को पैसे देकर अपनी तरफ कर लिया है। पीड़ित परिवार डर के कारण घर से बाहर नहीं निकल पा रहा है। न्याय के लिए जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी हिस्ट्रीशीटर हैं। उनके खिलाफ कई थानों में गंभीर अपराध दर्ज हैं।

## ओबीसी समाज के खिलाफ बढ़ते अन्याय के खिलाफ प्रदर्शन

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ओबीसी समाज के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। डीएम के माध्यम से राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को सौंपा है। मोर्चे ने कौशांबी में पिछड़े वर्ग की बालिका के साथ दुष्कर्म, बदायूं में कर्तव्य पटेल की गोली मारकर हत्या और संतकबीरनगर में किरन चौहान की बिजली के तार से मौत जैसी घटनाओं का मुद्दा उठाया है। मोर्चे ने बस्ती में 4 वर्षीय और लालगंज में 5 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटनाओं पर भी कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने संतकबीरनगर के एसडीएम मेंहदावल पर जातिवादी रवैया अपनाने और शांतिपूर्ण आंदोलनकारियों को जेल भेजने का आरोप लगाया है।

# विधायक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात साथ में रहे व्यापारी नेता कपिल अग्रवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बीसलपुर के विधायक विवेक वर्मा के साथ भेंट कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री जी ने पूर्व चेयरमैन मझोला राम औतार अग्रवाल के जनसंघ के समय से संगठन को खड़ा करने में किए गए योगदान और श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में जिले में हुई प्रथम गिरफ्तारी तथा पूरे आंदोलन में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा और उनसे भेंट की इच्छा प्रकट की। इस सुअवसर पर परम पूज्य महाराज जी से पीलीभीत जिले के विकास और समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा हुई। मा . मुख्यमंत्री जी ने मझोला में बन रही कपड़ा फैक्ट्री के विषय में भी पूरी जानकारी ली। पूज्य महाराज जी को प्रभु श्रीराम दरबार की प्रतिकृति भी भेंट की। मझोला में एथेनॉल, पावर प्रॉडक्शन प्लांट की स्थापना, दियूनी डाम पर नवीन पुल बनवाने, मझोला में उप तहसील बनाने, मझोला का नाम सरकारी रिकॉर्ड्स में गुलड़िया भिंडारा के स्थान पर मझोला करने, मझोला सितारगंज मार्ग चौड़ीकरण में मझोला नगर के व्यापारियों की दुकानों को कम से कम क्षति हो ऐसे निर्देश अधिकारियों को देने, मझोला में मिनी स्टेडियम के निर्माण समेत कई बिंदुओं पर विस्तृत और सकारात्मक वार्ता हुई।

## सुभासपा ने बनाया गीता राणा को बारा-बंजारा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी द्वारा ''बारा समाज प्रकोष्ठ'' का गठन, श्रीमती गीता राणा को बारा समाज का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। आज सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश कार्यालय, पार्क रोड 6, लखनऊ में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें ''बारा समाज प्रकोष्ठ'' का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं पूर्व मंत्री डॉ. अरविंद राजभर जी ने की। इस अवसर पर श्रीमती गीता राणा को उत्तर प्रदेश बारा समाज प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। इस घोषणा के साथ ही पूरे बारा समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई। समाज के लोगों ने पार्टी के इस निर्णय का स्वागत करते हुए शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद दिया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती गीता राणा ने विश्वास दिलाया कि वे पार्टी की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुँचाते हुए दो माह के भीतर पूरे प्रदेश में संगठन का विस्तार करेंगी। डॉ. अरविंद राजभर जी ने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी सामाजिक न्याय, भागीदारी और समता के मूल मंत्र पर काम कर रही है और प्रत्येक समाज को प्रतिनिधित्व देकर सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता प्रभारी-श्री पतिराम राजभर जी, राष्ट्रीय प्रवक्ता-श्री पीयूष मिश्रा जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मंच, श्री हेमंत सिंह जी, प्रदेश महासचिव-पूर्वांचल, श्री रविकांत प्रजापति जी, प्रदेश अध्यक्ष-अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, श्री खुर्शीद आलम जी, जिला अध्यक्ष-सुल्तानपुर श्री विनीत सिंह जी, श्री संतोष राणा जी, श्री पंकज जी, श्री ऐजाज अहमद जी सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही। यह जानकारी पीयूष मिश्रा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने दी है।

# आबकारी निरीक्षक की औचक कार्यवाई में 85 लीटर अवैध शराब व 12 कुंटल लहन नष्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### निरीक्षक संजय मिश्र की कार्यवाही में 4 अवैध शराब के कारोबारी चढ़े टीम के हत्थे

### आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा हुआ पंजीकृत,अग्रिम कार्यवाही अग्रसारित

सुल्तानपुर। जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशानुसार राजेश कुमार तिवारी जिला आबकारी अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी सदर व क्षेत्राधिकारी सदर सुल्तानपुर के निर्देशन में संजय कुमार मिश्रा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 के द्वारा शुक्रवारको को मय स्टाफ संकेत राय,अंकित शर्मा,ओमवीर के साथ ग्राम चुनहा व महूअरिया में दबिश दी गई ,मौके पर 4 अभियोग पंजीकृत करते हुए 85 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई,लगभग 1200 किलो लहन बरामद की गई जिसे मौके पर नष्ट किया तथा 04 अभियोग पंजीकृत किया गया, तहसील सदर , सुल्तानपुर के अंतर्गत पड़ने वाले कबाड़ी की दुकान व आर.ओ.प्लांट को चेक किया गया,क्षेत्र की शराब दुकानों का गहन निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान अद्यतन बोतल, अद्धा ,पौवा व बीयर बोतल के पर लगे क्यू.आर.कोड को रैंडम आधार पर स्कैन किया गया मौके पर लाइसेंसियों को निर्देशित किया गया कि नए सत्र में शराब दुकाने आबकारी नियमों के अधीन ही चलाएं कोई अनियमितता यदि पाई जाएगी तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी,आबकारी नीरिक्षक संजय कुमार मिश्र ने बताया की अवैध शराब के कारोबार में लिप्त पाए जाने पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी,श्री मिश्र ने मौजूद लोगों को जागरूक करते हुए कहाकि अवैध अड्डियों से निर्मित शराब जानलेवा हो सकती है,इसके सेवन से शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है,अवैध शराब का सेवन कदापि ना करे,साथ ही ऐसे कारोबारियों की जनहित में सूचना दें,आपका नाम व पहचान गुप्त रखी जाएगी।

## शरदकालीन गन्ना पौधशाला का किया निरीक्षण

पीलीभीत।गन्ना विकास निदेशालय भारत सरकार के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह द्वारा जनपद पीलीभीत की गन्ना विकास परिषद् बरखेड़ा के ग्राम उमरसड,भैसहा ग्वालपुर भसूडा, डंडिया लक्षी,सखिया में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत स्थापित शरदकालीन आधार पौधशाला गन्ना किस्म कोशा. 13235, क्षेत्रफल 0.441 हेक्टेयर एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत स्थापित प्रदर्शन प्लाट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. सिंह ने पौधशालाधारक कृषक सत्यपाल सिंह से विस्तृत बातचीत की और पौधशाला की स्थिति, गन्ने की वृद्धि तथा रोग एवं कीट नियंत्रण के उपायों की जानकारी प्राप्त की। कृषक सत्यपाल सिंह ने बताया कि इस प्लॉट में जैविक कीट नियंत्रण के लिए फ़ेरोमोन ट्रैप एवं ट्राइकोकार्ड लगाए गए हैं।जिससे कीटनाशकों का न्यूनतम उपयोग कर प्राकृतिक तरीकों से फसल को सुरक्षित किया जा रहा है।डॉ. सिंह ने उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि वह गन्ने के साथ दलहन एवं तिलहन की सहफसली खेती अवश्य करे। पौध रक्षा के लिये फ़ेरोमोन ट्रैप और ट्राइकोकार्ड की कार्यप्रणाली, उनके लाभ एवं पर्यावरण-संरक्षण में इनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# मोदी-ट्रंप वार्ता

यह ध्रुव सत्य है कि अमेरिका की तमाम रीतियां व नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही खत्म हो जाती हैं। जहां उसे अपने आर्थिक व सामरिक हित नजर आते हैं, वहीं उसकी सभी रीति-नीतियां ठहर जाती हैं। दशकों से आतंक की पाठशाला चला रहे पाकिस्तान को आंतकवाद के खिलाफ कथित साझेदारी के लिये उपकृत करने वाले अमेरिका के मंसूबों को समझा जा सकता है। विडंबना यह है कि पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय से अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान को कथित रूप से युद्ध विराम के लिये सहमत कराने के लिये खुद की ही पीठ थपथपा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उन्होंने दस मई को अमेरिका की मध्यस्थता में देर रात तक बातचीत के दावे के बाद कथित रूप से पूर्ण और तत्काल युद्ध विराम की घोषणा करके दुनिया को चौंका दिया था। पल-पल अपना रुख बदलने के लिये कुख्यात ट्रंप इस विवादास्पद मामले पर अपनी बात मनवाने पर अड़े हुए हैं। मगर बार-बार उनके द्वारा दोहराए जाने वाले दावे भारत की परेशानी का सबब बन रहे हैं। भारत ने ऐतिहासिक रूप से द्विपक्षीय विवादों को तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से दूर रखा है। अब, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिकॉर्ड को सही करने का प्रयास किया है, और वह भी खुद अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत ने इस्लामाबाद के अनुरोध पर ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ हमलों को रोक दिया था, न कि मध्यस्थता या अमेरिका द्वारा किसी व्यापार सौदे की किसी पेशकश के कारण। यह दावा डोनाल्ड ट्रंप के उस प्रचार को सिरे से खारिज करता है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को समझाने के लिये व्यापार कार्ड का इस्तेमाल किया था। लेकिन इसके बावजूद बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री की सीधी बात ट्रंप को समझ आएगी? क्या ये बातचीत ट्रंप को भारत व पाक मामलों में हस्तक्षेप करने से रोके पाएगी? लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया कारगुजारियों से तो ऐसा होता नजर नहीं आता। पहले बात अमेरिका को स्पष्ट समझा दी जानी चाहिए कि वह भारत व पाक को एक तराजू में तोलने की भूल न करे। हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान जिस तरह ट्रंप प्रशासन ने विवादास्पद पाकिस्तान सेना प्रमुख असीम मुनीर को तरजीह दी, उसका कोई तार्किक आधार नजर नहीं आता। बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की लंच पर मेजबानी करके नवीनतम भड़काऊ कदम ही उठाया है। उसे देखते हुए यह संभावना असंभव ही लगती है कि ट्रंप दोनों देशों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बाज आएंगे। यह वही मुनीर आलम है जिन्होंने पहलगाम आतंकी हमले से बमुश्किल एक सप्ताह पूर्व कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। इसके अलावा उन्होंने संकीर्ण सांप्रदायिक टिप्पणियां भी की थी। यह बात अतार्किक ही लगती है कि अमेरिका पाक को अपने साथ आतंकवाद विरोधी साझेदारी को मजबूत करने में उनकी भूमिका के लिये पुरस्कृत कर रहा है। दोनों देशों के बीच पक रही यह खिचड़ी भारतीय कूटनीति के लिये एक बड़ी चुनौती कही जा सकती है। मोदी सरकार को पाकिस्तान के खुले समर्थन को लेकर अमेरिका का सामना करने के पक्ष और विपक्ष के हमलों का मुकाबला करना होगा। निश्चित रूप से दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित भारत इस स्थिति को हल्के में नहीं ले सकता। भारत को पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण के प्रयासों को विफल करने के लिये हर संभव प्रयास करने होंगे। अब चाहे अमेरिका को ये पसंद आए, चाहे न आये। भारत के लिये यह कूटनीतिक चुनौती है और देशकाल परिस्थितियों के अनुरूप भारत को अपनी रीतियों-नीतियों को नए सिरे से निर्धारित करना चाहिए। यह जानते हुए कि हमारा दशकों से विश्वसनीय साथी व महाशक्ति रहा रूस आज उतनी मजबूत स्थिति में नहीं है। लंबे खिंच रहे यूक्रेन रूस संघर्ष ने रूस की अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक जगत में कभी मजबूत रही स्थिति को कमजोर ही किया है। ऐसे में भारत को बदलते परिदृश्य में कूटनीति को नये सिरे से परिभाषित करना होगा।

# योग-क्रांति से नये मानव एवं नये विश्व की संरचना संभव

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष

**योग एवं ध्यान के माध्यम से भारत दुनिया में गुरु का दर्जा एवं एक अनूठी पहचान हासिल करने में सफल हो रहा है। आज हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख स्वस्थ-शांतिपूर्ण जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है, जिसकी आज विश्व मानवता को सर्वाधिक अपेक्षा है। एक ऐसे विश्व में रहने की कल्पना करें जहां आपकी प्रत्येक सांस मानसिक शांति, शारीरिक शक्ति और हमारे साझा ग्रह पर सद्भाव को बढ़ावा देती हो। एक समय में एक मुद्रा, एक श्वास, एक क्षण, यह जानने के लिए कि योग किस प्रकार आपके जीवन और आपके आस-पास की दुनिया को बदल सकता है, योग दिवस का मुख्य ध्येय है। मनुष्य, पशु और पौधे सहित सभी जीवित प्राणी हमारे ग्रह को अपना घर मानते हैं। हमें प्राकृतिक दुनिया के साथ शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व बनाए रखते हुए इसकी देखभाल करनी चाहिए। योग हमें सद्भावना से रहना, सचेत रहना और समझदारी-विवेक से निर्णय लेना सिखाता है। हम योग का अभ्यास करके पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। पर्यावरण की स्थिति का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। जब हम अपने पर्यावरण और खुद का ख्याल रखते हैं तो सभी को फायदा होता है।**

हिंसा, युद्ध, आतंकवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा के दौर में दुनिया शांति एवं अमन चाहती है और इसका सशक्त माध्यम है योग। इंसान से इंसान को जोड़ने, शांति का जीवन जीने एवं स्वस्थ जीवन के लिये भारतीय योग के महत्व को दुनिया ने स्वीकारा है। योग भारत की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है, यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य का आधार है, संयम और अहिंसा प्रदान करने वाला तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण है। योग के व्यापक मानवहितकारी महत्व के कारण ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिये गये अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद सर्वप्रथम इसे 21 जून 2015 को पूरे विश्व में मनाया गया। इस वर्ष 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने योग दिवस की थीम 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' रखी है। इसे आसान भाषा में समझें तो 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगा' है। इसका मतलब है कि जिस तरह से पृथ्वी एक है ठीक उसी प्रकार से हमारा स्वास्थ्य भी एकमात्र है, जिसे हमें दुरुस्त रखने की जरूरत है। इसी से नये मानव एवं नये विश्व की संरचना संभव है। आज जबकि मनुष्य जीवन अनेक असाध्य बीमारियों से जूझ रहा है, ऐसे जटिल स्वास्थ्य-संकट के दौर में इस थीम का मुख्य उद्देश्य है कि हमें हमारे स्वास्थ्य की देखभाल करनी चाहिए क्योंकि स्वास्थ्य एकमात्र ऐसी चीज है, जिसके सहारे आप अपना स्वस्थ जीवन जीते हुए न केवल परिवार, समाज, राष्ट्र बल्कि विश्व के लिये एक ऊर्जा, एक शक्ति एवं एक गति बन सकते हो। प्रधानमंत्री मोदी ने योग को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने वाली जीवनशैली के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों में योग की पहुंच बढ़ाने और स्वस्थ, खुशहाल और अधिक सामंजस्यपूर्ण विश्व के निर्माण के लिए योग को एक साधन के रूप में उपयोग करने की दिशा में संयुक्त प्रयासों की अपील की। योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि अपने भीतर एकता की भावना, अहिंसा एवं शांति, दुनिया और प्रकृति की खोज है। हमारी बदलती जीवन-शैली में यह चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न महासंकट से निपटने में मदद कर सकता है। योग एवं ध्यान के माध्यम से भारत दुनिया में गुरु का दर्जा एवं एक अनूठी पहचान हासिल करने में सफल हो रहा है। आज हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख स्वस्थ-शांतिपूर्ण जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है, जिसकी आज विश्व मानवता को सर्वाधिक अपेक्षा है। एक ऐसे विश्व में रहने की कल्पना करें जहां आपकी प्रत्येक सांस मानसिक शांति, शारीरिक शक्ति और हमारे साझा ग्रह पर सद्भाव को बढ़ावा देती हो। एक समय में एक मुद्रा, एक श्वास, एक क्षण, यह जानने के लिए कि योग किस प्रकार आपके जीवन और आपके आस-पास की दुनिया को बदल सकता है, योग दिवस का मुख्य ध्येय है। मनुष्य, पशु और पौधे सहित सभी जीवित प्राणी हमारे ग्रह को अपना घर मानते हैं। हमें प्राकृतिक दुनिया के साथ शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व बनाए रखते हुए इसकी देखभाल करनी चाहिए। योग हमें सद्भावना से रहना, सचेत रहना और समझदारी-विवेक से निर्णय लेना सिखाता है। हम योग का अभ्यास करके पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। पर्यावरण की स्थिति का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। जब हम अपने पर्यावरण और खुद का ख्याल रखते हैं तो सभी को फायदा होता है। विश्व अनेक स्वास्थ्य एवं पारिस्थितिकी समस्याओं का सामना कर रहा है, जिनमें प्रदूषण, तनाव और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ शामिल हैं। योग शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक त्वरित, प्राकृतिक साधन है। अभी कुछ दिन पहले ही समाचारपत्रों में पढ़ा कि कैंसर क्यों होता है, इसके कई कारण हैं। एक कारण यह है कि जो लोग मस्तिष्क का सही उपयोग करना नहीं जानते, उनके कैंसर हो सकता है। मस्तिष्क विज्ञानी तो यह भी कहते हैं कि मस्तिष्क की शक्तियों का केवल चार या पांच प्रतिशत उपयोग आदमी करता है, शेष शक्तियां सुप्त पड़ी रहती है। यह भी कहा जाता है कि कोई मस्तिष्क की शक्तियों का उपयोग सात या आठ प्रतिशत करने में समर्थ हो जाए तो वह दुनिया का सुपर जीनियस बन सकता है। सबसे पहले हमारी जानकारी मस्तिष्क विद्या के बारे में होनी चाहिए। योग विद्या भारत की सबसे प्राचीन विद्या है। योगविद्या के आचार्यों ने मस्तिष्क विद्या से दुनिया का परिचय कराया था। हमारे मस्तिष्क में एक पर्त है एनीमल ब्रेन की। वह पर्त सक्रिय होती है तो आदमी का व्यवहार पशुवत हो जाता है। जितने भी हिंसक और नकारात्मक भाव हैं, वे इसी एनीमल ब्रेन की सक्रियता का परिणाम है। इसे संतुलित करने का माध्यम योग है। हमें अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम अपनी कमजोरियों पर ही नहीं, बल्कि उनसे उबरने के रास्तों पर भी विचार करेंगे। यहीं से हमारी तरक्की का रास्ता खुलता है और इसके लिये योग ही प्रभावी माध्यम है। हम अपनी समस्या को समझें और अपना समाधान खोजें। समस्याएं परेशान करती हैं। जरूरत खुद को काबू में रखने की होती है, हम दूसरों को काबू में करने में जुटे रहते हैं। आज विश्व में जो आतंकवाद, हिंसा, युद्ध, साम्प्रदायिक विद्वेष की ज्वलंत समस्याएं खड़ी हैं, उसका कारण भी योग का अभाव ही है। विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है- जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे योग को अपनाना होगा। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन आना, मूड का बिगड़ते रहना- ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लडने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। इनसे ग्रस्त व्यक्ति बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता है। हमें अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम योग को अपनी जीवनशैली बनायेंगे। योग एवं ध्यान एक ऐसी विधा है जो हमें भीड़ से हटाकर स्वयं की श्रेष्ठताओं से पहचान कराती है। हममें स्वयं पुरुषार्थ करने का जज्बा जगाती है। स्वयं की कमियों से रू-ब-रू होने को प्रेरित करती है। स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार कराती है। आज जरूरत है कि हम अपनी समस्याओं के समाधान के लिये औरों के मुंहताज न बने। ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान हमारे भीतर से न मिले। भगवान महावीर का यह संदेश जन-जन के लिये सीख बने- 'पुरुष! तू स्वयं अपना भाग्यविधाता है।' औरों के सहारे मुकाम तक पहुंच भी गए तो क्या? इस तरह की मंजिलें स्थायी नहीं होती और न इस तरह का समाधान कारगर होता है। आधुनिक भौतिकवादी एवं सुविधावादी जिंदगी मनुष्य को अशांति, असंतुलन, तनाव, थकान तथा चिड़चिड़ाहट की ओर धकेल रही हैं, जिससे अस्त-व्यस्तता बढ़ रही है। ऐसी विषमता एवं विसंगतिपूर्ण जिंदगी को स्वस्थ तथा ऊर्जावान बनाये रखने के लिये योग एक ऐसी रामबाण दवा है जो माइंड को कूल तथा बॉडी को फिट रखता है। योग से जीवन की गति को एक संगीत एवं शांतिमय रफ्तार दी जा सकती है। योग में गहरी दिलचस्पी लेने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक महान संकल्प लेकर उसे कार्यान्वित किया है। निश्चित ही उनकी योग-क्रांति विश्व मानवता के जीवन में विकास, अहिंसा, सुख और शांति का माध्यम बन रही है। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण से जुड़ा यह विज्ञान सम्पूर्ण दुनिया के लिए एक महान तोहफा है। **– ललित गर्ग**

# सेहत का बॉन्ड समाज सेवा के बीच एक सेतु का काम करेगा

## विजय गर्ग

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि पंजाब के सरकारी अस्पताल मरीजों के बढ़ते बोझ से चरमरा रहे हैं। समाज के गरीब व निम्न मध्यमवर्गीय मरीजों के उपचार की अंतिम शरण स्थली ही होते हैं सरकारी अस्पताल। विडंबना यह है कि सरकारी अस्पताल खुद ही डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे हैं। आंकड़ों की बात करें तो सरकारी अस्पतालों के लिये स्वीकृत पदों में आधे पद फिलहाल खाली है। नई पीढ़ी के डॉक्टर मरीजों के दबाव व आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के अभाव के चलते सरकारी अस्पतालों को कार्यस्थली बनाने से गुरेज करते रहे हैं। निस्संदेह, निजी क्षेत्र में मोटी तनख्वाह व सुविधाएं उन्हें आकर्षित करती हैं। इधर विदेशों का मोह भी उन्हें खूब लुभाता है। यही वजह है कि ग्रामीण ही नहीं, शहरी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की भारी कमी है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की तो ज्यादा ही कमी है। इस समस्या से निबटने के लिये पंजाब सरकार इस सत्र से एमबीबीएस और बीडीएस के छात्रों के लिए बॉन्ड नीति लेकर आई है। निश्चय ही सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में डॉक्टरों की पुरानी कमी से निपटने के लिये एक ऐसा साहसिक कदम उठाना बेहद जरूरी था। नये नियमों के तहत, राज्य सरकार द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेजों से स्नातक करने वाले डॉक्टरों को दो साल के लिये अनिवार्य रूप से सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में सेवा करनी होगी। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो बीस लाख रुपये की बॉन्ड राशि का भुगतान करना होगा। वहीं अखिल भारतीय कोटे के तहत स्नातकों को अनिवार्य रूप से एक साल की सेवा सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में देनी होगी। हालांकि, यह नीति बाध्यकारी है, लेकिन यह सुनिश्चित करने का एक जिम्मेदार प्रयास है कि राज्य चिकित्सा शिक्षा में निवेश का कुछ लाभ राज्य के लोगों को भी मिलना चाहिए। यह तार्किक बात है कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों को राज्य सरकार भारी सब्सिडी भी देती है। दूसरे शब्दों में कहें तो राज्य के मेडिकल कॉलेजों की सीटों के लिये करदाताओं द्वारा एक अंशदान दिया जाता है। यह उचित होगा कि छात्र स्नातक होने के बाद समाज में कुछ योगदान जरूर दें। यह इसलिये भी जरूरी है कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की भारी कमी है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति बहुत अधिक विकट है क्योंकि आमतौर डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने से कतराते हैं। बताया जाता है कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में स्वीकृत डॉक्टरों के 3,847 पदों में पचास फीसदी पद रिक्त हैं। सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सकों के न होने का खमियाजा मरीजों को चिकित्सा सुविधाओं के अभाव के रूप में भुगतना पड़ता है। उन्हें मजबूरी में निजी अस्पतालों के महंगे उपचार लेने के लिये बाध्य होना पड़ता है। वर्षों से यह ट्रेंड चला आ रहा है कि डॉक्टर निजी प्रैक्टिस या विदेशों में बेहतर अवसरों की तलाश में सार्वजनिक चिकित्सा सेवा से किनारा करते रहे हैं। जिसके चलते शहरी-ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के बीच में एक बड़ा अंतर पैदा हो गया है। निश्चित रूप से बॉन्ड नीति इस असंतुलन को दूर करने की दिशा में प्रयास करेगी। इसके साथ ही कतिपय छात्र समूहों का बॉन्ड नीति का विरोध भी समझ में आता है। लेकिन बॉन्ड नीति को खत्म करने की बजाय उनकी चिंता बेहतर कामकाजी परिस्थितियां बनाए जाने के लिये हो। साथ ही कैरियर प्रगति के बेहतर अवसरों के मुद्दों को भी संबोधित किए जाने की जरूरत है। निस्संदेह, एक साल या दो साल का अनिवार्य कार्यकाल एक उचित मांग है, खासकर जब यह कदम सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूती दे सके। वैसे पंजाब सरकार की बॉन्ड नीति कोई नई बात नहीं है। पहले ही कई केंद्रीय संस्थानों और अन्य राज्यों में इसी तरह के मॉडल काम कर रहे हैं। पंजाब को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस नीति का प्रभावी क्रियान्वयन हो। समय पर नियुक्तियां हों और युवा स्नातकों को पर्याप्त प्रोत्साहन मिले। निस्संदेह, स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिये और अधिक देरी नहीं की जा सकती। निस्संदेह, यह बॉन्ड रूपी बंधन शिक्षा और समाज सेवा के बीच एक सेतु का काम करेगा। भगवान का दूसरा रूप कहे जाने वाली चिकित्सा बिरादरी को भी इस भरोसे को कायम रखना होगा।

## सेहत मंत्र

# शरीर के कई अंगों को प्रभावित कर सकता है सिक्कल सेल एनीमिया

एनीमिया की बात करें तो यह बहुत आम है लेकिन लोगों में इसके प्रति जानकारी का बहुत आभाव है, साथ ही आम तौर पर शरीर में सिर्फ खून की कमी को ही एनीमिया मान लिया जाता है, जिसके प्रचलित उपायों में खूब नारियल पानी पीना, चुकंदर खाना जैसी सलाह दी जाती हैं ताकि शरीर में खून की कमी पूरी हो, लेकिन एनीमिया सिर्फ खून की कमी का नाम नहीं है। एनीमिया होने के बहुत से कारण हो सकते हैं जिसमे कई तरह के पोषण की कमी से लेकर जटिल अनुवांशिक विकार भी हो सकते हैं। इसलिए ये तो एक भ्रान्ति है कि एनीमिया सिर्फ खून की कमी नाम है। नोएडा स्थित जेपी अस्पताल की एसोसिएट्स कंसलटेंट- हेमटो ओन्कोलोजी डॉक्टर एशा कौल का कहना है कि गौर करें तो दुनिया में सैकड़ों तरह के एनीमिया पाए जाते हैं और हरेक एनीमिया की अपनी तरह की जटिलताएं होती हैं और अलग तरह के इलाज और सावधानी की ज़रूरत होती है। आंकड़ों के अनुसार दुनिया भर में लगभग 24.8 फ़ीसदी लोग एनीमिया की किसी न किसी किस्म से पीड़ित हैं, ऐसे में इसके प्रति जागरूकता का होना बहुत ज़रूरी है। सिक्कल सेल एनीमिया इनमे से एक जोखिम भरा एनीमिया है। यह एक तरह का अनुवांशिक एनीमिया है। एक ऐसा जटिल प्रकार का एनीमिया जिसमें मरीज के शरीर के कई ऑर्गन प्रभावित होते हैं, यहां तक कि जीवनशैली और जीवन प्रत्याशा पर भी असर पड़ता है। सिक्कल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक रोग है। यदि माता पिता दोनों इसी बीमारी से पीड़ित हैं, तो 25 फीसदी सम्भावना है कि होने वाले शिशु को भी यह होगा। और यदि दोनों में से कोई एक इस बीमारी से पीड़ित है तो शिशु के स्वस्थ होने की कुछ हद तक सम्भावना तो है लेकिन वह इसका वाहक भी हो सकता है। सिक्कल सेल एनीमिया और उससे जुड़े जोखिम को ध्यान में रखते हुए, और जिन परिवारों में यह बीमारी पहले से मौजूद है उनमें शिशु के जन्म से पहले ही पता लगाया जाना सहायक होता है।

## धर्म मंत्र

# भगवान विष्णु का वह धाम, जहां रक्षाबंधन पर होता है पत्थर से युद्ध

मां वाराही धाम देवीधुरा का मंदिर देश के गिने चुने वैष्णव मंदिरों में से एक है। यह देवभूमि उत्तराखंड का अद्भुत-अलौकिक धाम है। यहां पर पृथ्वी माता की वाराही स्वरूप में पूजा होती है। भगवान विष्णु का यह धाम रक्षाबंधन के दिन पत्थर युद्ध के लिए भी प्रसिद्ध है। पौराणिक कथा के अनुसार, जब हिरणाक्ष पृथ्वी को पाताल लोक ले जा रहा था तो पृथ्वी ने भगवान विष्णु से अपनी रक्षा के लिए करुण पुकार की। उनकी पुकार सुनकर भगवान विष्णु बैकुंठ छोड़कर पृथ्वी को बचाने चले आए। श्रीहरि ने वाराह अवतार लेकर पृथ्वी को अपने वाम अंग में ले लिया और उसे डूबने से बचाया, तभी से पृथ्वी स्वरूपा वैष्णवी वाराही कहलाई। मां वाराही सदियों से यहां गुफा में विराजमान हैं, भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए उनके दर्शन करने आते हैं। ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से गर्भ गुफा में प्रवेश कर मां वाराही का ध्यान करता है, मां वाराही उसकी समस्त मनोकामनाओं को पूरी कर देती हैं। हर साल रक्षाबंधन के दिन यहां पत्थर से युद्ध होता है। वाराही धाम में होने वाले युद्ध को 'बग्वाल' कहा जाता है। देवीधुरा के खोलीखांड़ दुबाचौड़ में वालिक, लमगड़िया, चम्याल और गहड़वाल खामों यानी दलों के लोग दो भागों में बंटकर यह पत्थर युद्ध खेलते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, देवासुर संग्राम में मुचकुंद राजा की सेना ने भी भाग लिया था, जिसने असुरों को मां बाराही की कृपा से पराजित किया था। तब देव सेना ने प्रसन्न होकर प्रतीक स्वरूप बग्वाल खेली और ई-ह-हा-हा-इ-ही का वैदिक उद्घोष किया।

पर्यटन



# दक्षिण अफ्रीका है विश्व का सबसे बड़ा नेचर रिजर्व

काजा परियोजना विश्व का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय नेचर रिजर्व है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के कुछ सबसे गरीब क्षेत्रों में संरक्षण की इस लड़ाई में कदम-कदम पर चुनौतियां हैं। इसमें पर्यटन तथा वन्यजीव संरक्षण के बीच सही संतुलन बनाना भी शामिल हैं। अधिकतर पर्यटक जंगली जानवरों को देखने ही अफ्रीका जाते हैं। इस परियोजना से रिलेटिड एक कहानी भी सुनने में सामने आई है। असल में पीटर सिबांडा एक सुबह जागे तो उन्होंने पाया कि रात को उनकी सभी बकरियों को शेरनी खा गई। हालांकि जंगली जानवर पीटर के दैनिक जीवन का हिस्सा हैं। एक सफारी गाइड के रूप में शेरों की एक झलक पाने के लिए लालायित पर्यटकों को शेरों के व्यवहार के बारे में बताते हुए जंगल की सैर करवाना ही उनका काम है। वह जिम्बाब्वे के ह्वांगे राष्ट्रीय उद्यान के करीब एक लॉज में काम करते हैं। उनके अनुसार उनके देश की विरासत ( वन्यजीव) लोगों के लिए खतरा और आय का एक स्त्रोत,दोनों हैं। अफ्रीका में पर्यटकों को आकर्षित करने में भी यहां के वन्यजीवों का ही सबसे बड़ा योगदान है। अनेक पर्यटक तो सिर्फ और सिर्फ जंगली जानवरों को देखने के लिए ही दक्षिण अफ्रीका जाते हैं। ह्वांगे राष्ट्रीय उद्यान जिंबावे का सबसे बड़ा संरक्षित क्षेत्र है लेकिन वहीं उससे कहीं बड़ी तथा महत्वाकांक्षी परियोजना- 'कवांगो जाम्बेजी ट्रांसफ्रंटियर कन्जर्वेशन एरिया' यानी 'काजा' का एक छोटा-सा हिस्सा है। 'काजा' विश्व का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक क्षेत्र है जो 5 देशों में 5 हजार 20 किलोमीटर में फैला है। इस रिजर्व में 36 राष्ट्रीय उद्यान हैं तथा 2 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल-विक्टोरिया फॉल्स और ओकावांगो डेल्टा शामिल हैं। 'काजा' के प्रभारी - नामीबिया, जांबिया, जिंबावे, अंगोला और बोत्सवाना के अधिकारी-सभी देशों की सीमाओं के आर-पार इस रिजर्व की रक्षा के लिए लड़ने के साथ स्थानीय लोगों की इस जैव विविधता तक पहुंच को सुनिश्चित बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

# कल्याणी कराह रही है मूर्तियाँ डूबी नहीं, नदी की आत्मा डूब गई

**इतने के बावजूद अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हम, मूल स्वरूप खो रही हमारी विरासत**

विकास तिवारी



बाराबंकी। कभी आस्था की धारा कहलाने वाली कल्याणी नदी आज चुपचाप अपने ही आँसुओं में बह रही है। बूढ़वा बाबा मंदिर के पास बहती यह नदी अब बहती नहीं – ठहर गई है। जल नहीं, उसमें अब टूटी मूर्तियाँ हैं३ पिघली आस्थाएँ हैं३ और एक समाज की उदासीनता है।

हर साल नवरात्रि के बाद मां दुर्गा की प्रतिमाएँ भक्ति भाव से इस नदी में विसर्जित की जाती हैं। पर विसर्जन के नाम पर जो छोड़ा जाता है, वह केवल मिट्टी की मूर्तियाँ नहीं, बल्कि अपवित्रता, प्लास्टिक, कपड़े, सजावट का सामान और हजारों किलो कचरा है। पानी की धारा थम चुकी है। अब नदी में बहाव नहीं, सड़न है – जीवन नहीं, दुर्गंध है।

दरियाबाद और भिटरिया के लगभग पचास स्थानों से कल्याणी में मूर्तियाँ लाई जाती हैं। परंतु अब वहां विसर्जन नहीं होता, सिर्फ 'फेंका' जाता है। पुल के दोनों ओर एक-एक किलोमीटर तक ठहरा हुआ गंदा पानी केवल नदी की नहीं, हमारी संवेदनाओं की भी मृत्यु का प्रमाण है।

जिस नदी को हमारी पीढ़ियों ने श्रद्धा से पूजा, उसी के सीने पर हम हर साल आस्था की कब्रें गाड़ आते हैं।

लेकिन इस चुप्पी में एक स्वर उठा है – गायत्री परिवार रामसनेहीघाट का। डॉ. शिवाकांत त्रिपाठी की अध्यक्षता में रविवार सुबह 8 बजे श्रमदान से नदी की सफाई का निर्णय लिया गया है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है – ''नदी कोई साधारण जलधारा नहीं, यह हमारी संस्कृति की आत्मा है। इसे बचाना अब केवल धर्म नहीं, कर्तव्य है।''

आज सवाल यह नहीं है कि नदी में क्या बचा है३ सवाल यह है कि हमारे भीतर अब क्या बचा है?

क्या हम सिर्फ तमाशबीन रहेंगे या कल्याणी की पीड़ा को महसूस कर एकजुट हो उसे फिर से जीवित करेंगे? यह खबर नहीं, एक करुण पुकार है – एक नदी की, जो मर रही है। और साथ में मर रही है हमारी आत्मा।

# नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का शिक्षक संघ ने किया स्वागत

**कार्य में पारदर्शिता और शीघ्र निस्तारण का दिया आश्वासन**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । जूनियर शिक्षक संघ हैदरगढ़ द्वारा नवागत खंड शिक्षा अधिकारी श्री धर्मेन्द्र प्रसाद का आत्मीय स्वागत किया गया। श्री प्रसाद के कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रुद्र कान्त बाजपेयी ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी श्री प्रसाद ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि अध्यापकों से जुड़ा कोई भी कार्य उनके स्तर पर लंबित नहीं रखा जाएगा। उन्होंने कार्य में पारदर्शिता, शीघ्रता तथा समर्पण के साथ शिक्षक हितों की रक्षा का भरोसा दिलाया। स्वागत समारोह के दौरान ब्लॉक मंत्री रजनीश शुक्ल, वरिष्ठ शिक्षकगण बेनी प्रसाद, रामशंकर, ललित प्रकाश शुक्ल, श्रवण कुमार शुक्ल, रामदत्त अवस्थी सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने श्री प्रसाद को नए दायित्व की शुभकामनाएँ देते हुए उनके कार्यकाल को प्रेरणास्पद एवं शिक्षक हितैषी बनने की आशा व्यक्त की।

# साइबर क्राइम की त्वरित कार्रवाई, पीड़ित को वापस दिलाये 3.71 लाख की धनराशि




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद बाराबंकी के साइबर क्राइम थाना ने बड़ी तत्परता दिखाते हुए एपीके फाइल रिमोट शेयरिंग ऐप के माध्यम से हुए साइबर फ्रॉड में पीड़ित को ?3,71,000 की राशि वापस दिलाने में सफलता पाई है। मालिनपुर थाना रामसनेहीघाट निवासी आमोद कुमार सिंह द्वारा ऑनलाइन पोर्टल 1930 के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई थी कि अज्ञात व्यक्ति ने एपीके ऐप के माध्यम से उनका मोबाइल हैक कर यूपीआई के जरिए लगभग 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक और मर्चेंट से संपर्क कर खाते होल्ड कराए और ?3,71,000 की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई। टीम में निरीक्षक विनय प्रकाश राय (प्रभारी साइबर सेल), निरीक्षक संजीव कुमार यादव (प्रभारी साइबर थाना), उपनिरीक्षक इफलाक अहमद, उपनिरीक्षक सत्येंद्र पांडेय, मुख्य आरक्षी नीरज यादव व जितेंद्र आदि शामिल रहे ।

# दारोगा की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत, अंतिम संस्कार में दी गई गार्ड ऑफ ऑनर सलामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। अमेठी जनपद में तैनात दरोगा मंजीत सिंह की शुक्रवार प्रातः आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बांगरमऊ के निकट बस और कार की टक्कर में घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। वे राजस्थान से दबिश देकर लौट रहे थे। मृतक का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव गढ़ीमऊ में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया, जहां क्षेत्रीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

मूल रूप से रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गढ़ीमऊ निवासी 30 वर्षीय दरोगा मंजीत सिंह पुत्र रामविलास वर्ष 2015 बैच के उप निरीक्षक थे तथा वर्तमान में कोतवाली अमेठी में तैनात थे। गुरुवार रात्रि वे एक युवती की बरामदगी हेतु हेड कांस्टेबल प्रदीप तिवारी के साथ राजस्थान गए थे। वापसी के दौरान शुक्रवार सुबह लगभग 5 बजे बांगरमऊ टोल प्लाजा के समीप उनकी कार अनियंत्रित होकर एक निजी बस से टकरा गई, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

मंजीत सिंह अपने परिवार सहित लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र स्थित सर्वोदय नगर में निवासरत थे। उनके परिवार में पत्नी एवं तीन माह की नवजात पुत्री है। उनके पिता लखनऊ उच्च न्यायालय में कार्यरत हैं जबकि छोटा भाई प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। दरोगा मंजीत की असामयिक मृत्यु से गांव एवं पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार में राज्य मंत्री सतीश शर्मा, क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्र, अमेठी सीओ मनोज मिश्र, कोतवाल धीरेंद्र यादव सहित अनेक अधिकारी व गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## विद्युत कटौती और लो वोल्टेज से परेशान क्षेत्रीय जनता

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े दर्जनों गांवों में इन दिनों अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है। भीषण गर्मी में रात-दिन घंटों बिजली गुल रहने से लोग त्रस्त हैं। बीते बुधवार को रात्रि एक बजे आपूर्ति बाधित हुई जो पूरी रात बहाल नहीं हो सकी। गुरुवार को भी बिजली कई बार बाधित रही। शुक्रवार को प्रातः से दोपहर एक बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रही। रही-सही कसर लो वोल्टेज ने पूरी कर दी है, जिससे पंखे व कूलर नाम मात्र को चल पा रहे हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि विभागीय अधिकारी समस्या की जानकारी के बावजूद कोई प्रभावी कदम नहीं उठा रहे हैं। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से इस विकट समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की जा रही है।

## पूर्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एक धरती, एक स्वास्थ्य थीम पर हुआ योगाभ्यास

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी तथा क्षेत्रीय आयुष एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वीनम यादव के निर्देशन में शुक्रवार को अम्बेडकर चौराहा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के पूर्वाभ्यास का आयोजन ‟एक धरती, एक स्वास्थ्य” थीम पर किया गया। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति/पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति, बिरजू संस्थान, बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान, श्री कपिल मुनि योग एवं साधना केंद्र पल्हरी से जुड़े लगभग 125 योगाभ्यासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राजेश गौतम ने किया। योगाभ्यास का नेतृत्व प्रसिद्ध योगाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को फलदार एवं औषधीय पौधे वितरित किए गए तथा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। योगाचार्य डॉ. अवस्थी ने प्रतिभागियों को ‟हरित क्रांति” की दिशा में कदम बढ़ाते हुए 'पौध रोपण, पौध संरक्षण', 'धरती को हरा-भरा बनाएंगे, स्वस्थ समाज का निर्माण करेंगे' जैसे संकल्प दोहराए। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार, महासचिव राम औतार, कोषाध्यक्ष जे.एल. भास्कर, उपाध्यक्ष अमरेश बहादुर, देव कुमार गुप्ता, सचिव मंशाराम कनौजिया सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। श्री कपिल मुनि योग एवं साधना केंद्र से रामानंद वर्मा, सुधीरकांत मौर्य, अशोक वर्मा, डॉ. राम समुझ वर्मा, राम लोटन शुक्ल, दिलीप कुमार, सुशील कुमार, अजय मौर्य एवं संतोष चौधरी समेत बड़ी संख्या में योग प्रेमियों ने सहभागिता करते हुए पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया।

## जनता से सीधा संवाद, और पीड़ित को न्याय दिलाना मेरी प्राथमिकताओं में : अभिमन्यु मल

हैदरगढ़ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवागत प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल ने बुधवार को हैदरगढ़ कोतवाली में अपना कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता से सीधा संवाद स्थापित कर पीड़ित को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक मल ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि थाने का माहौल आम जनता के लिए सहज और विश्वासपूर्ण बनाया जाएगा। कोई भी पीड़ित व्यक्ति बेझिझक अपनी समस्या सीधे उनसे आकर साझा कर सकता है। इसके लिए वे थाना परिसर में जन संवाद कक्ष की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, जहां रोजाना एक निर्धारित समयावधि में वह स्वयं जनसुनवाई करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बीट पुलिसिंग को सक्रिय किया जाएगा, जिससे हर मोहल्ले और गांव तक पुलिस की सीधी पहुंच बन सके। खासतौर से महिला सुरक्षा को लेकर विशेष कार्य योजना तैयार की जा रही है। इसके अंतर्गत विद्यालयों, बाजारों और संवेदनशील स्थलों पर नियमित पेट्रोलिंग के साथ महिला हेल्प डेस्क को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। श्री मल ने कहा कि अपराध पर नियंत्रण तथा अपराधियों पर सख्त कार्रवाई उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि किसी भी स्थिति में कानून का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और क्षेत्र में अमन-चैन कायम रखने के लिए पूरी पुलिस टीम प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर थाने के अन्य अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय गणमान्य नागरिक व समाजसेवी भी मौजूद रहे। सभी ने नवागत प्रभारी निरीक्षक का स्वागत कर अपेक्षा जताई कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था को नया आयाम मिलेगा।

## गोवध के लिए ले जाए जा रहे डीसीएम वाहन को पुलिस ने जब्त किया

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोवंश तस्करी पर सख्ती के तहत बाराबंकी पुलिस ने एक डीसीएम वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए थाना हैदरगढ़ पुलिस ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 45.5 किलोमीटर के पास लावारिस हालत में खड़े पीले रंग के डीसीएम (यूके 17 सीए 5549) से 13 गोवंशीय सांड बरामद किए। इनमें से 9 की मौके पर ही मृत्यु हो चुकी थी, जबकि 4 को जीवित हालत में रेस्क्यू किया गया। उक्त वाहन गोवध के उद्देश्य से प्रयुक्त किया गया था। मामले में गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वाहन की जांच में इसके स्वामी मो0 अब्बास निवासी भारत नगर, जैदी कॉलोनी, रूड़की, हरिद्वार (उत्तराखंड) पाए गए। प्रभारी निरीक्षक हैदरगढ़ द्वारा जिलाधिकारी को प्रेषित आख्या के आधार पर उक्त वाहन को गोवध निवारण अधिनियम की धारा 5(क)/7 के अंतर्गत जब्त कर लिया गया।

## योग दिवस के उपलक्ष्य में श्री जी पैलेस में आज शाम को होगी कवि गोष्ठी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून 2025, शनिवार को शाम 6 से 9 बजे के बीच काव्य गोष्ठी का आयोजन श्री जी पैलेस, निकट सिरसा चौराहा में आयोजित की जा रही है। इस गोष्ठी में मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के गुर कविताओं के माध्यम से समझाए जाएंगे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी अंतिम चरण में जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**प्रभारी मंत्री श्री सुरेश राही योग दिवस में करेंगे प्रतिभाग**

बाराबंकी । अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को जनपद में उत्साहपूर्वक एवं भव्य रूप से मनाया जाएगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी बाराबंकी श्री शशांक त्रिपाठी ने गुरुवार को योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम स्थल राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम बाराबंकी का निरीक्षण किया। उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी नवाबगंज श्री आनन्द कुमार तिवारी, ईओ नगर पालिका नवाबगंज श्री संजय शुक्ला सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, मंच की साज-सज्जा, प्रतिभागियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय तथा विद्युत आपूर्ति आदि व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योग दिवस के आयोजन में कोई भी कमी न रहे, इसके लिए समुचित व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि प्रतिभागियों की सुविधा हेतु पर्याप्त मात्रा में मैटिंग, चिकित्सा सहायता, ट्रैफिक व पार्किंग व्यवस्था और आपात स्थिति से निपटने हेतु सभी बिंदुओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने आयोजन समिति को निर्देशित किया कि योगाभ्यास सत्र में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप ही कार्यक्रम का संचालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन ने बताया कि जनपद के सभी शैक्षिक संस्थानों, ब्लॉकों एवं नगरीय निकायों में भी योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें आम जनमानस, छात्र-छात्राएं, अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वयंसेवी संस्थाएं भाग लेंगी। अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाते हुए कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु पूर्ण तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए।

**प्रभारी मंत्री मा0 श्री सुरेश राही योग दिवस में करेंगे प्रतिभाग**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21जून 2025 को राजकीय इंटर कॉलेज बाराबंकी के ऑडिटोरियम में आयोजित योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिले प्रभारी मंत्री/कारागार मंत्री मा0 श्री सुरेश राही जी मुख्य अतिथि के रूप में प्रातः 7 बजे प्रतिभाग करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मा0 अध्यक्ष, जिला पंचायत बाराबंकी, मा0 विधान परिषद सदस्य, मा0 विधायकगण एवं मा0 जिलाध्यक्ष, भा0ज0पा0 व जनप्रतिनिधिगण सहित जिले के अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, शिक्षक-छात्र और कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# माल ढोते ई-रिक्शा बने हादसों का कारण, प्रशासन मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा, बाराबंकी। क्षेत्र में ई-रिक्शाओं द्वारा सवारी ढोने की जगह भारी सामान जैसे लकड़ी, पाइप, सब्जी एवं निर्माण सामग्री का परिवहन आम होता जा रहा है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होने की आशंका बढ़ गई है। यह प्रवृत्ति न केवल अवैध है, बल्कि यातायात सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत चिंताजनक है। शुक्रवार को लखनऊ-महमूदाबाद हाइवे पर देखा गया कि एक ई-रिक्शा की छत पर भारी भरकम टीन शेड और पाइप लदे थे, जबकि उसमें सवारियां भी बैठी थीं। ऐसे दृश्य आम हो चले हैं, परंतु पुलिस-प्रशासन इन पर कोई कार्यवाही नहीं करता, जिससे नियम तोड़ने वालों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। गौरतलब है कि ई-रिक्शा का पंजीकरण केवल सवारी परिवहन हेतु होता है, माल ढोने के लिए नहीं। परंतु पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है, जिससे ऐसे वाहन चालक बेखौफ होकर न केवल नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, बल्कि लोगों की जान को भी खतरे में डाल रहे हैं।

# मोहर्रम को लेकर थाना मसौली में शांति समिति बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली, बाराबंकी। आगामी मोहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर शुक्रवार को मसौली थाना परिसर में उपजिलाधिकारी सदर आनंद कुमार तिवारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में उपजिलाधिकारी श्री तिवारी ने कहा कि मोहर्रम हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाने वाला पर्व है, जिसे सादगी एवं अनुशासन के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से पूर्व निर्धारित परंपरागत मार्गों से ही अलम एवं ताजिए के जुलूस निकालने का आग्रह किया। वहीं, सीओ गरिमा पंत ने ताजियों की ऊंचाई व मार्ग में किसी प्रकार का परिवर्तन न करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे त्योहार को संयमपूर्वक एवं बुजुर्गों के मार्गदर्शन में मनाएं। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि सभी जुलूस पूर्व निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएं तथा पुलिस के साथ सहयोग करते हुए अमन-चैन बनाए रखें। उन्होंने कहा कि शांति भंग करने की किसी भी कोशिश पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कस्बा बड़ागांव के जुलूस संबंधी विवाद का आपसी सहमति से समाधान किया गया तथा न्यायालय के आदेशानुसार कार्रवाई का निर्णय लिया गया। बैठक में एसडीओ विद्युत विमलेश मौर्य, अवर अभियंता लालजी सिंह, नायब तहसीलदार तहजीब हैदर, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ताजियादार उपस्थित रहे।

## तहसील का महिला हेल्प डेस्क बना शो पीस कर्मचारी गायब कुर्सियों पर जमी धूल

पूरनपुर।तहसील परिसर में तत्कालीन एसडीएम शशि भूषण राय ने तहसील में पूछताछ केंद्र बनवाया था। जिससे फरियादियों को जानकारी के लिए इधर उधर भटकना न पड़े और उन को सभी जानकारी पूछताछ केंद्र पर ही मिल जाए। इसको लेकर एक महिला कर्मचारी भी पूछताछ केंद्र में तैनात की गई थी। तत्कालीन एसडीएम के ट्रांसफर के बाद पूछताछ केंद्र को महिला हेल्प डेस्क बना दिया गया। महिला हेल्प डेस्क में लगा शीशा टूट गया और उसमें पड़ी कुर्सियों पर धूल जम गई है। क्योंकि पूछताछ केंद्र संशोधन के बाद से कौई भी कर्मचारी वहां नहीं बैठता है और वह खाली पड़ा रहता है। याह आने वाले फरियादी लेखपाल या अन्य किसी जानकारी को लेकर तहसील परिसर में भटकते रहते हैं और जिम्मेदार अधिकारी मौन है। शुक्रवार की सुबह 11 वजे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# एफआईएच प्रो लीग में भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें बेल्जियम के खिलाफ मैदान में उतरेंगी

एजेंसी

नई दिल्ली। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के अंतिम चरण में भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें बेल्जियम के खिलाफ मैदान में उतरेंगी। यूरोप दौरे पर वर्ल्ड कप क्वालीफिकेशन की उम्मीदों के साथ उतरी भारतीय टीमों का प्रदर्शन उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा। अब बची हुई दो मुकाबलों में टीमों की नजर सम्मानजनक जीत के साथ अभियान को समाप्त करने पर है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम लगातार छह हार के बाद अब मौजूदा दौर की सबसे मजबूत टीमों में से एक, बेल्जियम से भिड़ेगी। बेल्जियम ने हाल ही में स्पेन को 6-3 से हराया था, हालांकि उससे पहले वे उसी टीम से 1-2 से हार गए थे। बेल्जियम इस समय अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है, जबकि भारत आठवें स्थान पर फिसल चुका है।



भारतीय टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, ल्लपरिणाम हमारे अनुकूल नहीं रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि हमने खराब हॉकी खेली है। असली दुख तब होता है जब आप अच्छा खेलें लेकिन नतीजे ना मिलें। इन दो मुकाबलों में हमारा लक्ष्य डिफेंस को मजबूत बनाना और स्कोरिंग के अवसर बनाना होगा। भारतीय महिला टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि उनकी टीम दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम के खिलाफ मुकाबले के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, ल्लऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों मुकाबले और अर्जेंटीना के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट तक गया मुकाबला हमारे लिए सीख देने वाले रहे। पिछली बार जब हम बेल्जियम से भिड़े थे, हमने उन्हें कोई आसान जीत नहीं दी थी। इस बार भी हम उसी आत्मविश्वास और तैयारी के साथ उतरेंगे। भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें 21 और 22 जून को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ डबल-हेडर मुकाबले खेलेंगी। ये मैच भारत के लिए प्रो लीग में अपना अभियान बेहतर अंत देने का आखिरी मौका होंगे।

# मिडलसेक्स ने डेन विलास को अंतरिम फर्स्ट टीम कोच नियुक्त किया

एजेंसी

लंदन। काउंटी क्रिकेट क्लब मिडलसेक्स ने पूर्व दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर-बल्लेबाज़ डेन विलास को मौजूदा सीज़न के अंत तक अंतरिम फर्स्ट टीम कोच नियुक्त किया है। यह फैसला रिचर्ड जॉनसन के पद छोड़ने के दो दिन बाद लिया गया, जिन्होंने तीन साल से अधिक समय तक कोच की भूमिका निभाई। 40 वर्षीय विलास ने 2023 सीज़न के अंत में फर्स्ट-क्लास क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह सात वर्षों तक लंकाशायर के लिए खेले और वहीं टीम की कप्तानी भी की। हालांकि, वह फ्रेंचाइज़ी लीग एसए 20 में खेलना जारी रखे हुए थे। अब वह लंदन में ही बसे हुए हैं और तुरंत प्रभाव से मिडलसेक्स की जिम्मेदारी संभालेंगे। मिडलसेक्स की मौजूदा स्थिति



संतोषजनक नहीं रही है। काउंटी चैम्पियनशिप के डिविजन दो में टीम तीसरे स्थान से नीचे है, और शुरुआती सात मैचों में केवल दो जीत दर्ज कर पाई है। टी20 ब्लास्ट में भी स्थिति कुछ ऐसी ही है, जहां टीम ने हाल ही में गुरुवार को केवल अपना दूसरा मुकाबला जीता, जिसके कुछ देर बाद विलास की नियुक्ति की घोषणा की गई। मिडलसेक्स के क्रिकेट निदेशक एलन कोलमैन ने कहा,''मैं डेन का क्लब में स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हूं। उनके पास बहुत अनुभव है, जो हमारे खिलाड़ियों के लिए बेहद फायदेमंद रहेगा। उन्होंने हाल ही में खेल को अलविदा कहा है, लेकिन लंकाशायर की कप्तानी के दौरान उनके नेतृत्व कौशल ने मुझे प्रभावित किया। उनका जुनून, प्रतिस्पर्धात्मकता और सभी प्रारूपों का अनुभव हमारे लिए महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने आगे कहा, ''डेन को कोचिंग टीम में रॉरी कौट्स, टिम मर्टग और इयान सैलिसबरी का सहयोग मिलेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि यह टीम खिलाड़ियों के प्रदर्शन को निखारने में अहम भूमिका निभाएगी। डेन विलास, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 6 टेस्ट और 1 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेला है, ने अपनी नियुक्ति पर कहा,''यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है।

लॉर्ड्स जैसे ऐतिहासिक मैदान का हिस्सा बनना विशेष अनुभव है।

# संक्षिप्त समाचार

## राहुल और प्रसिद्ध के साथ खेलना बहुत सुकून देने वाला है: करुण नायर

**लीड्स।** लंबे समय बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में बचपन के साथी केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा की मौजूदगी से उन्हें सहज रहने में मदद मिली और वह आठ साल बाद मिले मौके का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला करुण के लिए टीम में अपनी जगह पक्की करने का मौका है। वह कई साल पहले टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने थे। नायर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वेबसाइट पर जारी किए गए वीडियो में कहा, ''मैं चीजों को बहुत सरल बनाए रखने की कोशिश करता हूं, हमेशा सकारात्मक चीजों के बारे में सोचता हूं, मन में कुछ लक्ष्य रखता हूं, चीजों की कल्पना करता हूं और जो कल्पना करता हूं उस पर पूरा विश्वास रखता हूं। उन्होंने कहा, ''राहुल और प्रसिद्ध के साथ खेलना भी बहुत सुकून देने वाला है। हम बचपन से एक दूसरे के साथ खेलते रहे हैं। करुण और राहुल दोनों की उम्र 33 साल है। वे एक साथ आयु वर्ग क्रिकेट खेल चुके हैं और तब से घनिष्ठ मित्र हैं। उन्होंने कहा, ''जीवन अपना एक चक्र पूरा कर चुका है, क्योंकि मैं इंग्लैंड में टीम से बाहर हो गया था और अब मैं इंग्लैंड में टीम में वापसी कर रहा हूं। मैं लंबे समय तक टीम से बाहर रहा और इसे मैं आत्मसात करता हूं। उन्हें 2017 में भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। नायर ने कहा, ''टीम से बाहर होने के बाद जब मैं अगली सुबह उठा तो मेरे मन में पहला विचार यही आया कि मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं फिर से भारत के लिए खेलना चाहता हूं। शायद यही बात मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती रही। मुझमें भूख बनी रही और यही बात मुझे प्रतिदिन अभ्यास करने के लिए प्रेरित करती रही। उन्होंने कहा, ''मेरा लक्ष्य फिर से टेस्ट क्रिकेट खेलना था। हर दिन, हर सुबह मैं यह सोचता था कि मुझे उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए क्या करना चाहिए। उस विश्वास को कभी नहीं खोना और उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए दृढ़ संकल्प होना, ऐसी चीज थी जिसने मेरी मदद की।

## हेडन और स्मिथ ने कहा, भारत को भारी पड़ सकती है अनुभवहीनता

**लीड्स।** अपने जमाने के दिग्गज क्रिकेटर मैथ्यू हेडन और ग्रीम स्मिथ का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के हाल में संन्यास लेने से भारतीय टीम काफी अनुभवहीन हो गई है और उसे इंग्लैंड की तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा। हेडन ने आईसीसी से कहा, ''मुझे लगता है कि भारत को वास्तव में संघर्ष करना पड़ेगा। शुभमन गिल युवा कप्तान हैं, जो पूरी तरह से प्रतिकूल माहौल तथा तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल और उछाल वाली परिस्थितियों में खेल रहे हैं। यह एक वास्तविक चुनौती होगी। भारतीय टीम के लिए यह दौरा कड़ी अग्नि परीक्षा होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, ''जब भी कोई टीम इंग्लैंड के दौरे पर आती है तो उसके लिए यहां की परिस्थितियां पूरी तरह से विपरीत होती हैं। इसलिए मैं इस श्रृंखला में इंग्लैंड को जीत का प्रबल दावेदार मानता हूं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान स्मिथ को लगता है कि इंग्लैंड परिस्थितियों से अच्छी तरह से अवगत है और ऐसे में जसप्रीत बुमराह पर अधिक बोझ पड़ेगा। स्मिथ ने कहा, ''इंग्लैंड अपने घरेलू मैदानों पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करता है। वे परिस्थितियों को समझते हैं और उसका सर्वश्रेष्ठ लाभ उठाते हैं। मुझे लगता है कि शुभमन और उनकी टीम के लिए यह एक चुनौती होगी, क्योंकि भारतीय टीम के पास अनुभव की कमी है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि बुमराह गेंदबाजी आक्रमण का बड़ा हिस्सा संभालेंगे। परिस्थितियां इंग्लैंड के अनुकूल हैं और इसलिए मुझे लगता है कि वह भारत से बेहतर प्रदर्शन करेगा।

## इंग्लैंड में सफल हो सकता है जायसवाल: रहाणे

**मुंबई।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे सीनियर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे का मानना है कि इंग्लैंड दौरे पर यशस्वी जायसवाल अच्छा प्रदर्शन करेंगे क्योंकि वह सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाने में सक्षम हैं। पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला शुक्रवार से हेडिंग्ले में शुरू होगी। रहाणे ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में कहा, ''व्यक्तिगत रूप से मैं यशस्वी जायसवाल को अच्छा प्रदर्शन करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि इंग्लैंड में पारी का आगाज करना वास्तव में महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, ''उसके पास अच्छा कौशल है। वह एक छोर पर विकेट बचाकर रख सकता है और जरूरत पड़ने पर आक्रामक बल्लेबाजी भी कर सकता है। इसलिए मैं इंग्लैंड में जायसवाल का प्रदर्शन देखने के लिए वाकई उत्सुक हूं।

अप्रैल में ऐसी खबरें आई थीं कि पिछले रणजी ट्रॉफी सत्र में जम्मू–कश्मीर से हार के बाद मुंबई के खिलाड़ियों जायसवाल और रहाणे के बीच मतभेद पैदा हो गए थे। रहाणे ने भारत की तरफ से अपना आखिरी मैच दो साल पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था, जबकि जायसवाल जुलाई 2023 में कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से टीम के पहली पसंद के सलामी बल्लेबाज रहे हैं। रहाणे ने इसके साथ ही कहा, ''मैं मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को भी अच्छा प्रदर्शन करते देखना चाहता हूं, क्योंकि सीनियर खिलाड़ी होने के कारण उन पर आक्रमण का नेतृत्व करने और टीम के लिए विकेट लेने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, ''हम सभी जानते हैं कि बुमराह कितने शानदार गेंदबाज हैं और उन्होंने विकेट लेने में महारत हासिल की है, लेकिन मैं उन्हें अतिरिक्त जिम्मेदारी लेते हुए और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से टीम को बाहर निकालने में मदद करते हुए देखना चाहूंगा, क्योंकि इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला जीतना हमेशा बहुत खास होता है।''


# ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 10:00 | नई दिल्ली | 03:20 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 06:00 | नई दिल्ली | 01:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 04:59 | जयनगर | 05:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 08:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:35 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत स्पेशल) | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 04092 | नई दिल्ली | 19:30 | हावड़ा जंक्शन | 21:40 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 19.07.2025 तक |
| 04091 | हावड़ा जंक्शन | 23:50 | नई दिल्ली | 01:00 | | गुरु, रवि | 20.07.2025 तक |
| 04216 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | साबरमती | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04215 | साबरमती | 08:50 | सुल्तानपुर जंक्शन | 11:00 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09639 | मदार जंक्शन | 04:30 | रोहतक जंक्शन | 12:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जंक्शन | 22:35 | | | 30.06.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 03.07.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं | 19:45 | | शनिवार | 21.06.25 से 05.07.25 |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 13:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 16:45 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 16:45 | वडोदरा जंक्शन | 12:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 6 दिन | शुक्र को छोड़कर | 03.08.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.08.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोम | 14.07.2025 तक |
| 07077 | चर्लापल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लापल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# सिवान जाने से पहले कुशीनगर एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं से मिले प्रधानमंत्री

एजेंसी



कुशीनगर, 20 जून (हि.स.)। बिहार प्रदेश के सिवान जिले में एक जनसभा में शामिल होने जा रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को कुशीनगर एयरपोर्ट पर 35 मिनट के लिए रुके। मोदी ने एयरपोर्ट पर भाजपा के पदाधिकारियों बातचीत की और उनका हालचाल लिया।

प्रधानमंत्री मोदी का विशेष विमान 11 बजकर 15 मिनट पर कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा। कुशीनगर एयरपोर्ट पर विमान से उतरने पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल, राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्यसभा सदस्य आरपीएन सिंह, सांसद विजय दुबे, विधायक पीएन पाठक ने प्रधानमंत्री की अगवानी की। आयुक्त अनिल ढींगरा, अपर पुलिस महानिदेशक के एस प्रताप कुमार, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर सहित अन्य लोगों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से कुशलक्षेम पूछा। वरिष्ठता क्रम में कतारबद्ध खड़े प्रधानमंत्री ने क्रम से सभी लोगों से क्रम से अभिवादन स्वीकार किया और उनका परिचय जाना। यहां लगभग 20 मिनट रुकने के बाद प्रधानमंत्री हेलीकाप्टर से बिहार के सिवान के लिए रवाना हुए थे। जनसभा के बाद मोदी दोपहर बाद दो बजकर 27 मिनट पर एयरपोर्ट पर फिर पहुंचे और 15 मिनट रुकने के बाद वह अपने विशेष विमान से गंतव्य के लिए रवाना हो गए। इस दौरान एयरपोर्ट और आसपास के इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे।

# दिल्ली स्कूल निर्माण घोटाला: एसीबी के समक्ष पेश हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया

एजेंसी

नई दिल्ली, 20 जून (हि.स.)। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेता मनीष सिसोदिया आज दिल्ली स्कूल कक्ष निर्माण घोटाले के सिलसिले में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के समक्ष पेश हुए। यह मामला दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षों के निर्माण में भारी अनियमितताओं और अत्यधिक लागत पर ठेके देने से जुड़ा है।

एसीबी के संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा ने बताया कि मनीष सिसोदिया आज सुबह 11 बजे एसीबी कार्यालय पहुंचे। उन्हें स्वतंत्र 'पंच' गवाह की उपस्थिति में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। पूछताछ के दौरान उनसे इस मामले से संबंधित विभिन्न तथ्यों और परिस्थितियों पर बयान दर्ज किए गए। सिसोदिया दोपहर 2:30 बजे एसीबी कार्यालय से बाहर निकले। अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच अभी जारी है और आगे की कार्रवाई साक्ष्यों के आधार पर तय की जाएगी।

एसीबी के समक्ष पेश होने से पहले सिसोदिया ने कहा था कि वे आज एसीबी के सामने सारी बातें रखेंगे। यह एक राजनीतिक द्वेष से प्रेरित मामला है। भाजपा सिर्फ फर्जी एफआईआर कराती है और मामला चलता रहता है। यह पूरी तरह झूठा मामला है। इससे कुछ नहीं निकलेगा।

# पेज एक का शेष

## कांग्रेस...

51 वीं बार बिहार पहुंच रहे हैं। एक बार फिर करोड़ों की सौगात देने जा रहे हैं। उनकी अगुवाई में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। जो विकास करेगा, जनता उसे ही जिताएगी। इसलिए सीवान न तो किसी का गढ़ है और न ही किसी का कोई समीकरण।

प्रधानमंत्री का हेलीपैड मंच के पीछे पश्चिम दिशा में सभा स्थल से लगभग 300-350 मीटर की दूरी पर बनाया गया है। जबकि मुख्यमंत्री का हेलीपैड मोदी के हेलीपैड से 400 मीटर उत्तर दिशा में होगा। हेलीपैड से मोदी खुली जीप में सभास्थल तक जाएंगे।

सभी सड़कों के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। बड़ी वाहनों के लिए पार्किंग सभास्थल से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर तीन तरफ तो वहीं वीआईपी वाहनों के लिए पार्किंग सभा स्थल से 600 मीटर की दूरी पर रखी गई है। कुल 20-25 जगहों पर पार्किंग स्थल तैयार किया गया है। सभास्थल के बाहर कई मेडिकल कैम्प की व्यवस्था भी की गई है। डॉक्टरो की टीम भी सभा स्थल पर मौजूद रहेगी। पूरे एरिया में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। एसपीजी के कमांडर एव सैकड़ों पुलिस बल तैनात रहेंगे।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में जनता के पहुंचने के लिए रूट चार्ट तैयार किया गया है। ट्रैफिक इन्चार्ज सीवान ने बताया कि जो गाड़ियां कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगी उनको 5 किलोमीटर पहले से ही रूट डायबर्ट कर दिया जाएगा। कार्यक्रम में सीवान, छपरा, गोपालगंज जिले के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। जसौली कार्यक्रम स्थल जाने के लिए दो दिन रास्तों का विकल्प प्रशासन ने रखा है। कार्यक्रम में शामिल होने वालों की कोरोना जांच की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के सीवान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की प्रगति और केंद्र सरकार की योजनाओं का लेखा-जोखा पेश करने के साथ ही विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार अब विकास की रफ्तार पकड़ चुका है और इसे बनाए रखने के लिए जनता को सतर्क रहना होगा।

प्रधानमंत्री ने पुराने दौर के ''जंगलराज'' की याद दिलाते हुए कहा, ''जो लोग कभी जंगलराज लाए थे, वे फिर से अपने पुराने कारनामों को दोहराने के लिए मौके की तलाश में हैं। वे बिहार के आर्थिक संसाधनों पर कब्जा जमाना चाहते हैं। इसके लिए हर संभव हथकंडे अपना रहे हैं।''

प्रधानमंत्री ने राजद और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए जनता से अपील की कि वे ऐसे तत्वों को पहचानें और उन्हें बिहार की समृद्धि की यात्रा में ब्रेक लगाने से रोकें। उन्होंने कहा, ''पंजा और लालटेन वालों ने मिलकर बिहार के गौरव को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने इतनी लूट-खसोट मचाई कि गरीबी बिहार की पहचान बन गई थी, लेकिन अब बिहार बदल रहा है और इसकी तस्वीर बदलने में एनडीए सरकार की बड़ी भूमिका है।''

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि वह हाल ही में विदेश यात्रा से लौटे हैं, जहां भारत की तेज़ प्रगति की वैश्विक स्तर पर सराहना की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है और इसमें बिहार की बड़ी भूमिका होगी।

इस दौरान उन्होंने सीवान से बिहार के लिए कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि बीते दस वर्षों में राज्य में 55 हजार किमी ग्रामीण सड़कों का निर्माण हुआ है, 1.5 करोड़ घरों को बिजली और पानी से जोड़ा गया है और 45 हजार से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर बनाए गए हैं।

मोदी ने कहा कि बीते एक दशक में देशभर में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को मात दी है, जिसमें बिहार की भूमिका अहम रही है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में जो विकास हुआ है, उसकी मिसाल आज देश ही नहीं, विश्व भी दे रहा है। प्रधानमंत्री ने बिहारवासियों को यह भरोसा दिलाया कि उनका प्रयास अभी थमा नहीं है। उन्होंने कहा, ह्लमैं चुप बैठने वालों में से नहीं हूं। बिहार के लिए और भी बहुत कुछ करना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के कई शहरों में 5,900 करोड़ रुपये की लागत से नमामि गंगे परियोजना के तहत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और जलापूर्ति प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की। सीवान की धरती से पीएम मोदी ने कुल 28 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

इन परियोजनाओं में जलापूर्ति और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट शामिल हैं। इनका उद्देश्य बिहार के लोगों को बेहतर सुविधाएं देना है। इन परियोजनाओं से बेगूसराय, छपरा, बक्सर, मोतिहारी, सासाराम, सीवान और आरा जैसे शहरों को फायदा होगा। साथ ही, बिहार के ग्रिड सब-स्टेशनों पर 500 मेगावाट क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली भी स्थापित की जाएगी।

बिहार को प्रधानमंत्री की सौगात-

1. एसटीपी और सीवरेज प्रोजेक्ट के शिलान्यास के जरिये प्रधानमंत्री मोदी ने बेगूसराय को दी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की सौगात दी है। इस परियोजना के पूरा होने पर आधुनिक तकनीकों से होगी गंदे पानी की रि-साइकिलिंग, बेगूसराय बनेगा साफ-सुथरा और स्वस्थ होगा।

2. सीवान को स्वच्छता और सुविधा का संबल देते हुए 480 करोड़ की लागत से बनने वाली सीवान सीवरेज नेटवर्क ट्रीटमेंट प्लांट तथा जलापूर्ति योजना की आधारशिला रखी। इससे सीवान को स्वच्छता के साथ ही जल संरक्षण और बेहतर नागरिक सुविधाएं मिलेंगी।

3. पूर्वी चंपारण के रक्सौल में नाली व्यवस्थापन व सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की पीएम मोदी द्वारा आधारशिला रखी गई। यह परियोजना शहर को स्वच्छ बनाएगी और गंदे पानी की समस्या का स्थायी समाधान प्रदान करेगी। पश्चिम चंपारण के लिए प्रधानमंत्री पीएम मोदी की सौगात विशेष है क्योंकि 69 करोड़ के बेतिया वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट की आधारशिला से क्षेत्र की विकास यात्रा में नया अध्याय लिखा गया है।

4. प्रधानमंत्री मोदी ने बक्सर के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं की नींव रखी। सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन प्रोजेक्ट और आईएंडडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, जिससे शहर का गंदा पानी साफ़ होगा, नालियों का उचित प्रबंधन होगा और बक्सरवासियों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा।

कौन-कौन रहे मौजूद-

इस मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह, केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित एनडीए के कई नेता उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री ...

पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता देने की घोषणा की गई है। 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' के आयोजन का जिम्मा पहले 6 राज्यों को मिल चुका था लेकिन इस बार केंद्र सरकार ने बिहार को यह जिम्मा दिया, जो गौरव की बात है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 22 नगर विकास की परियोजनाओं, 6 सड़क परियोजनाओं और एक रेल परियोजना का उद्घाटन और शिलान्यास किया जा रहा है जिसकी कुल लागत 5,918 हजार करोड़ रुपये है। दो ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जा रहा है और एक इंजन के निर्यात का शुभारंभ हो रहा है। कुल मिलाकर इन 32 योजनाओं से बिहार को काफी फायदा होने वाला है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर, 2005 को एनडीए की जो सरकारी बनी थी, उसमें जदयू के साथ भाजपा भी थी। हम लोग मिलकर बिहार का विकास कर रहे हैं। हम लोगों से पहले जो सरकार थी, उसने कोई काम नहीं किया था लेकिन वह आजकल अनाप-शनाप प्रचार-प्रसार कर रही है। पहले क्या हाल था, शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकल पाता था। उन लोगों के समय में राज्य की बहुत बुरी हालत थी। पहले की सरकार में महिलाओं के विकास के लिए कोई काम नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया गया। राज्य में बड़े पैमाने पर पुल-पुलियों का निर्माण हुआ। सात निश्चय के अंतर्गत हर घर बिजली, हर घर पानी और हर घर शौचालय के साथ ही टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम किया गया।

उन्होंने कहा कि युवक-युवतियों को सरकारी नौकरी और रोजगार दिया गया। हमने प्रगति यात्रा के दौरान सभी जगहों पर जाकर विकास कार्यों को देखा। इसके बाद 430 नयी योजनाओं के लिए पांच हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई। हर जिले में विकास का काम शुरू कर दिया गया है। सीवान, गोपालगंज और सारण जिले में भी कई विकास परियोजनाओं की स्वीकृति दी गई।

केंद्र की सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लिया है। हम इनसब कामों के लिए प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हैं और उनको धन्यवाद देते हैं।

राज्य सरकार तो विकास का काम कर ही रही है। साथ ही केंद्र सरकार ने जितना राज्यों के लिए विकास कार्य शुरू किया है, उससे बिहार बहुत आगे बढ़ेगा, अब कोई पीछे नहीं रहेगा। इसे आपलोग भूलिएगा नहीं।

## अंतरिक्ष...

सहयोग से वाणिज्यिक अंतरिक्ष यात्राओं को अंजाम देती है। इस मिशन की खास बात यह है कि इसमें भारत के युवा वैज्ञानिक शुभांशु शुक्ला भी अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले हैं, जिससे देश में खासा उत्साह है।

डॉ. सिंह ने कहा कि उन्हें जो जानकारी प्राप्त हुई है, उसके अनुसार मिशन को नई संभावित तिथि पर लॉन्च किया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देरी के पीछे कोई तकनीकी या सुरक्षा कारण हो सकता है, जिसकी आधिकारिक पुष्टि नासा द्वारा की जाएगी।

एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर कई वैज्ञानिक प्रयोग और अनुसंधान कार्य करेंगे। भारत के लिए यह मिशन इसलिए भी खास है क्योंकि यह निजी अंतरिक्ष उड़ानों में भारतीयों की भागीदारी को दर्शाता है और आने वाले समय में देश की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को गति देने में सहायक होगा। देशभर के वैज्ञानिक और अंतरिक्ष प्रेमी शुभांशु शुक्ला की इस उड़ान को लेकर उत्साहित हैं और अब सभी की नजरें नई लॉन्च तिथि पर टिकी हैं।

## पश्चिम ..

बोलेरो सवार लोग झारखंड के निमड़ी इलाके से पुरुलिया शादी समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे।मृतकों में बृहस्पति महत, गुरुपद महत, शंकर महत, विजय महत, अजय महत, कृष्णा महत, स्वपन महत शामिल हैं। ये सभी झारखंड के निमड़ी थाना अंतर्गत तिलैतन गांव के रहने वाले थे। इसके अलावा निमड़ी थानांतर्गत रघुनाथपुर गांव निवासी चंद्रमोहन महत और मुरू गांव निवासी चितरंजन महत की भी दुर्घटना में मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी 9 शवों को बरामद कर लिया गया है।दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है। दुर्घटना के बाद मौके से फरार हुए ट्रेलर चालक और उसके सहायक की तलाश की जा रही है।

## ईरान...

जब ईरान में क्रांति हुई थी, तब यहां सुप्रीम लीडर द्वारा शासन की व्यवस्था आ गई। किसी एक सर्वोच्च नेता के न होने पर भी ईरान में सरकार के माध्यम से शासन की व्यवस्था पहले से तय है। इसके अलावा देश में सुप्रीम लीडर के चुने जाने की प्रक्रिया भी पहले से ही चिह्नित है।

विशेषज्ञ सभा के उम्मीदवारों को चुनने वाली गार्डियन काउंसिल में 12 सदस्य होते हैं। इनमें छह इस्लामिक फकीह (इस्लामी कानून में विशेषज्ञ) और छह न्यायविद होते हैं। गार्डियन काउंसिल न सिर्फ ईरान में स्थानीय-राष्ट्रपति चुनाव लड़ने वालों को परखती है, बल्कि चुनाव कराने और संसद से पास कानूनों को वीटो करने का भी अधिकार रखती हैं।

ईरान इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश में अगले सर्वोच्च नेता के लिए मोजतबा खामनेई की दावेदारी सबसे मजबूत है। मोजतबा मौजूदा सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामनेई के दूसरे बेटे हैं और राजनीतिक तौर पर सबसे ज्यादा सक्रिय हैं। मोजतबा खामनेई का जन्म साल 1969 में ईरान के मशहद में हुआ था। ईरान की सरकार में मोजतबा खामेनेई का गहरा प्रभाव है और कहा जाता है कि ईरान की खुफिया और सशस्त्र सेनाओं में भी मोजतबा खामनेई के करीबी शामिल हैं।

मोजतबा ईरान-इराक में हुए युद्ध में भी भाग ले चुके हैं। उन्होंने धार्मिक शिक्षा हासिल की है और वे इस्लामिक मामलों के जानकार हैं, लेकिन उनकी गिनती शीर्ष स्तर के धर्मगुरुओं में नहीं होती है। मोजतबा साल 1990 से ईरान की राजनीति में पर्दे के पीछे से सक्रिय हैं। 2005 तक लोगों की नजर से दूर रहे मोजतबा की मोहम्मद अहमदिनेजाद को ईरान का राष्ट्रपति बनाने में अहम भूमिका रही थी। हालांकि, बाद में दोनों में विवाद हो गया और अहमदीनेजाद ने मोजतबा पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

ईरान के मीडिया पर भी मोजतबा की पकड़ है और उन्होंने साल 2014 में ईरान के सरकारी टीवी आईआरआईबी के निदेशक को नौकरी से निकाल दिया था। देश में जब साल 2009 में विरोध प्रदर्शन हुए थे तो उन्हें सख्ती से कुचलने के पीछे भी मोजतबा का ही दिमाग माना जाता है। उस दौरान कई लोग मारे गए थे। 2021 में मोजतबा को अयातुल्ला की पदवी दी गई। ईरान का सुप्रीम लीडर बनने के लिए यह पदवी होना सबसे अहम है। बीते कुछ दशकों में ईरान में उनकी राजनीतिक पहुंच बढ़ी है। कई जानकारों का मानना है कि ईरान की सेना-रेवोल्यूशनरी गार्ड्स और वहां धर्मगुरुओं के बीच अच्छी पैठ होने की वजह से मोजतबा अपने पिता की जगह लेने के लिए सबसे उपयुक्त दावेदार हैं।

2. अलीरेजा अराफी

सुप्रीम लीडर पद के दूसरे बड़े दावेदार अलीरेजा अराफी हैं। अराफी लंबे समय से अयातुल्ला खामनेई के करीबी रहे हैं। वे खुद सर्वोच्च नेता चुनने वाली विशेषज्ञ सभा का हिस्सा रहे हैं। वे उम्मीदवारों की छंटनी करने वाली गार्डियन काउंसिल में भी उन्होंने लंबे समय तक सेवाएं दे चुके हैं। बताया जाता है कि अराफी तकनीकी तौर पर भी काफी आगे हैं और धर्मगुरुओं से नई तकनीक को अपनाने की वकालत करते रहे हैं।

अराफी का तर्क है कि इसके जरिए ही धार्मिक संस्थानों को सदियों पुराने अलग-थलग हो चुके रिवाजों से बाहर निकाला जा सकेगा। हालांकि, वे खामनेई की इस्लामिक विचारधारा के पैरोकार रहे हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर खामनेई जहां काले रंग का साफा सिर पर बांधते हैं वहीं, अराफी सफ़ेद साफा बांधते हैं। माना जाता है कि काला साफा मुख्यतः सैयद पहनते हैं, जो कि खुद को पैगंबर मोहम्मद और शियाओं के पहले इमाम- इमाम अली का वंशज मानते हैं। ऐसे में अराफी के सुप्रीम लीडर बनने की राह में यह एक बड़ा अवरोध है।

हालांकि, एक गौर करने वाली बात यह भी है कि 1989 में जब ईरान के पहले सुप्रीम लीडर अयातुल्ला रुहोल्ला खोमैनी बीमार थे, तब उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के तौर पर पहले हुसैन अली मोंताजरी को नियुक्त किया था। मोंताजरी भी सफ़ेद साफा पहनने वाले धर्मगुरु थे।

3. अली असगर हेजाजी

अली असगर हेजाजी इस वक्त अयातुल्ला अली खामनेई के अंतर्गत राजनीतिक सुरक्षा मामलों के मंत्रालय को संभाल रहे हैं। उनके पास ईरानी खुफिया विभाग की जिम्मेदारी है। उनके आईआरजीसी और शीर्ष धर्मगुरुओं के साथ अच्छे संबंध हैं। हेजाजी अक्सर ईरान के रक्षा और कूटनीतिक मामलों पर फैसले में शामिल होते हैं। हालांकि, उन्हें अब तक अयातुल्ला की पदवी नहीं मिली है, जो कि सुप्रीम लीडर बनने के लिए अनिवार्य है।

4. हासिम हुसैनी बुशहरी

ईरान में हासिम अली बुशहरी को भी सुप्रीम लीडर पद का अहम दावेदार माना जा रहा है। बुशहरी ईरान में प्रमुख धर्मगुरु के साथ-साथ कई और भूमिकाओं में रह चुके हैं। इनमें विशेषज्ञ सभा के पहले उप-प्रधान के अलावा धार्मिक मामलों से जुड़ी कई समितियों और प्रार्थना सभाओं की जिम्मेदारियां शामिल हैं। बुशहरी के सुप्रीम लीडर खामनेई से भी अच्छे संबंध हैं, जो कि सर्वोच्च पद के लिए उन्हें अहम दावेदार बनाती है।

5. अली अकबर वेलायती

ईरान में कभी विदेश मंत्री की भूमिका निभाग चुके अली अकबर विदेश मामलों में खामनेई के करीबी सलाहकार हैं। वे लंबे समय तक राजनयिक की भूमिका में भी रह चुके हैं और परमाणु समझौते के लिए बातचीत में भी शामिल रहे हैं। वे ईरानी नेतृत्व के काफी करीबी नेताओं में गिने जाते हैं।

## हिंदी...

पार्टी और किसान मजदूर पार्टी एक साथ बैठेंगे। हम इस पर चर्चा करेंगे और सोचेंगे कि क्या हम एक साथ चुनाव का सामना कर सकते हैं। फिर हम एक संयुक्त निर्णय लेंगे। मुंबई में उद्धव ठाकरे की ताकत हमारे बीच सबसे ज्यादा है। उन्हें वहां पर विचार करना होगा।

## राष्ट्रपति...

दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान की समावेशी शिक्षा प्रणाली और नवीनतम तकनीकी संसाधनों के माध्यम से छात्रों के सर्वांगीण विकास पर किए जा रहे कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाज को जीवन के हर क्षेत्र में दिव्यांग व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयास करने चाहिए।

इस दौरान राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के छात्रों से बातचीत की और मॉडल स्कूल विज्ञान प्रयोगशाला और कंप्यूटर प्रयोगशाला के साथ-साथ एक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

राष्ट्रपति निकेतन और तपोवन का उद्घाटनःइससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति निकेतन, राष्ट्रपति तपोवन, कैफ़ेटेरिया, स्मारिका दुकान और आगंतुक सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया।उन्होंने राष्ट्रपति निकेतन में राष्ट्रपति उद्यान की आधारशिला रखीं। उद्घाटन कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट (से.नि.) गुरमीत सिंह व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहें।

जैव विविधता आधारित पुस्तक का विमोचनःउद्घाटन कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति निकेतन, राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति उद्यान की जैव विविधता आधारित पुस्तक का भी विमोचन किया। इस पुस्तक में राष्ट्रपति निकेतन, तपोवन और उद्यान की 300 से अधिक वनस्पतियों और 170 से अधिक जीवों की प्रजातियों का विवरण है, जिनमें तितलियां, पक्षी और स्तनधारी शामिल हैं।

राष्ट्रपति उद्यान की प्रमुख विशेषताएं :132 एकड़ में फैले राष्ट्रपति उद्यान को सार्वजनिक पार्क, सुगमता और पारिस्थितिकी जिम्मेदारी का एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। पार्क दिव्यांगजनों के लिए पूरी तरह से सुलभ होगा। इसका उद्देश्य नागरिकों के बीच स्वास्थ्य, संस्कृति और नागरिक गौरव को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक सहभागिता केंद्र बनाना है।

आम नागरिकों के लिए दर्शन तिथिःदेशी वनस्पतियों से समृद्ध एक घना जंगल, तपोवन में 117 पौधों की प्रजातियाँ, 52 तितलियाँ, 41 पक्षी प्रजातियाँ और 7 जंगली स्तनधारी हैं, जिनमें कुछ संरक्षित प्रजातियाँ भी शामिल हैं। इस क्षेत्र में प्राकृतिक बांस के बाग और अछूते वुडलैंड पारिस्थितिकी तंत्र हैं। राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति निकेतन 24 जून और 1 जुलाई को आम जनता के लिए खुले रहेंगे। राष्ट्रपति निकेतन की स्थापना 1976 में राष्ट्रपति निवास के रूप में की गई थी। इसकी समृद्ध विरासत 1838 से चली आ रही है, जब यह एस्टेट गवर्नर जनरल के अंगरक्षक के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर के रूप में इस्तेमाल होती थी। यह 21 एकड़ में फैला हुआ है और इसमें लिली तालाब, ऐतिहासिक इमारतें, बाग और अस्तबल शामिल हैं। देहरादून में राजपुर रोड पर स्थित राष्ट्रपति तपोवन, हिमालय की तलहटी में बसा 19 एकड़ का राष्ट्रपति भवन है, जो आध्यात्मिक विश्राम और पारिस्थितिकी संरक्षण पर जोर देता है।

उत्तराखंड ...

बनाते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रपति को ष्एक भारत.श्रेष्ठ भारतष काफी टेबल बुक भी भेंट की। यह कॉफी टेबल बुक राजभवन में मनाए जाने वाले प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य स्थापना दिवस पर आधारित है।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियालए राज्यपाल के सचिव रविनाथ रामनए चीफ पोस्टमास्टर जनरलए उत्तराखंडए शशि शालिनी भी उपस्थित रहीं।

## डी कम्पनी...

आवागमन होता है। मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेस-वे बन कर तैयार हो रहा है। 6 एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर को इतना मजबूत कर देंगे कि प्रदेश को समृद्ध होने से कोई रोक नहीं सकेगा।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 के पहले पता ही नहीं चलता था कि गड्ढे में सड़क है या सड़क में गड्ढे। आज इन्हीं एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक क्लस्टर बनाये जा रहे हैं। उद्योग यहीं लगेंगे, युवाओं को रोजगार यहीं मिलेगा। जाति के नाम पर बांटने वाले लोग जब सत्ता में थे तो ये अपने परिवार की बात करते थे। आज 60 हजार सिपाही भर्ती में इसी आजमगढ़ के युवा भर्ती हुए हैं। किसी का जाति मत मजहब नहीं पूछा गया। कोई सिफारिश नही हुई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले यही भर्ती होती तो चाचा भतीजा झोला लेकर निकल पड़ते थे। यही है सबका साथ सबका विकास? उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने विरासत और विकास का समन्वय स्थापित किया है। महाकुंभ, काशी विश्वनाथ धाम, चित्रकूट धाम, विंध्यवासिनी धाम, सबका विकास भी हुआ। अब मथुरा के विकास की बारी है। आज आजमगढ़ की साड़ियां देश दुनिया में पहचान बना रही हैं। निरहुआ के सांसद बनने के बाद हरिहरपुर गांव के संगीत की प्रतिभा को भी सम्मान दिया गया।

## इंफ्रास्ट्रक्चर...

की योजनाओं का लाभ पात्रों को नहीं मिलता था। परम्परागत उद्यम बंदी के कगार पर थे। एक जिला एक माफिया पिछली सरकारों की देन थी। तब विकास की योजनाओं में बंदरबांट और माफिया का वर्चस्व था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 2017 के बाद का उत्तर प्रदेश माफियामुक्त, गुंडामुक्त और दंगामुक्त राज्य बन चुका है। अब यह देश में पर्यटन और निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन बन गया है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले यूपी में यह पता ही नहीं चलता था कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क, पर अब यह प्रदेश एक्सप्रेस वे के नए संजाल से अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में युवाओं के सामने अब पहचान का संकट नहीं है। पांच दिन पूर्व गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में 60 हजार से अधिक युवाओं को पुलिस में नियुक्ति का पत्र दिया गया। इसमें 12045 बेटियों की भर्ती हुई है। आजादी के बाद 2017 तक यूपी पुलिस में सिर्फ दस हजार महिलाओं की भर्ती हुई थी, अब यह संख्या 40 हजार से अधिक हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा अब प्रदेश में सरकारी नियुक्तियों पर प्रश्न नहीं होते। अब जाति, क्षेत्र का भेद नहीं होता बल्कि भर्तियां मेरिट के आधार पर और आरक्षण के नियमों के अनुरूप होती हैं। उत्तर प्रदेश अब युवा ऊर्जा को सकारात्मक ऊर्जा में बदलने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। उन्होंने बिना दो नेताओं का नाम लिए कहा कि पुलिस सहित सरकारी भर्तियां 2017 के पूर्व में होती तो चाचा-भतीजा की जोड़ी वसूली पर निकल गई होती। उन्होंने गृह मंत्री के उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि यूपी में अब पर्ची-खर्ची के बिना पारदर्शी तरीके से भर्ती होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आठ साल में अकेले यूपी पुलिस में 2.16 लाख भर्ती हुई है जबकि कुल साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी भर्तियां हुई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा के बेहतर माहौल में अर्थव्यवस्था आगे बढ़ती है और निवेश आता है। यूपी में पिछले आठ सालों से यही हो रहा है। इस दौरान प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए और उनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव को धरातल पर उतारा जा चुका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी में नम्बर एक है। यूपी एक्सप्रेस वे के मामले में तो नम्बर एक है ही, सबसे लंबा रेल नेटवर्क भी यहीं है। यही नहीं, 2017 के पहले दो एयरपोर्ट वाले इस राज्य में आज 16 एयरपोर्ट हैं। चार इंटरनेशनल एयरपोर्ट आपरेशनल हैं और देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट नोएडा के जेवर में बन रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर सफर आरामदायक है और इस पर समय की भी बचत होगी। गोरखपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे होते हुए लखनऊ जाने में सिर्फ तीन घंटे लगेंगे। उन्होंने कहा कि यह लिंक एक्सप्रेस वे विकास की गति को भी बढ़ाने वाला है। एक्सप्रेस वे के संजाल से उद्योग लगेंगे और युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्या कोई सोचता था कि बेलघाट, खजनी, सिकरीगंज जैसे क्षेत्र एक्सप्रेस वे से जुड़ पाएंगे। पर, आज यह सोच साकार हुई है। 100 वर्ष पूर्व गोरखपुर के दक्षिणांचल से पलायन हुआ था अब वहां उद्योगों में नौकरी व रोजगार का सृजन होगा। इसके लिए निवेश प्रस्ताव अभी से मिलने लगे हैं।

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण समारोह के मंच से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि गोरखपुर के भटहट में बने राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय का उद्घाटन 30 जून को राष्ट्रपति के हाथों होगा।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल भगवानपुर टोल प्लाजा पर यूपीडा द्वारा लगाई गई फोटो गैलरी का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने पैकेज-1 में काम करने वाली फर्म एपको इंफ्राटेक के निर्माण कार्मिकों के साथ फोटो खिंचाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

टोल प्लाजा के समीप सीएम ने लगाया हरिशंकरी का पौधा

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे के लोकार्पण समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवानपुर टोल प्लाजा के समीप हरिशंकरी (पीपल, बरगद, पाकड़) का रोपण किया।

## गरीबों ...

आया है। गृह मंत्री ने कहा कि देश में मेडिकल शिक्षा का तेजी से विस्तार हो रहा है। देशभर में अब 780 मेडिकल कॉलेज हैं, जिनमें 1.80 लाख एमबीबीएस सीटें और 74 हजार पीजी सीटें उपलब्ध हैं। हर साल 1 लाख से ज्यादा एमबीबीएस डॉक्टर और 70 हजार डबल डिग्री वाले डॉक्टर निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी को 26 साल पहले गरीबों के स्वास्थ्य खर्च की चिंता थी,प्रधानमंत्री का लक्ष्य सिर्फ स्वास्थ्य सेवाएं ही नहीं, बल्कि शिक्षा और सेवा क्षेत्र में राष्ट्र की निरंतर प्रगति भी है।

उद्घाटन समारोह में रेलवे और जल शक्ति मंत्रालय के राज?य मंत्री वी सोमन?ना, चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. शरणप्रकाश पाटिल और कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर.अशोक के अलावा चिक्काबल्लापुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ. के. सुधाकर, विधायक एस.आर. विश्वनाथ और एन. श्रीनिवासैया एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस मौके पर मौजूद रहे।

# राजभवन में मनाया गया पश्चिम बंगाल का स्थापना दिवस

**बंगाल की भूमि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के जन जागरण की प्रेरणा रही है: राज्यपाल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। राजभवन में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर राज्यपाल ने उपस्थित सभी बंगाल के निवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि बंगाल की भूमि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के जन जागरण की प्रेरणा रही है।

इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) सहित उत्तराखंड में निवास कर रहे पश्चिम बंगाल के लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के लोगों की ओर से अपनी समृद्ध संस्कृति पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर राज्यपाल ने बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला, नृत्य और साहित्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रदेश गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और स्वामी विवेकानंद जैसी महान विभूतियों की जन्मस्थली रही है, जिन्होंने भारत को वैश्विक पटल पर गौरवान्वित किया। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल हमें एक-दूसरे की संस्कृति, भाषा और परंपराओं को जानने का अवसर देते हैं, बल्कि भारत की 'अनेकता में एकता' की भावना को भी प्रबल करते हैं। उन्होंने इस नई परंपरा को देश की एकता और अखंडता के लिए एक अनूठा प्रयास बताया। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन में मनाए जाने वाले विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य स्थापना दिवस पर आधारित कॉफी टेबल बुक''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' का विमोचन किया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस.भदौरिया, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ.नितिन उपाध्याय, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, दुर्गाबाड़ी देहरादून के सचिव दिलीप चक्रवर्ती एवं डॉ. एस. महांती सहित पश्चिम बंगाल के निवासी हिमांग्शु चक्रवर्ती, विश्वनाथ गंगोपाध्याय, अपराजिता दत्ता आदि उपस्थित रहे।

# देश ने पिछले 11 वर्षों में मजबूत और सशक्त राष्ट्र का स्वरूप लिया : प्रवेश साहिब सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुक्रवार को भाजपा-नीत राजग सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को समर्पित प्रदर्शनी का दौरा किया। प्रदर्शनी का आयोजन भारतीय जनता पार्टी की नई दिल्ली जिला इकाई ने किया है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने एक्स पोस्ट में कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने एक नए आत्मविश्वास, नए दृष्टिकोण और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते हुए एक मजबूत और सशक्त राष्ट्र का स्वरूप लिया है। मोदी सरकार में गरीबों को छत मिली, महिलाओं को सम्मान, किसानों को मजबूती और युवाओं को नए अवसर प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी केवल मोदी सरकार की उपलब्धियों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और बदलाव की कहानी को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है। प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार ने भी 100 दिन पूरे कर लिए हैं और हम दिल्ली की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए तेज गति से काम कर रहे हैं।

# दिनदहाड़े 25 लाख की लूट का मामला सुलझा, दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिले के केशवपुरम थाना पुलिस ने दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से 9 लाख नकद, एक देसी कट्टा व जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन, हेलमेट, एक चोरी की स्कूटी (फर्जी नंबर प्लेट के साथ) और एक कार बरामद की गई है। उत्तर-पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान योगेश कुमार उर्फ कालू (33) और मुकेश कुमार उर्फ शनि (40) के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, दोनों आदतन अपराधी हैं और कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। खास बात यह है कि मुकेश थाना आदर्श नगर का घोषित बदमाश (बीसी) है। डीसीपी के अनुसार पांच जून को शिकायतकर्ता पश्चिम विहार निवासी सुनील कुमार (62) ने पुलिस को बताया कि वह अपनी कार से 25 लाख नकद और जरूरी दस्तावेज लेकर निकले थे। शिवाजी एन्क्लेव से अपने स्टाफ मुकेश को लेने के बाद वे चांदनी चौक के लिए रवाना हुए। रास्ते में कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन के पास ऑटो में बैठकर आगे बढ़े। तभी इंदरलोक सिग्नल के पास एक अज्ञात व्यक्ति ऑटो में चढ़ा, कट्टा दिखाकर बैग लूटा और अपने साथी की स्कूटी पर बैठकर फरार हो गया। पहले शिकायतकर्ता ने लूट की रकम पांच लाख बताई थी, लेकिन बाद में मानसिक तनाव के चलते गलती स्वीकार करते हुए बताया कि असल रकम 25 लाख थे। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और गुप्त सूत्रों की मदद से दोनों आरोपितों की पहचान कर ली।

# झुग्गी-बस्तियों के पुनर्विकास के लिए धारावी मॉडल का अध्ययन कर रही सरकार : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार शहर में झुग्गी बस्तियों के पुनर्विकास के लिए मुंबई के धारावी मॉडल का अध्ययन कर रही है। उन्होंने कहा कि यहां की 675 झुग्गी-बस्तियों के पुनर्विकास की व्यवस्था करेंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन लोगों को मकान मिल चुके हैं, उन्हें झुग्गियां छोड़नी पड़ेंगी। रेल लाइन पर झुग्गियां बनाने वालों के लिए सरकार कुछ नहीं कर सकती है। यह बातें मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को शालीमार बाग विधानसभा के कस्तूरबा पॉलिटेक्निक के निर्माण कार्य का उद्घाटन के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री ने आज पीतमपुरा से लेकर आंबेडकर नगर के रैन बसेरा तक चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण और कई नई परियोजनाओं का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट पर कहा कि जो समस्याएं वर्षों से समाधान की राह देख रही थीं, उन समस्याओं को समाधान की दिशा में आज कदम उठाया गया है। क्षेत्र में 17 लाख एवं 27 लाख की लागत से दो नए पंप हाउस का लोकार्पण किया गया, जो जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान देंगे। साथ ही हैदरपुर गांव में नए नाले, सीवर और सड़कों का कार्य तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि दिल्ली में विकास का अर्थ सिर्फ योजनाएं नहीं, बल्कि हर गली, हर कॉलोनी और हर नागरिक के जीवन में सहूलियत और समृद्धि लाना है। दिल्ली को सुंदर, व्यवस्थित एवं सुविधासम्पन्न बनाना है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आज शालीमार बाग में आत्मयोग संस्थान द्वारा आयोजित योग, ध्यान एवं चिकित्सा शिविर में सहभागी हुईं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि योग भारत की अद्वितीय सांस्कृतिक धरोहर है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को स्थिरता और आत्मा को चेतना प्रदान करता है। यह अनुशासन, संतुलन और आत्मसंवाद का अमूल्य माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली के 11 प्रतिष्ठित स्थलों पर वे, दिल्ली सरकार के मंत्री और दिल्ली के सांसद, आम नागरिकों के साथ मिलकर योग साधना करेंगे। उन्होंने सभी से आग्रह है कि अधिकतम संख्या में इस अभियान से जुड़ें और 'एक भारत, स्वस्थ भारत' के संकल्प को जन-जन का उत्सव बनाएं।

## नशे के विरोध में जागरूकता बढ़ाने के लिए साइक्लोथॉन आयोजित

फगवाड़ा। पंजाब में कपूरथला जिले की पुलिस ने शुक्रवार को 'स्वास्थ्य और विरासत' थीम के तहत बड़े पैमाने पर साइक्लोथॉन का आयोजन किया, जिसमें साइकिलिंग क्लबों और स्थानीय समुदाय के सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना और एक स्वस्थ, नशा-मुक्त जीवन शैली को प्रोत्साहित करना था। साइक्लोथॉन को जिला उपायुक्त अमित कुमार पंचाल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गौरव तूरा ने गुरु नानक स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समापन समारोह के लिए स्टेडियम में लौटने से पहले इस मार्ग ने सैनिक स्कूल, जगतजीत क्लब, दरबार हॉल, शहीद भगत सिंह चौक, मौरिश मस्जिद और राज्य गुरुद्वारा सहित शहर के प्रमुख स्थलों को कवर किया।

## युवा जदयू के प्रदेश महासचिव अरवाज रजा बने मधेपुरा जिले के युवा समन्वयक

अररिया। युवा जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश महासचिव अरबाज रजा को मधेपुरा जिले का समन्वयक बनाया गया है। यह दायित्व उन्हें संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, युवाओं को पार्टी से जोड़ने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को देखते हुए सौंपा गया है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि अरबाज रजा की सक्रियता, सांगठनिक पकड़ और युवाओं के बीच लोकप्रियता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी को विश्वास है कि उनकी नियुक्ति से मधेपुरा जिले में युवा जदयू का संगठन और भी मजबूत होगा। नवनियुक्त जिला समन्वयक अरबाज रजा ने प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खड़ा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और मधेपुरा जिले को युवा राजनीति का मजबूत गढ़ बनाने में सकारात्मक भूमिका का निर्वहन करेंगे।

# सरायगढ़-देवघर श्रावणी स्पेशल को फारबिसगंज तक विस्तारित करने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। सावन-भादो महीने में सीमांचल सहित पूर्वी नेपाल के हजारों कांवरिया बाबा भोलेनाथ को जल अर्पण करने के लिए सुल्तानगंज- देवघर जाते हैं। परंतु इस क्षेत्र से वहां के लिए कोई सीधी रेल सेवा नहीं होने के कारण इन श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और विकल्प के रूप में उन्हे कष्टप्रद सड़क मार्ग से यात्रा करनी पड़ती है। इस संदर्भ में पूर्व मध्य रेलवे की रेल परामर्शदात्री समिति के सदस्य विनोद सरावगी ने सरायगढ़ से देवघर के बीच प्रस्तावित श्रावणी स्पेशल को राघोपुर- ललितग्राम बाईपास- नरपतगंज होते हुए फारबिसगंज अथवा जोगबनी तक विस्तारित किए जाने के लिए ईसी रेलवे के महाप्रबंधक एवं मुख्य परिचालन प्रबंधक को पत्र भेजा है। इस संदर्भ में एन एफ रेलवे कटिहार डिवीजन के डीआरयूसीसी सदस्य सह बिहार डेली पैसेंजर्स एसोसिएशन की केंद्रीय समिति के सदस्य बच्छराज राखेचा ने भी जोगबनी से फारबिसगंज-अररिया- पूर्णिया-कटिहार- खगड़िया गंगा रेल पुल होते हुए मुंगेर- जमालपुर- सुल्तानगंज-भागलपुर-बांका होते हुए देवघर तक श्रावणी स्पेशल ट्रेन को आगामी 8 जुलाई से 10 सितंबर दो महीनो के लिए इन श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए त्रिसाप्ताहिक ट्रेन चलाई जाने की मांग की है। इस संदर्भ में फारबिसगंज सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष मांगीलाल गोलछा, रेलवे कम्यूटर्स फोरम के सदस्य राकेश रौशन तथा रेल पैसेंजर्स एक्टिविस्ट चंदन भगत आदि ने भी कहा है कि सावन भादो के महीने में जब देश के विभिन्न हिस्सों से देवघर के लिए श्रावणी स्पेशल ट्रेन चलाई जाती है तो ऐसे में जोगबनी से श्रावणी स्पेशल ट्रेन का नहीं चलाया जाना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इस ट्रेन के परिचालन हेतु सांसद प्रदीप कुमार सिंह से भी पहल करने का अनुरोध किया है।

## पूर्व न्यायाधीश जयराम प्रसाद बने पूर्वी चंपारण उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। जिला उपभोक्ता आयोग के प्रभारी अध्यक्ष के रूप में शुक्रवार को पूर्व न्यायाधीश जयराम प्रसाद ने अपना पदभार ग्रहण कर कार्यभार संभाल लिया। वे वर्तमान में सिवान जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हैं तथा बेतिया पश्चिमी चंपारण जिला उपभोक्ता आयोग के प्रभारी अध्यक्ष भी हैं। पूर्व अध्यक्ष न्यायाधीश गिरीश मिश्रा का कार्यकाल समाप्त हो जाने के कारण कई माह से उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष का पद खाली चल रहा था तथा वादों के निष्पादन में देरी हो रही थी। उनके पदस्थापना से उपभोक्ता मामले के वादों के निष्पादन में तेजी आएगी। आयोग के सदस्य संजीव कुमार, कार्यालय कर्मी सुशील कुमार, पप्पू प्रसाद, संजीव कुमार आदि ने नव पदस्थापित अध्यक्ष को बुके देकर स्वागत किए। न्यायाधीश जयराम प्रसाद बेतिया अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पद से सेवानिवृत हुए हैं। उनके जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष बनने पर जिला विधिज्ञ संघ के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं में आपार हर्ष है। संघ के महासचिव राजीव कुमार द्विवेदी उर्फ पप्पू दूबे ने कहा कि वर्तमान परिवेश में उपभोक्ताओं के लिए जिला उपभोक्ता आयोग मील का पत्थर है। उनके अध्यक्ष बनने पर अधिवक्ता ब्रजनंदन प्रसाद, अमरनाथ प्रसाद,दिनेश्वर प्रसाद, धनंजय कुमार, मनोज तिवारी, आनंद बिहारी, प्रणव प्रियदर्शी, फरहद प्रवीण, उमेश कुमार, राजीव कुमार, एस एन तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# मक्का लदे ट्रैक्टर लूटकांड का खुलासा, ट्रैक्टर बरामदगी के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। जिला के महलगांव थाना क्षेत्र के मटियारी पुल के पास तीन दिन पहले अगले सुबह एक मक्का लदे ट्रैक्टर को अज्ञात अपराधियों द्वारा पिस्टल का भय दिखाकर लूट लेने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लूटी हुई ट्रैक्टर और घटना में प्रयुक्त काले रंग के पल्सर बाइक और दो मोबाइल के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है।जानकारी शुक्रवार को एसपी अंजनी कुमार ने दी। अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी ने कहा कि 17 जून की सुबह महलगांव थाना क्षेत्र के फुलपुर वार्ड संख्या 16 के रहने वाले लतीफ आलम पदमपुर से स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर निबंधन संख्या बीआर 11 जीएफ/0177 से मक्का लोडकर गुलाबबाग पूर्णिया जा रहा था कि मटियारी पुल के पास एक काले रंग के बाइक के साथ पहले से घात लगाए चार अज्ञात बदमाशों ने मक्का लदे ट्रैक्टर को लूट लिया था।बदमाशों ने पिस्टल का भय दिखाकर लूटकांड को अंजाम दिया था।घटना के बाद सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में महलगांव थाना और तकनीकी शाखा के साथ मिलाकर एक छापेमारी टीम का गठन किया गया था।सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी अनुसंधान का सहारा लेते हुए पुलिस ने संदिग्धों की पहचान करते हुए महलगांव थाना क्षेत्र के बाघनगर के अभिषेक कुमार मंडल पिता ब्रजकिशोर मंडल को गिरफ्तार किया। जिन्होंने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए उसके निशानदेही पर बाघनगर के ही सन्नी कुमार पिता रॉबिन मंडल को गिरफ्तार किया गया और लूटी हुई ट्रैक्टर,घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल और दो मोबाइल बरामद किया।एसपी ने मक्के की बरामदगी और अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने की बात कही। छापेमारी दल में महलगांव थानाध्यक्ष राकेश कुमार,आरक्षी निरीक्षक धनोज गुप्ता,विजय कुमार सिंह,एएसआई धीरज कुमार,सिपाही धनंजय कुमार शामिल थे।

## ऑपरेशन सील के तहत पंजाब, हिमाचल पुलिस ने संयुक्त रूप से अंतरराज्यीय पुलिस नाकों की जांच की

रूपनगर। पंजाब में रूपनगर पुलिस द्वारा 'नशे के विरुद्ध युद्ध' अभियान के तहत बड़े पैमाने पर नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पंजाब और हिमाचल प्रदेश पुलिस के संयुक्त अंतरराज्यीय नाके पर ऑपरेशन सील के तहत की जा रही वाहनों की जांच का निरीक्षण करते हुए रूपनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गुलनीत सिंह खुराना ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने नशे के आदी लोगों को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से पिछले तीन महीनों में एनडीपीएस 64 ए के आदेशों के तहत कुल 118 व्यक्तियों को इलाज के लिए सरकारी नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रूपनगर जिले में 'नशे के खिलाफ युद्ध' अभियान का प्रदर्शन बहुत सफल रहा है, इस अभियान के तहत एक मार्च से अब तक रूपनगर जिले में एनडीपीएस एक्ट के तहत 220 मामले दर्ज किये गये हैं और 346 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये 346 तस्करों से 285 किलोग्राम चूरा पोस्त, 877 ग्राम अफीम, 566 ग्राम चरस, 15 हजार 275 नशीली गोलियां और कैप्सूल, 352 इंजेक्शन, 862 ग्राम हेरोइन, तीन किलो 228 ग्राम नशीला पाउडर, 430 ग्राम गांजा और दो लाख 56 हजार 835 रुपये ड्रग मनी बरामद की गयी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063